स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शनिवार
25 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 333 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

बिश्नोई ने अपने 'रन-अप' में किया बदलाव : सुनील जोशी



# पेपर लीक संशोधन बिल को कैबिनेट की मंजूरी

## 10 साल की जेल और भारी जुर्माना! जल्द संसद में पेश होगा बिल

**नई दिल्ली।** पेपर लीक संशोधन बिल को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। शुक्रवार को संसद में पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। बिल को 27 जुलाई को संसद में पेश किया जा सकता है। मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो

- 27 जुलाई को संसद में पेश हो सकता है
- मोदी का आधी रात मैसेज- सख्त कानून लाएंगे

संदेश जारी किया था। उन्होंने कहा था कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून बनाएगी। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े मामलों की जल्द सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का प्रावधान किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित बदलाव में दोषियों की जेल की सजा भी बढ़ाई जा सकती है। अभी अधिकतम 10 साल की सजा का प्रावधान है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर 2.56 मिनट का एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया। कहा-पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक से अब तक, पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं। हमारी जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक सरकार का मुख्य ध्यान यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि छात्रों का एक साल खराब न हो। इसके लिए सरकार ने पूरी ताकत लगाकर 22 लाख छात्रों की परीक्षा दोबारा कराने का फैसला किया और इसके नतीजे भी जारी कर दिए गए। प्रधानमंत्री का यह वीडियो संदेश उस समय आया, जब सरकार ने नीट पेपर लीक को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शिक्षा सचिव को बदल दिया था। उन्होंने यह भी कहा- हम इतने से संतोष करने वाले नहीं हैं। इसलिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है। पीएम मोदी ने गुरुवार को ही पेपर लीक केस के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने की बात कही थी। दरअसल, यह पूरा मामला 3 मई को हुए नीट यूजी पेपर लीक से जुड़ा है। इसी नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। सोनम वांगचुक ने 26 दिन अनशन किया और संसद में सांसद हंगामा कर रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच सीबीआईकर रही है। इसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों में पड़ताल हुई। अब तक 13 आरोपी पकड़े गए हैं। सीबीआई जल्द ही इस चार्जशीट फाइल कर सकती है।

### विधेयक के ये हैं प्रावधान

पेपर लीक रोकने के लिए बनाए गए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में यूपीएससी, एसएससी और एनटीए जैसी सरकारी परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और संगठित गड़बड़ी रोकने का प्रावधान है। इस कानून में दोषियों के लिए 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। नया विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार देर रात की घोषणा के अनुरूप है।




# नीट पेपर लीक के बाद सुधारों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक के बाद सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को परीक्षा सुधारों को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक

- केंद्र से इस दिशा में हुई प्रगति पर मांगा जवाब

अराधे की पीठ ने कहा कि हलफनामे में यह बताया जाना चाहिए कि सुधारों को स्थायी व्यवस्था के रूप में लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। केवल अस्थायी उपायों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता।

कोर्ट ने प्रस्तावित संचालन बोर्ड, विशेषज्ञों की अगुवाई वाली इकाइयों, संबंधित पक्षों के नामांकन और उच्च स्तरीय समिति की 10 क्षेत्रों में दी गई सिफारिशों को लागू करने की जानकारी मांगी है। इन क्षेत्रों में डिजिटल ढांचा, सुरक्षा, शोध और विकास, पारदर्शिता, प्रशासन और मानव संसाधन जैसे विषय शामिल हैं। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से यह भी बताने को कहा कि सुरक्षा, निगरानी



और सतर्कता के लिए नियुक्त किए गए नए अतिरिक्त महानिदेशकों की क्या भूमिका है और इस दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है। पीठ ने परीक्षा प्रक्रिया के हर चरण में किए जा रहे सुधारों की स्थिति रिपोर्ट भी मांगी है। इसमें परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद की व्यवस्था शामिल है। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि राज्य और जिला अधिकारियों के साथ परीक्षा प्रणाली में सुधार, कई चरणों में परीक्षा कराने की व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों, प्रश्न पत्रों की तैयारी, छपाई और उन्हें पहुंचाने की प्रक्रिया में कितनी प्रगति हुई है।

### अदालती कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से पहले लेनी होगी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि अदालत की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति के पोस्ट, दोबारा पोस्ट या अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित महासचिव या हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पहले अनुमति लेनी होगी। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग और कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर गलत इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा है। अदालत के महासचिव या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, उसमें बदलाव करना, फैलाना (वायरल करना), सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना, दोबारा पोस्ट करना और अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा।

# अमेरिका ने भारत पर दस प्रतिशत टैरिफ लागू किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार से भारत से आयात होने वाले सामान पर 10% टैरिफ लागू कर दिया है। यह कार्रवाई ट्रेड एक्ट-1974 की

- पुराना टैरिफ हटते ही नया स्थायी टैरिफ लागू
- अब अमेरिकी बाजारों में भारतीय उत्पाद महंगे होंगे

धारा 301 के तहत फोर्स्ड लेबर (जबरन मजदूरी) से बने सामान को लेकर की गई है।

यह फैसला ऐसे दिन लागू हुआ, जब ट्रम्प प्रशासन का 15% अस्थायी ग्लोबल टैरिफ खत्म हो रहा है। यानी पुराना टैरिफ हटते ही उसकी जगह नया स्थायी टैरिफ लागू कर दिया गया। अमेरिका ने 60 देशों पर 10% से 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इनमें 17 देशों पर 10% और 43 देशों पर 12.5% टैरिफ लगाया गया है। भारत, ब्रिटेन, कनाडा, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाकिस्तान और श्रीलंका को 10% वाले समूह में रखा गया है। अमेरिका के मुताबिक, इन देशों ने जबरन मजदूरी से बने सामान के आयात पर रोक लगाई है या उस दिशा में कदम उठाए हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। ऐसे में अतिरिक्त 10% टैरिफ से उन सेक्टरों पर ज्यादा असर पड़ सकता है, जिनकी अमेरिकी बाजार पर निर्भरता अधिक है। इनमें टेक्सटाइल और गारमेंट्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, लेदर उत्पाद, कृषि एवं फूड प्रोडक्ट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, केमिकल्स और कुछ मैन्युफैक्चरिंग आइटम शामिल हैं।

अतिरिक्त टैरिफ लगने से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। इससे खरीदार दूसरे देशों के विकल्प तलाश सकते हैं या भारतीय निर्यातकों पर कीमत घटाने का दबाव बढ़ सकता है। शुरुआत में भारत पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था।

# धर्मेंद्र प्रधान क्रिमिनल शिक्षा मंत्री, इस्तीफा दें : राहुल

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। उन्हें हटाया

- उनकी वजह से हजारों लोग सड़क पर
- पैलेट गन से घायल छात्र की टी-शर्ट उठाकर घाव दिखाए

जाना चाहिए। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग बाहर हैं। राहुल ने पैलेट गन से घायल छात्रों से मुलाकात की। वे एक घायल छात्र को साथ में लेकर मीडिया के सामने आए। उन्होंने छात्र के हाथ में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा-मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था। सरकार का कहना है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। उसकी आंख को नुकसान पहुंचा है और उसकी देखने की क्षमता चली गई है। राहुल ने जिस



छात्र की चोट दिखाई। उसका नाम साहिल लोचाब है। वह 19 साल का है दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। 20 जुलाई को जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस की पैलेट गन से इनकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई थी। राहुल गांधी ने कहा, जब तक प्रधान को हटाया नहीं जाता, हम कोई बातचीत या चर्चा नहीं करेंगे। रिजिजू ने बयान दिया कि वह हमारे सांसदों को बताना चाहते हैं कि चर्चा होनी चाहिए।

### प्रधान के इस्तीफे पर समझौता नहीं : सीजेपी

कॉकरोच जनता पार्टी और सरकार के बीच शुक्रवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बैठक हुई। इसमें सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह और सीजेपी की तरफ से सौरभ दास, आशुतोष रांका शामिल हुए। बैठक के बाद सीजेपी के प्रवक्ताओं ने कहा,'हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं करेंगे। सरकार ने मुआवजा देने और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस लेने पर सहमति जताई है।' जेपी नड्डा ने बताया, 'दो घंटे की बातचीत में केजेपी ने सरकार के सामने 3 प्रमुख मांगें और परीक्षा प्रणाली में सुधार के 5 सुझाव रखे हैं। हमनें ने इस पर विचार करने के लिए कल तक का समय मांगा है।'

## अब हर उड़ान पर रहेगी सरकार की नज़र



**नई दिल्ली।** हवाई सफर को और सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक्शन प्लान लागू किया है। इसके तहत एयरलाइंस और एयरपोर्ट पर कड़ी नजर रखी जाएगी। औचक निरीक्षण बढ़ेंगे, नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

- डीजीसीए ने लागू किया नया प्लान

होगी और हादसों व तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्टिंग पूरी तरह डिजिटल की जाएगी। दरअसल, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने वर्ष 2026 के लिए वार्षिक निगरानी कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत उड़ानों की सुरक्षा पर पहले से ज्यादा कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि सुरक्षा मानकों में किसी तरह की ढिलाई न रहे। इस योजना के तहत एयरलाइंस और अन्य ऑपरेटरों का नियमित ऑडिट किया जाएगा। साथ ही रात में औचक निरीक्षण, रैंप इंस्पेक्शन और स्पॉट चेक भी होंगे। इन जांचों के जरिए यह परखा जाएगा कि सुरक्षा नियमों का सही तरीके से पालन हो रहा है या नहीं। अगर कोई एयरलाइन या ऑपरेटर तय सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर वित्तीय जुर्माना भी लगाया जाएगा, ताकि नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो सके। विमान हादसों और तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्टिंग को भी डिजिटल बनाया जा रहा है। इसके लिए डीजीसीए ने अपने ई जीसीए पोर्टल पर नया डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है। इससे किसी भी घटना की सूचना तुरंत दर्ज हो सकेगी और जांच व आगे की कार्रवाई में तेजी आएगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय संसद में एक प्रश्न के जवाब में स्पष्ट किया है कि सभी भारतीय एयरपोर्ट और एयरलाइंस को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों के अनुरूप सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम और इमरजेंसी रिस्पांस प्लान लागू रखना होगा।

# पेपर लीक पर बड़ा एक्शन : एनटीए के 47 अधिकारी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही तय करते हुए बड़ा कदम उठाया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 47 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इन सभी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि यह कार्रवाई परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार एनटीए में बड़े स्तर पर प्रशासनिक सुधार किए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में कई अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इससे एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के दो वरिष्ठ सचिवों का तबादला कर मंत्रालय में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया था। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक पर लगातार सख्त रुख अपनाया है। 24 जुलाई को जारी अपने वीडियो संदेश में उन्होंने

- सरकार का परीक्षा प्रणाली में बड़ा सुधार अभियान तेज शिक्षा मंत्रालय में भी बदलाव
- सभी पर होगी आपराधिक कार्रवाई

घोषणा की कि पेपर लीक के मामलों में कठोर दंड का प्रावधान करने वाला विधेयक संसद में लाया जाएगा। प्रस्तावित संशोधन के तहत संगठित पेपर लीक गिरोहों पर 10 वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है।इससे पहले 23 जुलाई को प्रधानमंत्री ने कहा था कि पेपर लीक मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए देश में फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके। वहीं 21 जुलाई को एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्होंने पेपर लीक को घोर पाप बताते हुए कहा था कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार के इन लगातार फैसलों को परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और युवाओं का विश्वास बहाल करने की दिशा में सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। अब सभी की नजर हफ्ते में होने वाले अगले प्रशासनिक सुधारों और प्रस्तावित नए कानून पर टिकी है।

# हिमाचल में पहाड़ी गिरने से टैक्सी दबी, 13 मरे

**उदयपुर (लाहौल-स्पीति)।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग पर कड़ू नाला के पास अचानक पहाड़ी दरकने से कुल्लू से पांगी जा रही एक टैक्सी मलबे में दब गई। हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही तिंदी पुलिस, स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके के लिए रवाना हो गए। राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग एक दिन पहले भूस्खलन के कारण बंद था। इसी वजह से टैक्सी में सवार सभी यात्री तिंदी में रुके हुए थे। शुक्रवार को सड़क बहाल होने के बाद वाहन पांगी की ओर रवाना हुआ, लेकिन कड़ू नाला के पास अचानक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और टैक्सी उसकी चपेट में आ गई। अब तक बचाव दल ने मलबे से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अन्य यात्रियों की तलाश जारी है और मलबा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन ने फिलहाल घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही यात्रियों की संख्या और हताहतों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।

## वंदे मातरम पर राज्यसभा में बिल पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक बिल पेश किया। इस बिल का मकसद 'वंदे मातरम' गाने के दौरान उसका अपमान करने या उसमें बाधा डालने को आपराधिक कानून के दायरे में लाना है। 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026', जिसे उच्च सदन में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था, का मकसद 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971' में संशोधन करना है। प्रस्तावित कानून राष्ट्रीय गीत को कानूनी सुरक्षा देगा और इसे मौजूदा कानून के तहत पहले से शामिल अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों के समान कानूनी दर्जा दिलाएगा।

## भोजशाला : नमाज़ को लेकर नहीं बनी बात

**धार।** धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। जुमे की नमाज़ के लिए जिला प्रशासन द्वारा तय किए गए वैकल्पिक स्थान को लेकर मुस्लिम पक्ष और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। मुस्लिम समाज ने प्रशासन द्वारा सुझाई गई जगह पर कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार देर रात प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाया। काफी देर तक चली बैठक के बाद भी स्थान को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। इधर सुप्रीम कोर्ट भी मामले को 29 जुलाई को सुनेगा।

## राजस्थान : बारिश में धंसी छह खदानें

**नागौर।** जिले के मकराना स्थित अरावली पॉलीगॉन क्षेत्र का कालानाडा खनन इलाका गुरुवार तड़के दहल उठा। मूसलाधार बारिश और लंबे समय से जारी अनियंत्रित अवैध खनन ने यहां विनाश का ऐसा दृश्य रचा कि एक के बाद एक करीब 6 खदानें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। हादसा इतना भयानक था कि जाखली जाने वाला मुख्य कालानाडा-कटाणी मार्ग पूरी तरह ध्वस्त होकर सैकड़ों फीट गहरे खदान के गड्ढों में समा गया। गनीमत यह रही कि उस समय खदानों में काम बंद था और सड़क पर कोई आवाजाही नहीं थी, जिससे एक बड़ा दर्दनाक हादसा टल गया। हालांकि इसका खामियाजा अब ग्रामीण आबादी को भुगतना पड़ रहा है।




कड़ा प्रहार

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में लगाई पाकिस्तान को लताड़

# पीओके में कश्मीरियों के दमन की गवाह है पूरी दुनिया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने पाकिस्तान के कश्मीर मुद्दा उठाने पर कड़ा जवाब दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भ्रामक प्रचार करने के बजाय अपने देश और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे दमन पर ध्यान देना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के तंत्र को मजबूत करने' विषय पर आयोजित खुली बहस में भारत का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हालिया घटनाक्रम पाकिस्तान की वास्तविकता को उजागर करते हैं। '

राजदूत पी. हरीश ने आगे कहा, 'पूरी दुनिया पीओके में कश्मीरियों के बुनियादी अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संगठन बनाने की आजादी के लगातार दमन की गवाह है। यह कोई अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि करीब आठ दशकों से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अपनाई जा रही एक व्यापक नीति का हिस्सा हैं। यही स्थिति पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिलती है।' उन्होंने पाकिस्तान की आंतरिक राजनीतिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लोकतांत्रिक संस्थाएं लगातार कमजोर हुई हैं। उन्होंने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं की गिरफ्तारी, मुख्य विपक्षी दल को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करना, 27वें संविधान संशोधन के जरिए सेना का संवैधानिक हस्तक्षेप और ऐसे अन्य कदमों ने लोकतंत्र की बची-खुची व्यवस्था को भी कमजोर कर दिया है। '



भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, 'पाकिस्तान को चाहिए कि वह धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर झूठा प्रचार करने और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को गुमराह करने के बजाय अपने देश की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान दे।' भारत ने यह भी कहा कि अन्य देशों में इस तरह की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र तीखी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन पाकिस्तान में हो रहे ऐसे दमन पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता, जितना दिया जाना चाहिए।

पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की ओर से कश्मीर मुद्दा उठाने को वैश्विक मंच का दुरुपयोग बताया। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। यह भारत की संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता है, जिसे पाकिस्तान जानबूझकर नजरअंदाज करता है। ' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के संबंध में एकमात्र लंबित मुद्दा भारत के संप्रभु क्षेत्र पर पाकिस्तान का खुला आक्रमण और उसका अवैध कब्जा है।'





## संक्षिप्त ख़बरें

### पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गाव में नाबालिग को मुह दबा कर जबरन उठा ले जाने और उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपी के बिरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह लोग निहायत ही गरीब परिवार के है और मेहनत मजदूरी कर घर का भरण पोषण करते हैं।पीड़ित पिता ने बताया है कि उसकी पन्द्रह साल की नाबालिग लड़कीं बीते अठारह जुलाई को दिन भर रोपनी कर शाम को घर आई और तबियत खराब होने के कारण आठ बजे के करीब घर से दवा लेने जा रही थी कि उसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठा इमामुद्दीन प्राथी के पुत्री का मुह दबा कर गोद मे उठा लिया और खेत की तरफ चला गया।काफी देर तक लड़कीं के घर मे न पहुचने पर घण्टो तक उसका खोजबीन किया लेकिन नहीं मिली।लगभग पांच घण्टे बाद वह डरी सहमी घर पहुची। उसने बहुत कोशिश के बाद बाइस तारीख को बताया कि आरोपी उसे उठा ले गया था तथा उसके साथ छेड़छाड़ किया उसके नाजुक अंगो को दबाया जिससे उसका कपड़ा फट गया। बिरोध करने पर आरोपी ने धमकी दिया कि किसी से बताने पर जान से मार देगा।

### दोषी प्रधान को प्रशासक बनाने पर उठे सवाल

**दुबौलिया, बस्ती।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बर्दिया लोहार के निवर्तमान ग्राम प्रधान को प्रशासक नियुक्त किए जाने के मामले में शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को पत्र देकर आपत्ति जताई है। शिकायतकर्ता ने पंचायती राज विभाग के शासनादेश का हवाला देते हुए प्रधान को प्रशासक पद से हटाने की मांग की है। रमना तौफीर निवासी सूरज सिंह ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में आदेश पत्रांक 2252/7-पंचायत/शिकायत/जांच/ 2026-27, 15 जुलाई का हवाला दिया है। इसी आदेश द्वारा दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बर्दिया लोहार के प्रधान को वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने पर 16 लाख 81 हजार 328 रुपये की रिकवरी का आदेश दिया गया है। सूरज सिंह ने मांग की है कि शासनादेश का पालन करते हुए दोषी प्रधान को प्रशासक पद से हटाकर एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाए। इस मामले में जिलाधिकारी ने जिपं राज अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### पौधरोपण कर मना पत्रकार का जन्मदिन

**बस्ती।** मीडिया दस्तक न्यूज नेटवर्क प्रा. लि. के डायरेक्टर एवं बस्ती चेतना अखबार के संपादक अशोक श्रीवास्तव दशकों से अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करते हैं। इसी कड़ी में उन्होने बुधवार को मालवीय रोड स्थित नवयुग मेडिकल सेंटर में वरिष्ठ सर्जन डा अभिजात कुमार के साथ पौधरोपण किया। उन्होने कहा पौधरोपण से पहले लीडरशिप और ओनरशिप तय होनी चाहिए। हम उसी स्थान पर पौधे लगाते हैं जहां कोई ये दोनो जिम्मेदारियां लेने को तैयार रहता है, इसलिए आज तक रोपे गये पौधों में 75 प्रतिशत से ज्यादा पौधे जीवित हैं, और फल फूल रहे हैं। नवयुग मेडिकल सेंटर के प्रख्यात सर्जन डा अभिजात ने पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ली। उन्होने कहा जन्मदिन, मदर्स, फादर्स डे, स्वतंत्रता दिवस, मैरिज एनिवर्सरी आदि अवसरों पर किया गया पौधरोपण यादगार बन जाता है।



### अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर पुलिस चौकी के समीप खड़ी एक बाइक चोरी होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गरहिया पोस्ट फाजिलनगर निवासी गोरख कुशवाहा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 19 जुलाई को वह अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक फाजिलनगर पुलिस चौकी से करीब 100 मीटर पश्चिम ताज बिरयानी के पास खड़ी कर सामान लेने गए थे। लगभग पांच मिनट बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी गाड़ी का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पटहेरवा थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बाइक बरामद करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने बाइक मामले मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को

**कुशीनगर।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में दिनांक 12 सितंबर 2026 (शनिवार) को दीवानी न्यायालय, कुशीनगर एवं वाह्य न्यायालय कसया के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में संपन्न होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद के समस्त अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से अनुरोध किया गया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराकर इस वैकल्पिक विवाद निस्तारण व्यवस्था का लाभ उठाएं। साथ ही ऐसे प्रकरण, जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुए हैं, उनका भी प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारण कराने का प्रयास करें। राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनसामान्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# जुल्म व अत्याचार करने वालों के दिन लम्बे नहीं होते : महेंद्र

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने 4 सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव के नेतृत्व में सैकड़ों नेता और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने डीएम के प्रतिनिधि के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सौंपे ज्ञापन में रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के विरुद्ध की जा रही कथित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराने, छात्रों की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जवाबदेही तय करते हुए उनसे तत्काल इस्तीफा लेने आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन देने के बाद सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि यह सरकार छात्र नौजवान विरोधी है। पेपर लीक से देश के लाखों छात्र प्रभावित हैं, 21 छात्रों ने आत्मदाह कर लिया, देश का युवा अपने अधिकारों को लेकर सड़कों पर है किन्तु जंतर मंतर से लेकर देश के अनेक हिस्सों में छात्रों पर बर्बर लाठी चार्ज किया जा रहा है। कहा कि रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण का आदेश यही साबित करता है कि सरकार का शिक्षा और युवाओं के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है, सदर विधायक ने कहा कि जुल्म, अत्याचार करने वाली सरकारों के दिन लम्बे नहीं होते।



पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', दयाशंकर मिश्र के साथ ही अनेक नेताओं ने कहा कि सरकार समस्या का समाधान कर, सरकार युवाओं की मांग को तत्काल पूरा कराये और मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण का आदेश वापस लिया जाय।

ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित अन्य नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की गई, जिसे पार्टी नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया।

इस दौरान पूर्व विधायक राम जियावन, जावेद पिण्डारी, राजाराम यादव, मो. सलीम, युनूस आलम, सौरभ मिश्र, प्रशान्त यादव, सुरेन्द्र सिंह छोटे, भोलू अंसारी, धीरसेन निषाद, आरडी निषाद, अभिषेक कुमार, आरडी गोस्वामी, आमिश खान, अजीत सिंह, अरविन्द सोनकर, भोला पाण्डेय, राम सिंह यादव, चन्द्रिका यादव, मो. हारिश, गुलाब चन्द्र सोनकर, शकुन्तला चौरसिया, इन्द्रावती शुक्ला, विजय लक्ष्मी, प्रिया श्रीवास्तव, के साथ ही बड़ी संख्या में सपा नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कृषक गोष्ठी हुई आयोजित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**दुबौलिया, बस्ती।** कृषि विभाग बस्ती द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड दुबौलिया के सभागार में श्री अन्न मिलेट्स पुनरोद्धार योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कृषि विशेषज्ञ राजेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती की विधि से मोटे अनाज की खेती करने और मोटे अनाज के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोतरी के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

एडीओ कृषि कृपा शंकर मौर्य ने मोटे अनाज के विपणन और फसल सुरक्षा के संबंध में किसानों को जागरूक किया। बीटीएम माहेश्वरी मिश्रा ने मोटे अनाज से बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया। गोदाम प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने मोटे अनाज के बीज और कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी दी।

## जलभराव वाले क्षेत्रों की नियमित हो सफाई

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**महराजगंज।** मानसून और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार चौधरी प्रतिदिन जिले का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।



निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने जलजमाव वाले क्षेत्रों की नियमित साफ-सफाई, एंटी लार्वा दवा का छिड़काव और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहभागिता बेहद जरूरी है। सीएमओ ने सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने, लोगों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग और साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने तथा क्लोरीन की गोलियां वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं जिला अस्पताल में कुत्ता, बंदर व बिल्ली के काटने पर लगाए जाने वाले एआरवी तथा सर्पदंश के लिए एएसवी इंजेक्शन 24 घंटे उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

### विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** मानसून के दौरान बच्चों में होने वाली मौसमी बीमारियों और संक्रमण को देखते हुए तमकुही विकासखंड के भरत लघु माध्यमिक विद्यालय पगरा पड़री में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तमकुही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम ने विद्यालय के कुल 41 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों में बुखार, सर्दी-जुकाम, त्वचा संबंधी समस्या सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण तमकुही सीएचसी के मेडिकल आफिसर डा. मधुसूदन मिश्र और अशोक कुशवाहा ने किया। मेडिकल आफिसर डा. मधुसूदन मिश्र ने कहा कि मानसून के दौरान जलभराव, दूषित पानी और मौसम में बदलाव के कारण बच्चों में संक्रमण व मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## अंतरजनपदीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बृजमनगंज, महराजगंज।** बृजमनगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजनपदीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश कर पांच महिलाओं समेत एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के आभूषणों को गलाकर बनाई गई करीब 5.57 ग्राम पीली धातु की टिकिया, घटना में प्रयुक्त ऑटो, चार कीपैड मोबाइल फोन तथा 12,580 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के तहत 17 जुलाई को बृजमनगंज क्षेत्र की एक आभूषण दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा किया गया। व्यापारी नूर मोहम्मद की तहरीर पर दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और गाण्डिव पोर्टल की मदद से मुख्य आरोपिता मंजू की पहचान की। इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्यों और ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।



पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गिरोह की महिलाएं आपस में रिश्तेदार हैं और योजनाबद्ध तरीके से भीड़भाड़ वाले बाजारों में ग्राहक बनकर दुकानदार का ध्यान भटकाती थीं। इसी दौरान अन्य सदस्य कीमती आभूषण चोरी कर लेते थे। वारदात के बाद सभी अलग-अलग निकल जाते और पहले से तय रिजर्व ऑटो से फरार हो जाते थे। पहचान छिपाने के लिए चोरी के सोने को तुरंत गलाकर टिकिया बना दिया जाता था।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपिता मंजू के खिलाफ महराजगंज और गोरखपुर के विभिन्न थानों में चोरी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उद्यमियों के प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण : सीडीओ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**बस्ती।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उद्योग एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उद्यमियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्युत के जर्जर तार, सड़क, जल निकासी, शहर में जाम तथा अन्य विभागीय मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। उद्यमियों ने कई प्रकरणों के लंबित होने की जानकारी देते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस पर मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने कहा कि किसी भी उद्यमी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



बैठक में उद्यमियों ने अवगत कराया कि मेडिकल बेस्ट मैटेरियल निर्धारित स्थान पर डिस्पोज नहीं किया जाता है जिसका संज्ञान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लिया गया। उन्होने ईओ नगरपालिका को जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र प्रेषित कर यह सुनिश्चित किया जाय कि शहर के अस्पतालो द्वारा निर्धारित स्थान पर ही मेडिकल वेस्ट मैटेरियल को डिस्पोज किया जाय।

बैठक में निवेशमित्र पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण सहायता योजना आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय लक्ष्य के अनुरूप प्रगति करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन, उपायुक्त प्रशासन राज्यकर उपेन्द्र यादव, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, सहायक आयुक्त खाद्य चितरंजन कुमार सिंह, एनएचएआई के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग से संबंधित अधिकारीगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन ने पडरौना स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। वृद्धाश्रम की प्रबंधक श्रीमती रज्जू राजा ने आश्रम की व्यवस्थाओं एवं वहां रह रहे वृद्धजनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सचिव भुवन ने सभी वृद्धजनों को राज्य सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण किया जाएगा, जिससे यहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने प्रबंधक को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

बरसात के मौसम में संक्रामक रोगों के संभावित प्रसार को देखते हुए सचिव ने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आवश्यक एहतियाती उपायों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

# समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण हो कार्य : जिलाधिकारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कल देर सांय कलेक्ट्रेट सभागार में विकास एवं राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फैमिली आईडी बनाने का कार्य विशेष अभियान चलाकर 30 जुलाई तक लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण किया जाए। जिन लाभार्थियों के फैमिली आईडी कार्ड बन चुके हैं उनका शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाए। जिन मामलों में साक्ष्य अथवा संशोधन की आवश्यकता हो, वहां संबंधित अभिलेखों के आधार पर तत्काल संशोधन कराया जाए। साथ ही जिन अभ्यर्थियों का नाम कट गया है, जिनका विवाह हो गया है अथवा वे अन्य स्थान पर चले गए हैं, उनका भी सत्यापन कराया जाए। अंत्योदय राशन कार्डधारकों एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों का भी सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।



मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विवादित, मृतक एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिन आवासों की सभी किस्तें जारी हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाए तथा अपूर्ण आवासों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधूरे निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराकर 31 जुलाई तक संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक हेक्टेयर भूमि पर लगभग 20 इकाई वाली जीरो पावर्टी/मुसहर कॉलोनी विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को प्रतिदिन समय से कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करने तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता दर्शन में प्राप्त सभी प्रकरणों को शत-प्रतिशत आईजी आरएस पोर्टल पर अपलोड करने तथा उनके प्रभावी निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अभियान चलाकर चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने, अतिक्रमण मुक्त चकरोडों का लेखपालों से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा संबंधित सूची खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराकर आवश्यकतानुसार मिट्टी भराई कराने के निर्देश दिए।

वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कम से कम 50 बालिकाओं की आवासीय क्षमता वाला भवन विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा, ताकि आवश्यक धनराशि की व्यवस्था कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार, जेल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

**पुरन्दरपुर, महराजगंज।** पुरन्दरपुर थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान, दो अवैध तमंचे, सात जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा चोरी का सामान बेचकर प्राप्त ?20,420 नकद बरामद किए गए हैं। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई 2026 को हरैया रघुवीर गांव निवासी गंगाराम वर्मा अपने रिश्तेदारी में मुंडन समारोह में गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर, बर्तन, पायल, कान की बाली तथा नकदी चोरी कर ली थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुरन्दरपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच और बरामदगी के आधार पर पुलिस ने गोविन्द उर्फ गोभी निवासी करमहवा बुजुर्ग, दिनेश यादव निवासी बड़हरा (कोतवाली) तथा सुजीत यादव निवासी करमहवा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, सात कारतूस, दो गैस सिलेंडर, एक एलईडी टीवी, पीतल के बर्तन, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, छह चांदी के सिक्के, तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल तथा ?20,420 नकद बरामद किए।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य आरोपी गोविन्द उर्फ गोभी पर चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सह-आरोपी दिनेश यादव के विरुद्ध भी एनडीपीएस एक्ट, दुर्घटना, धोखाधड़ी समेत कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सुजीत यादव के विरुद्ध भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

इस कार्रवाई को थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अंजाम दिया, जिसमें थाना पुरन्दरपुर के उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# मत करें चिंता, सबकी समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : योगी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने समस्या-शिकायत लेकर आए लोगों को भरोसा देते हुए कहा, 'चिंता मत करें, सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी।' मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आई शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना, उनके प्रार्थना पत्र लिए। उन्होंने पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने अस्पतालों के इस्टीमेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा। सीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा की। गोशाला में सीएम योगी ने भ्रमण करते हुए कुछ गोवंश को उनके नामों से पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही गोवंश दौड़ते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। उन्होंने मंदिर की गोशाला की अन्य गायों और नंदी को भी अपने हाथों से गुड़ खिलाया। साथ ही गोशाला के कार्यकर्ताओं को गायों की देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# शिविर में छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में माँ-बेटी सम्मेलन पहल के तहत छात्राओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्राओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर तथा ब्लड प्रेशर (बीपी) की निःशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा दल एवं पैथकाइंड लैब, गोरखपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्रा के शैक्षणिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसका अच्छा स्वास्थ्य है। यदि छात्राएं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगी तो वे शिक्षा, शोध और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगी।

कुलपति ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट पर आगामी 5 अगस्त, 2026 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विशेष रूप से आयोजित माँ-बेटी सम्मेलन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा संबंधित छात्राओं और उनकी आमंत्रित माताओं के साथ विस्तार से चर्चा की जाएगी।

महिला कल्याण एवं उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ की अध्यक्षा एवं कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, एनीमिया सहित अन्य संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान करना तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है।

विश्वविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीना बंका ने छात्राओं से संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम करने, पर्याप्त नींद लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।

कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण एवं उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ की सदस्य सचिव डॉ. प्रियंका राय के समन्वय में हुआ। आयोजन में प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. पूजा लोहिया, डॉ. ज्योति एवं डॉ. भारती शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रो. बी. के. पाण्डेय, कुलसचिव श्री सी. पी. प्रियदर्शी, डॉ. ए. के. पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट बेजुबानों की ऐस्प्रा के निदेशक ने ली सुधि

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। समाजसेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणादायी उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब ऐस्प्रा जेम्स एण्ड ज्वेलर्स के निदेशक अनूप सर्राफ एंव श्रीमती बन्दना सर्राफ नीलम फाउंडेशन द्वारा संचालित स्ट्रीट पशु आश्रय केंद्र बालापार पहुँचे। उन्होंने आश्रय केंद्र में रह रहे घायल, बीमार और असहाय बेजुबानों की स्थिति का जायजा लिया तथा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की।

आश्रय केंद्र का निरीक्षण करते हुए अनूप सर्राफ ने घायल और उपचाराधीन पशुओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके उपचार, भोजन और देखभाल की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि नीलम फाउंडेशन निस्वार्थ भाव से उन बेजुबानों की सेवा कर रहा है, जिन्हें अक्सर समाज अनदेखा कर देता है। यह कार्य वास्तव में मानवता की मिसाल है।

उन्होंने फाउंडेशन की संस्थापक नीलम जायसवाल एवं उनकी पूरी टीम के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि पशु सेवा सबसे बड़ी मानव सेवा है। समाज के अधिक से अधिक लोगों को ऐसे सेवा कार्यों से जुड़कर अपना योगदान देना चाहिए, ताकि कोई भी घायल या बेसहारा स्ट्रीट बेजुबान उपचार और भोजन के अभाव में पीड़ा न सहे।

इस अवसर पर नीलम फाउंडेशन की ओर से आश्रय केंद्र की गतिविधियों, पशुओं के उपचार, पुनर्वास तथा प्रतिदिन किए जा रहे रेस्क्यू अभियानों की जानकारी भी दी गई।

# भाजपा पार्षद ज्ञानती देवी का निर्वाचन निरस्त

**शपथ पत्र में तथ्य छिपाने के आरोप सही पाए गए, जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी गई आदेश की प्रति**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। नगर निगम गोरखपुर के वार्ड संख्या 43, शाहपुर की पार्षद ज्ञानती देवी पत्नी स्व. परशुराम का नामांकन और निर्वाचन एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) ने निरस्त कर दिया है। गुरुवार, 23 जुलाई को एडीजे सुदेश कुमार की अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए चुनाव याचिका संख्या 05/2023 को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 71 की उपधारा (बी) तथा (डी) (आई) के तहत निर्वाचन को अवैध और शून्य घोषित किया है। आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) को प्रेषित कर दी गई है।

इस मामले में आप पार्टी की प्रत्याशी रहीं अर्चना शुक्ला ने ज्ञानती देवी के नामांकन और निर्वाचन को चुनौती दी थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि नामांकन के दौरान शपथ पत्र में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार करने के बाद याचिका को सही मानते हुए यह निर्णय दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि उन्हें अभी आदेश की प्रति का विस्तृत अवलोकन करना है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले के बाद नगर निगम क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दरअसल, वर्ष 2023 के नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड संख्या 43 महिला के लिए आरक्षित था। पूर्व उपसभापति चन्द्रशेखर सिंह ने अपनी माता ज्ञानती देवी को भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा था। उन्हें भाजपा का अधिकृत टिकट मिलने का दावा किया गया था और उन्होंने चुनाव में 1723 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।

हालांकि, विपक्षी प्रत्याशी अर्चना शुक्ला ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जिला जज के समक्ष चुनाव याचिका दायर की। बाद में यह वाद एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां इसकी सुनवाई हुई। याचिका में प्रमुख आरोप यह था कि ज्ञानती देवी को भाजपा का आधिकारिक सिंबल नहीं मिला था। सिंबल किसी अन्य ÷ज्ञानती देवी पत्नी श्यामलाल÷ के नाम से जारी हुआ था, जबकि नामांकन ÷ज्ञानती देवी पत्नी परशुराम के नाम से दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान तत्कालीन भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता का शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया। इसमें उन्होंने कहा कि ज्ञानती देवी ही पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी थीं और उनके अलावा कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था। हालांकि, पति के नाम में अंतर को लेकर स्पष्ट और ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। बाद में राजेश गुप्ता की ओर से यह भी कहा गया कि उन्हें चुनाव के लगभग एक महीने बाद यह जानकारी मिली कि ज्ञानती देवी के पति का नाम परशुराम उर्फ श्यामलाल है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि ज्ञानती देवी ने अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी छुपाईं। आरोप के अनुसार, उनके नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित था, जिसकी जानकारी शपथ पत्र में नहीं दी गई। इसके अतिरिक्त, उनके नाम से 3 हजार वर्ग फीट से अधिक की जमीन की खरीद की जानकारी भी छुपाई गई। याचिका में यह भी कहा गया कि देवरिया जिले के बरहज स्थित गांव में वर्ष 2021 में उन्होंने ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा था और वहां की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज था, जिसे भी नामांकन के समय उजागर नहीं किया गया।

# लिफ्ट देने के बहाने सर्राफा कारोबारी की हत्याकर शव को नदी में फेंका

**बाइक खरीदने की वजह से लिए गए उधार को लेकर रची गयी साजिश, तीन गिरफ्तार**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय सराफा कारोबारी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। घटना में प्रयुक्त चाकू, दोपहिया वाहन, पीली धातु के आभूषण और नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह उधार के पैसे का विवाद निकला है।



पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में बेलीपार पुलिस, एसओजी, स्वाट, सर्विलांस और एंटी थेफ्ट सेल की संयुक्त टीम ने थाना बेलीपार पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 180/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंशु दुबे (निवासी बुधनापार, थाना सिकरीगंज) और प्रिंस पांडेय (निवासी मलांव, थाना बेलीपार) के रूप में हुई है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 61(2), 238, 309(4), 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

घटना 22 जुलाई 2026 की है, जब थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। जांच के दौरान शव की पहचान बांसगांव क्षेत्र के धस्का भटास निवासी 70 वर्षीय रामलाल वर्मा के रूप में हुई, जो कटरा मलांव में सराफा की दुकान चलाते थे। मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी प्रिंस पांडेय का मृतक से पुराना परिचय था। वह अक्सर उन्हें बाइक से लाने-ले जाने में मदद करता था, जिससे परिवार भी उस पर भरोसा करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने कारोबारी से बाइक खरीदने के नाम पर करीब एक लाख रुपये उधार लिए थे। जब कारोबारी ने पैसे वापस मांगने शुरू किए, तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली।

घटना के दिन सुबह करीब 9 बजे रामलाल वर्मा घर से दुकान के लिए निकले थे। रास्ते में कसिहार ऑटो स्टैंड के पास आरोपी प्रिंस पहले से मौजूद था। उसने लिफ्ट देने के बहाने कारोबारी को बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूरी पर उसका साथी अंशु भी बाइक पर सवार हो गया। इसके बाद आरोपियों ने कारोबारी को भगवान राम के दर्शन कराने के बहाने कनइल-कसिहार बांध के पास स्थित एक सुनसान मंदिर की ओर ले गए, जहां पहले से अन्य साथी मौजूद थे।

मौके पर पहुंचते ही अंशु ने पीछे से कारोबारी के हाथ पकड़ लिए और प्रिंस ने चाकू से उनकी गर्दन पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने शव को करीब 500 मीटर तक घसीटकर राप्ती नदी में फेंक दिया और फरार हो गए।

शाम करीब 5 बजे ग्रामीणों ने नदी में शव उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव को बाहर निकलवाया। घटनास्थल से खून के निशान, शराब की बोतलें, पानी की बोतल और मृतक की चप्पल बरामद हुई। बाद में दो डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें चाकू से हत्या की पुष्टि हुई।

मृतक के पुत्र संजय वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके पिता सोने की चेन और अंगूठी पहनते थे तथा उनके पास नकदी और आभूषण भी रहते थे, जो घटना के बाद गायब मिले। इस आधार पर लूट के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी कारोबारी को बाइक पर ले जाते हुए दिखाई दिए। इसी साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, दोपहिया वाहन, पीली धातु की चेन, अंगूठी, लॉकेट तथा 6595 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है और शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के खुलासे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पूरे मामले की विस्तृत विवेचना जारी है।

# एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बड़हलगंज। बरहज विधानसभा क्षेत्र की ग्रामसभा भदिला अव्वल में बाढ़ के कारण मुख्य मार्ग से संपर्क पूरी तरह बाधित होने पर ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बरहज को ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में बताया गया कि बाढ़ के चलते ग्रामीणों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सरकारी नाव की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई।

अर्जुन सिंह ने कहा कि यदि समय रहते नाव की व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर राहत उपलब्ध कराने की अपील की। इस दौरान राम सरीख यादव, कोमल यादव, संजय यादव, वीरू यादव, नितेश यादव, भरत, सुधाकर चौरसिया, संजय साहनी, गरजू, तड़पू यादव, राम कृपाल और राहुल यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पराग व मदर डेयरी प्लांट का निरीक्षण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

पिपरौली। खजनी रोड के हरैया गांव में स्थित पराग डेयरी और मदर डेयरी प्लांट की मशीनों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी और अपर मुख्य सचिव पशुपालन/दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि मशीनों को पूरी क्षमता के सतह चलाकर दूध का उत्पादन सहित अन्य चीजों का भी उत्पादन बढ़ाया जाए।दूध का कलेक्शन अधिक करने के लिए मंडल के चारों जिलों के दूध समितियों को सक्रिय किया जाए और किसानों के दूध का दाम तय समय सीमा के अंदर देना सुनिश्चित किया जाए।आगे निरीक्षण में अधिकारियों द्वारा प्लांट में पैकेजिंग कक्ष, लैब कक्ष, उत्पादन क्षमता सहित अन्य चीजों को बारीकी से देखा गया।

आगे दूध समितियों के किसानों को अधिक से अधिक पशुपालन करने को भी कहा गया।



अधिकारियों ने कहा कि नए प्लांट के शुरू होने से दूध की जरूरत बढ़ेगी जिससे क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान पीसीडीएफ के रामचरण, निलेश, मुकेश झा, पराग डेयरी के जीएम अनिल कुमार सिंह, डॉक्टर बीके सिंह सहित डेयरी के अधिकारीगण और दूध समितियों के लोग लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने पूर्व प्रत्याशी को किया हाउस अरेस्ट

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

सहजनवां, गोरखपुर। दिल्ली के जंतर मंतर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों और युवाओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को लेकर पूर्व विधान सभा प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्य ने समर्थकों के साथ दिल्ली कूच करने का आह्वान सोशल मीडिया पर किया था। इस बात की जानकारी रात्रि में हरपुर बुदहट को हो गई तो भारी संख्या में पुलिस बल इनके आवास पर रात्रि में पहुंच कर हाउस अरेस्ट कर लिया।इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के इशारे पर पुलिस प्रशासन छात्र और नौजवानों की आवाज कुचलना चाहती है। जिस तरह जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस के गुंडो ने निहत्थे छात्र और नौजवानों पर लाठिया बरसाई वह निंदा के पात्र है। उन्होंने ने छात्र और नौजवानों से आह्वान किया कि पुलिस कितना भी दबाव बना ले रुकने वाला नहीं हूं। जल्द ही समर्थकों के साथ जंतर मंतर धरने में शामिल होकर सफल बनाने का कार्य करूंगा।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

सहजनवां, गोरखपुर। विकास खंड सहजनवा सभागार में पंचायत डेवलपमेंट प्लान विषयक विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी रामधारी प्रसाद ने किया। प्रशिक्षण में श्याम मुरारी कुशवाहा एवं राहुल पाठक ट्रेनर रहे।

प्रशिक्षण में समस्त ग्राम पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से 16वां वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप ग्राम पंचायतों की विकास योजनाएं तैयार करने की प्रक्रियाओं पर जोर दिया गया। ब्लॉक व जिला स्तर की पंचायत विकास योजनाओं के संबंध में प्रस्तुति दी गई और पंचायत निर्णय ऐप व संबंधित पोर्टलों के उपयोग पर कार्यशाला कराई गई।

प्रशिक्षक श्याम मुरारी कुशवाहा ने जीपीडीपी पोर्टल, ग्राम स्वराज पोर्टल व टी एम पी पोर्टल पर योजना अपलोड एवं प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं का वृहद् प्रशिक्षण दिया। साथ ही प्रोफाइल अपडेशन, फेसिलिटेटर फीडबैक दर्ज करने तथा ग्राम पंचायत विकास योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उपायों पर भी मार्गदर्शन किया गया।

प्रशिक्षण में पीआर आई एस एच जी और वी पी आर पी के एकीकरण का महत्व समझाया गया ताकि योजना तैयार करते समय स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों के व्यावहारिक सुझाव शामिल हों। उपस्थित सचिवों व सहायकों ने पोर्टल पर काम करने, योजनाओं का समेकन एवं गुणवत्ता मानक लागू करने संबंधी प्रश्न पूछे और सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया।

## भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोला। नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर शुक्रवार को भीम आर्मी समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तहसील गोला में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। धरना-प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने बेवरी चौराहे से रैली निकाली, जो तहसील परिसर में पहुंची। यहां रैली धरना-प्रदर्शन में तब्दील हो गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होने से देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर असर पड़ा है। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी, प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और पुलिस कार्रवाई का भी विरोध किया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए सरकार से शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के अधिकारों का सम्मान करने की मांग की। युवा नेता साहिल विक्रम तिवारी ने कहा कि नीट पेपर लीक ने देश के लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की भी मांग की। वहीं, भीम आर्मी के ब्लाक अध्यक्ष रणविजय बोध ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामले में सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने वाले लोगों पर कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने छात्रों और युवाओं के हित में न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही।

# डीएम ने सड़क निर्माण मे भूमि बाधा को दूर करने के दिए आदेश



**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने शुक्रवार को बैजलपुर (बिहारगंज) मे सड़क निर्माण मे भूमि बाधा के सम्बन्ध स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं जानकारी ली। लेखपाल योगेंद्र विक्रम ने डीएम को अवगत कराया कि मिलजुमला भूमि होने के कारण सड़क निर्माण मे बाधा उत्पन्न हो रही है।डीएम निर्देशित किया कि नियमानुसार मिलजुमला भूमि का निस्तारण शीघ्र किया जाए,जिससे सड़क निर्माण कार्य प्रशस्त हो सके।तब तक विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन अंतर्गत मिट्टी डलवाकर मार्ग दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण दौरान कानूनगो के उपस्थित नही रहने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने का आदेश दिया।बैजलपुर ग्राम पंचायत भवन जर्जर पाने पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवन का निर्माण किस कार्यकाल मे कराया गया था,इसकी मुख्य विकास अधिकारी स्तर से जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए।जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रेमी के जेल जाने की खबर से आहत युवती ने छत से लगाई छलांग

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र की एक 20 वर्षीय युवती ने बीती रात अपने घर की छत से छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया।युवती को गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल और फिर प्रयागराज के स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है,जहां उसका इलाज चल रहा है।परिवार और पुलिस के मुताबिक 20 जुलाई को युवती अपने परिचित युवक के साथ घर से कहीं चली गई। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों को जलेसरगंज मोड़ के पास से हिरासत में लिया।युवती का मेडिकल कराया,जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई।इसके बाद पुलिस ने युवक को दुषकर्म व चोरी के आरोप में जेल भेज दिया और युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।प्रेमी को जेल भेजे जाने की खबर से आहत युवती बृहस्तिवार की रात अचानक घर की छत से नीचे कूद कर जान देने का प्रयास किया।आवाज सुनकर घर वाले दौड़े और तुरंत उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए।हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया,जहां उसका इलाज चल रहा है।लोगो की माने तो युवती की स्थित गंभीर बनी हुई है।जेठवारा पुलिस ने बताया,कि युवती को मेडिकल के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया था।और आरोपी युवक को दुषकर्म एवं चोरी के आरोप में न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।युवती के परिजनों ने बताया है,कि उनकी लड़की गुरुवार की रात फिसलकर गिर गई जिसका इलाज प्रयागराज में चल रहा है।युवती के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हिन्दुस्तान ओलंपियाड 2025 प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चे हुये सम्मानित



**स्वतंत्र भारत उतरौल/बलरामपुर।** एमजे एक्टीविटी उतरौला के प्रांगण में शुक्रवार को हिन्दुस्तान ओलंपियाड 2025 प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित भी किए गए। प्रमाण पत्र पाकर छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई, और विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रबन्धक समीर रिजवी व प्रिंसिपल हिमांशुधर द्विवेदी ने बताया कि हिन्दुस्तान ओलंपियाड प्रतियोगिता का उद्देश्य यह था कि छात्रों को सामान्य ज्ञान,विज्ञान, गणित और करंट अफेयर्स की समझ को बढाना है। इस परीक्षा में एमजे एक्टीविटी के छात्र छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया,और अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम में सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं ने प्रमाण पत्र पाकर उनके के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है और आगे भी वे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने सभी सफल छात्र- छात्राओं को बधाई हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबन्धक समीर रिजवी ने कहा कि विद्यालय आगे भी छात्रों को इसी तरह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

## खबर एक नजर

### ब्लॉक परिसर से देशी नल चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** ब्लॉक बाबागंज परिसर मे लघु सिंचाई विभाग कार्यालय के पास लगे देशी नल को गुरुवार की रात अज्ञात चोर खोल ले गए।शुक्रवार की सुबह ब्लॉक कर्मियों को जानकारी हुई तो अधिकारियों को सूचित किया।महेशगंज थाना से दो पीआरडी जवान रात दिन ड्यूटी में लगाए गए है,उसके बाद भी ब्लॉक परिसर मे चोरी की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते है।उक्त ब्लॉक संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत होने के कारण पुलिस को सूचित किया गया है।

### मारपीट मे किशोरी व महिला घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** मारपीट में किशोरी समेत दो लोग घायल हो गए।कुंडा कोतवाली के पीरा नगर निवासी विपिन कुमार केसरवानी की बेटी अनन्या केसरवानी 13 वर्ष को पड़ोसी ने किसी बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया।मानिकपुर थाना व नगर क्षेत्र के शाहाबाद निवासिनी मोना देवी 34 पत्नी राम गुलाम सरोज मामूली विवाद मे पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।पुलिस जांच कर रही है।

### दुष्कर्म व छिनैती का आरोपी गिरफ्तार,लूटी पायल बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जेठवारा पुलिस ने दुष्कर्म और छिनैती के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई एक जोड़ी पायल बरामद किया। तदनुसार दर्ज मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) भी बढ़ा दी गई।थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जलेसरगंज मोड़ के पास से वांछित आरोपी सच्चिदानन्द द्विवेदी 19 निवासी उदियापुर,थाना लालगंज को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के कब्जे से छिनैती की एक जोड़ी पायल बरामद हुई है।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके खिलाफ जेठवारा थाने में युवती के परिजनों ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था।इसलिए गिरफ्तारी के डर से वह लगातार छिपकर रह रहा था।उसने यह स्वीकार किया कि बरामद पायल उसने पीड़िता के बैग से चुराया था।

### जहरीले जंतु के काटने से दो की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के सराय सद्भाव फत्ते निवासी संदीप कुमार गौतम 36 पुत्र स्व श्रीनाथ गौतम को जहरीले जंतु ने काट लिया।कुंडा कोतवाली के पनाह नगर निवासिनी मनीषा देवी 25 पत्नी हरी लाल को सर्प ने डस लिया।जानकारी पर दोनों के परिजनों में हड़कंप मच गया।इलाज के लिए दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

### नायब साहेब बोले प्रतापगढ़ का पानी नहीं पीता हूं,20 वाला बोतल का पानी पीता हूं

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब जनपद मे आते है,यहां के धार्मिक स्थलों,महापुरुषों व अमृत फल आंवला को लेकर जनपद गुणगान करते नही थकते है और सौ पढ़ा न,कि एक प्रतापगढ़ा कहते हुए हंसी मजाक भी करते है,लेकिन उन्हीं के नायब तहसीलदार है,कि कह रहे है,मैं प्रतापगढ़ का पानी नही पीता हूं,20 वाला बोतल का पानी पीता हूं।जनपद के अच्छे संस्कार है,कि जिनके दरवाजे गए थे,उन्होंने नायब तहसीलदार साहेब को पानी पीने के लिए पूछा था।मामला सदर तहसील अंतर्गत परगना गड़वारा नायब तहसीलदार दिनेश तिवारी बीते दिनों ईशीपुर गांव मे आबादी की भूमि विवाद मे गए थे।बताया जा रहा है,कि उक्त आबादी भूमि पर निर्माण के ध्वस्तीकरण के लिए पहुंचे थे,जबकि आबादी भूमि मे बिना सिविल कोर्ट के आदेश के राजस्व विभाग को ध्वस्तीकरण करने का कोई अधिकार नही है।अब नायब साहेब का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फजीहत हो रही है।

### बहराइच के पयागपुर में कैसे गायब हुई छात्रा और पहुंच गई घर

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** पयागपुर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। बहुत से छात्र पढ़ने भी जाते है मगर यहां पढ़ने वाली एक छात्रा बुधवार को विद्यालय से गायब हो गई। देर शाम को वह अपने घर पहुंच गई। लेकिन इस घटना से आवासीय विद्यालय की सुरक्षा पर सवाल उठ रहा है। हालांकि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद और खंड शिक्षा अधिकारी नगर की टीम को जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### नेपालगंज में 400 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा/नेपालगंज।** नेपालगंज पुलिस व लागू औषधि नियन्त्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को करीब 399.9 ग्राम ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। मामले में नारकोटिक्स अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है।

### रूपईडीहा में सड़क हादसा, एक की मौत, दूसरा घायल

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** रूपईडीहा-नानपारा मार्ग पर केवलपुर मोड़ के पास शुक्रवार को बाइक सड़क किनारे खड़े ठेले से टकरा गई। हादसे में राजा बाजार निवासी फरीद (पुत्र सगीर) और नानपारा निवासी अरसद (पुत्र डबलू) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। डीएम डॉ विपिन कुमार जैन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार, उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन प्रभार (गोंडा) के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर नेपाल सीमा से जुडे संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से सघन चेकिंग एवं प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को आबकारी विभाग सर्किल-1 सदर की टीम ने थाना हरैया क्षेत्र के अंतर्गत नेपाल सीमा के समीप ग्राम मढीपुर चौधरीडीह के महादेव बाकी क्षेत्र में 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के साथ संयुक्त रूप से दबिश अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध स्थलों की गहन तलाशी ली गई तथा अवैध शराब के निर्माण एवं भंडारण की गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान लगभग 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मामले में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। अभियान के दौरान अवैध शराब के कारोबार से जुडे तत्वों पर कडी निगरानी रखी गई तथा सीमा क्षेत्र में सतर्कता और अधिक बढाई गई। जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। नेपाल सीमा से जुडे क्षेत्रों सहित पूरे जिले में नियमित रूप से संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। नागरिकों के सहयोग से अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस संयुक्त अभियान में आबकारी निरीक्षक सर्किल-1 बलरामपुर रामधनी वर्मा, प्रधान आबकारी सिपाही उमेश कुमार, 9वीं वाहिनी एसएसबी के अधिकारी एवं जवान तथा आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों के मामूली विवाद में दरोगा ने करवाया हवालात का सैर

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना के रसूलपुर गुलरहा निवासी बाल मुकुंद वर्मा पुत्र कंधई वर्मा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय एसपी की जनता दर्शन मे शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि घटना 22 जुलाई दोपहर 3 बजे की है।पड़ोसी से बच्चों को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी,जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को सूचित किया गया।पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाया।पीड़ित के पुत्र गुलशन वर्मा को हवालात मे बैठा दिया। आरोप है कि हल्का दरोगा शहंशाह ने बैठाए गए दो युवकों को छोड़ने के लिए 5 हजार रुपए की मांग की गई और कहा कि अभी कुछ देर में छोड़ दिया जाएगा।पीड़ित ने किसी तरह 3 हजार की व्यवस्था किया और थाने के लॉकअप मे बंद गुलशन वर्मा से 2 हजार रुपए कुल 5 हजार रुपए हल्का दरोगा शहंशाह को दिया।

# प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** महारानी लाल कुंवरि पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य नियंता प्रो.वीणा सिंह की अध्यक्षता में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक शुक्रवार को नियंता कक्ष में हुई। उक्त बैठक सत्र 2026-27 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए अनुशासन हेतु एवं महाविद्यालय में 27 जुलाई को प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं के इंडक्शन कार्यक्रम तथा शिक्षण कार्य प्रारंभ होने के कारण बुलाई गई। सत्र 2026-27 में पठन-पाठन के दौरान महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कॉलेज परिसर में बाहर के लोगों को प्रवेश न दिया जाए। नव- प्रवेशित छात्र/छात्राओं को कॉलेज यूनिफॉर्म में आने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया। इस अवधि के दौरान उन्हें गेट पर रोका नहीं जाए। नव- प्रवेशित छात्र-छात्राओं की सहायता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए नियंता मंडल के सदस्यगण को महाविद्यालय में प्रातः 8.45 बजे से उपस्थित रहने का निर्णय लिया गया।

## छत से गिरकर युवक घायल, रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** घर के छत से उतर रहा युवक अनियंत्रित होकर नीचे गिरने से घायल हो गया।कुंडा कोतवाली के मौली निवासी सूरज कुमार 32 पुत्र रामनरेश छत पर काम करते समय नीचे गिरकर घायल हो गया। इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया है।

## समीक्षा बैठक में नामांकन व निपुण लक्ष्य पर जोर

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मोतीपुर बीआरसी मिहींपुरवा में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में यूडाइस प्लस, प्रेरणा पोर्टल, डीबीटी, निपुण भारत मिशन, मध्याह्न भोजन योजना और नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की गई। बीईओ ने शत-प्रतिशत नामांकन, आधार सीडिंग और समयबद्ध विभागीय कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

## कांवड़ यात्रा व चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**स्वतंत्र भारत, बहराइच।** थाना सुजौली में कांवड़ यात्रा व चेहल्लुम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष राम गोविंद वर्मा ने डीजे पर आपत्तिजनक गीत न बजाने, कानून-व्यवस्था का पालन करने और किसी भी समस्या की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिया।

## सीमा पर 11.20 लाख के तरबूज के बीज बरामद, तस्कर फरार

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** लुंबिनी प्रदेश पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर कार्रवाई कर 28 बोरे (1,120 किग्रा) अवैध तरबूज के बीज बरामद किए, जिनकी कीमत करीब 11.20 लाख नेपाली रुपये बताई गई है। पुलिस के पहुंचने से पहले तस्कर फरार हो गए। बरामद बीज संबंधित विभाग को सौंप दिए गए हैं और फरार तस्करों की तलाश जारी है।

## घर में चोरी, नकदी व जेवर समेट ले गए चोर

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के कल्लूगोढ़ी गांव में गुरुवार रात चोरों ने एक घर के दो बक्सों के ताले तोड़कर नकदी, जेवर, बर्तन और कपड़े चोरी कर लिए। एक बक्सा खेत में टूटा मिला, जिसमें रखी 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी गायब थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## दुष्कर्म का 25 हजार ईनामी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट मे फरार चल रहे 25 हजार ईनामी मकदूम कोरी पुत्र स्व दुर्बली कोरी निवासी पचखरा को शहबरी तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी के आदेश पर जिला कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार त्रिपाठी व संजय शुक्ला की अगुवाई मे शुक्रवार को कांग्रेसियों ने तहसील पहुंचकर भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया।महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव को सौंपते हुए मांग किया है,कि बार-बार हो रही परीक्षाओं के पेपर लीक होने की निष्पक्ष जांचकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे कि मांग की है।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नई दिल्ली मे धरने के दौरान बर्बरता पूर्ण गिरफ्तारी पर आक्रोश जताया।देश में छात्रों के प्रति हो रहे प्रताड़ना के लिए केंद्र की भाजपा सरकार को तानाशाह की सरकार बताया।ज्ञापन पर अगर उचित करवाई नही हुई तो आगामी 29 जुलाई को तहसील परिसर मे कांग्रेस का जोरदार धरना-प्रदर्शन होगा,जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा की तानाशाही सरकार की होगी।इस मौके पर कांग्रेस जिला कोऑर्डिनेटर संदीप त्रिपाठी,पूर्व जिला सचिव संजय शुक्ला,पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी योगेश यादव,जिला महासचिव मुन्ना लाल आदि उपस्थित रहे।

# सीमा पर पकड़ा गया अजनाला थाना हमले का वांछित आरोपी विक्रम सिंह



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किए गए पंजाब के वर्ष 2023 के चर्चित अजनाला थाना हमले के वांछित आरोपी एवं प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े विक्रम सिंह समेत गिरफ्तार अभियुक्तों को शुक्रवार को रूपईडीहा पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बहराइच न्यायालय में पेश किया। न्यायालय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंजाब से पहुंची पुलिस टीम मुख्य आरोपी विक्रम सिंह को रिमांड पर लेकर पंजाब रवाना हो गई। गौरतलब है कि गुरुवार देर शाम भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा बॉर्डर आउटपोस्ट पर एसएसबी और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने नियमित जांच के दौरान पंजाब के रूपनगर निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वह फरवरी 2023 में पंजाब के अजनाला थाना हमले के बाद से फरार चल रहा था और नेपाल में पहचान छिपाकर रह रहा था। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है। जांच में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह, अवैध सीमा पार कराने वाले नेटवर्क तथा आरोपी की मदद करने वाले स्थानीय सहयोगियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। इसके मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी और अधिक सख्त कर दी गई है।

# विशेष लोक अदालत के प्रति जागरूक किया गया

**स्वतंत्र भारतबलिया।** बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया श्री अनिल कुमार झा के आदेशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में वन स्टॉप सेंटर, बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरालीगल वालंटियर्स श्रीमती रीता शर्मा, श्रीमती मीरा, श्रीमती शिल्पी गुप्ता, श्रीमती दीप्ती एवं भोला शर्मा ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य प्रतिभागियों को विधिक अधिकारों और न्यायिक योजनाओं की जानकारी दी।इस दौरान बताया गया कि मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में 'समाधान समारोह-2026' के अंतर्गत पूरे देश में विशेष लोक अदालत अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों का सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारण करना है, जिनमें समझौते की संभावना हो।पैरालीगल वालंटियर्स ने बताया कि 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों का समाधान कर पक्षकारों को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण होगा।

# रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल ने बिरोही-गैपुरा खंड के मध्य नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का किया संरक्षा निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल, प्रणजीव सक्सेना ने आज दिनांक 24 जुलाई, 2026 को बिरोही-गैपुरा रेल खंड के मध्य नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य नई रेल लाइन पर यात्री एवं मालगाड़ियों के परिचालन से पूर्व ट्रैक, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, ओवरहेड विद्युत उपकरण (ओएचई) तथा अन्य संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण करना था।

इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे विनीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अजीत सिंह यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) मो. मुबश्शिर वारिस, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी यू. सी. शुक्ला, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) मयंक राणा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-क अंकित गुप्ता सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी तथा प्रयागराज मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रेल संरक्षा आयुक्त ने सर्वप्रथम मोटर ट्रॉली द्वारा बिरोही-गैपुरा खंड के मध्य नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने गैपुरा स्टेशन की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली का परीक्षण किया। निरीक्षण के अगले चरण में गैपुरा से बिरोही के मध्य डीजल लोकोमोटिव द्वारा स्पीड ट्रायल किया गया, जिसके माध्यम से ट्रैक की गुणवत्ता एवं परिचालन क्षमता का परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने नई तीसरी रेल लाइन पर बिछाई गई पटरियों, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, पुल-पुलियाओं, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा दूरसंचार प्रणाली का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की तथा संरक्षा से जुड़े आवश्यक अभिलेखों एवं परीक्षण रिपोर्टों का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न तकनीकी टीमों द्वारा ट्रैक, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत तथा अन्य प्रणालियों के संबंध में आवश्यक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। साथ ही निर्धारित गति से विशेष निरीक्षण रेलगाड़ी का संचालन कर ट्रैक की स्थिरता, संरचनात्मक गुणवत्ता एवं सुरक्षित परिचालन क्षमता का परीक्षण भी किया गया।

बिरोही-गैपुरा खंड के मध्य तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण होने के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा किया गया यह संरक्षा निरीक्षण इस परियोजना के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य चरण है। रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस नई तीसरी रेल लाइन पर रेल परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण रूप से चालू होने पर इस व्यस्त रेल मार्ग की लाइन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध हो सकेगा। साथ ही यात्री एवं मालगाड़ियों के परिचालन में दक्षता बढ़ेगी तथा भविष्य में बढ़ते रेल यातायात को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

# समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक के विरोध किया प्रदर्शन

### पुलिस ने नहीं जलाने दिया केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फोटो



**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवईं थाना क्षेत्र के मनसैता पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पेपर लीक के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का और गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए एसीपी थरवई, थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय अपनी फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शन करने वाले हाथ में पम्पलेट की तख्ती लेकर थरवईं बाजार की तरफ आना चाह रहे थे लेकिन पुलिस सभी प्रदर्शनकारी को कड़ी मशक्कत से रोक रखे थे। किसी प्रदर्शनकारी को आगे बढ़ने नहीं दिया गया। वहीं पर समाजवादी पार्टी के युवा नेता महेश यादव केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फोटो फूंकने की कोशिश किया तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फोटो को छीन लिया। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने सभी प्रदर्शनकारी को समझाबुझा कर के धरना प्रदर्शन को समाप्त करवाया।प्रदर्शन में शामिल अंशु यादव सरकार शिवा केसरवानी हर्ष पांडे सद्दाम अंसारी दीपेश कुशवाहा आशीष यादव रोहित यादव आदि समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तहसीलदार कोरांव की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने किया नारेबाजी व न्यायालय में जड़ा ताला

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** कोरांव तहसीलदार रोशनी सोलंकी की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने आज भारी संख्या में एकत्र होकर जमकर नारेबाजी करते हुए स्थानांतरण की मांग की।कयी दिनों से अधिवक्ताओं को अपमानित करने व फाइल के निस्तारण में लम्बी वसूली की मांग आम बात बन गई थी। वहीं आज पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी के साथ भारी तादाद में तहसीलदार वापस जाओ के नारे लगाए गए। तथा न्यायालय ने ताला जड़ दिया गया। इतना ही अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इनका स्थानांतरण नहीं किया गया तो सोमवार तक नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध दरी बिछाकर लगातार न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## भारत की बूमरैंग टीम इंडोनेशिया में वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए तैयार

**प्रयागराज।** भारत के पारंपरिक और उभरते हुए बूमरैंग खेल को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। इंडो बूमरैंग एसोसिएशन के बैनर तले भारतीय एथलीट इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली 'वर्ल्ड बूमरैंग चैंपियनशिप' में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत में बूमरैंग खेल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। देश के पहले पेशेवर बूमरैंग थ्रोअर और डिजाइनर विवेक मॉन्ट्रोज, जो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ बूमरैंग एसोसिएशंस , जर्मनी के सदस्य हैं और इंडो-बूमरैंग एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं, के नेतृत्व में भारत की टीम इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड बूमरैंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

विवेक मॉन्ट्रोज की यात्रा बचपन में शुरू हुई थी, जब उन्हें पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की शिक्षाविद और स्वदेशी शोधकर्ता लिली भावना कौलर से पहला बूमरैंग मिला। भारत की टीम में देश के विभिन्न राज्यों से चुने गए खिलाड़ी में जय सिंह यादव झ उत्तर प्रदेश,भगवान दास टोप्पो झ पश्चिम बंगाल, यश शुक्ला- मध्य प्रदेश, हरिओम सूर्यवंशी - मध्य प्रदेश,भावना त्यागी- दिल्ली, बाला सुब्रह्मण्य- तमिलनाडु, प्रभाकरण- तमिलनाडु है। साथ ही संगठन के सदस्य रविकांत मिश्रा, नितिन कुशवाहा और डॉ शुभान्शु सिंह भी टीम का हिस्सा होंगे।

भारत की जनता को उम्मीद है कि यह टीम तिरंगे का मान बढ़ाकर लौटेगी और बूमरैंग खेल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी।

# अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के विशेषज्ञों द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट एवं मूत्र रोग सम्बन्धी समस्याओं का निदान व परामर्श अब प्रयागराज में ही उपलब्ध




**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज व आस पास के जिलों से प्रयागराज में आने वाले किडनी मरीजों को अब अपने ही शहर में ही किडनी ट्रांसप्लांट सम्बन्धी सुपरस्पेशलिटी विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा मिलेगी। प्रयागराज के डॉ अनुराग सिंह किडनी केयर सेण्टर ने अपोलो हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से प्रयागराज में ही विशेष किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी की शुरूआत की है जिसका शुभारम्भ शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को डॉ अनुराग सिंह एवं डॉ मयंक मोहन अग्रवाल, अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा किया गया । यह ओपीडी 24 जुलाई से शुरू हो कर प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. अनुराग सिंह के किडनी केयर सेंटर, प्रयागराज में संचालित होगी। यहां अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के यूरोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. मयंक मोहन अग्रवाल मरीजों को परामर्श देंगे।

इस ओपीडी के माध्यम से मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट, किडनी फेल्योर, किडनी कैंसर, प्रोस्टेट एवं ब्लैडर संबंधी समस्याओं, बार-बार होने वाले यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई), पेशाब में रुकावट, पथरी तथा अन्य जटिल यूरोलॉजिकल रोगों से संबंधित विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

इस ओपीडी के बारे में बात करते हुए डॉ. अनुराग सिंह ने बताया, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में किडनी फेल्योर, डायलिसिस तथा यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई मरीजों को विशेषज्ञ किडनी ट्रांसप्लांट एवं यूरोलॉजी परामर्श के लिए दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ती है। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के सहयोग से शुरू की जा रही यह नियमित ओपीडी मरीजों के लिए विशेषज्ञ सेवाओं को अधिक सुलभ बनाएगी।

ओपीडी के शुभारंभ पर डॉ. मयंक मोहन अग्रवाल ने कहा, किडनी की बीमारी कई बार शुरूआती चरण में स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाती और मरीज विशेषज्ञ तक तब पहुंचता है, जब बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। समय पर जांच, उचित उपचार और नियमित फॉलो-अप से किडनी फेल्योर की प्रगति को नियंत्रित किया जा सकता है।

अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के एमडी एवं सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ का उद्देश्य अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं को लखनऊ से बाहर प्रदेश के अन्य शहरों तक पहुंचाना है। प्रयागराज में किडनी ट्रांसप्लांट एवं यूरोलॉजी ओपीडी की शुरूआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से मरीजों को अपोलो के अनुभवी विशेषज्ञों की सलाह उनके अपने शहर में उपलब्ध होगी और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उन्नत जांच, सर्जरी एवं किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सुव्यवस्थित रूप से मार्गदर्शन दिया जा सकेगा। किडनी रोगों में शीघ्र पहचान और सही उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। यह साझेदारी मरीजों को समय पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक सम्पन्न, संगठन के विस्तार हेतु बनी रणनीति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक बीआरसी मंझनपुर के सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बैठक में



जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता अभियान, गुरुवन्दन कार्यक्रम, कर्तव्य बोध दिवस, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थह्नअभियान सहित आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतापगढ़ विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक इस समाज के निर्माण की नींव डालते हैं, उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है ऐसे में शिक्षकों को स्वस्थ चित्त से कार्य करने हेतु उन्हें दबाव मुक्त रखे जाने की आवश्यकता है और शिक्षक ही भारत को विश्व गुरु के पद पर पुनर्स्थापित करेंगे। बैठक में सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजक अवनीश ने किया। बैठक में विभाग सहकार्यवाह सूबेदार, जिम्मी करवरिया, अनुपमा देवी, रघुनाथ, अजय सिंह, ज्ञानेश, बालचंद्र, अनुराग, आलोक, अमरदीप, सुरेश, शिवभरोश, रामकृष्ण साहू, सुरेन्द्र मौर्य, ओमप्रकाश सरोज, विनाचंद्र रजक, अनूप, फरोग अहमद, फरहत नसीर, अनुज त्रिपाठी, राजकिशोर शुक्ल, शचींद्र, पीयूष, नीरज, अरुण शुक्ल, स्नेहांशु, गोरखनाथ, विमलेश, विद्याचरण सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने गाड़ी रोक सुनी दिव्यांग युवक की समस्यायें



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद मंझनपुर मुख्यालय स्थित जिला पंचायत परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के उपरान्त जैसे ही भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य बाहर निकले तो उनकी नजर एक दिव्यांग युवक दीनानाथ मिश्रा पर पड़ी तो उन्होंने तुरन्त अपनी गाड़ी रुकवाकर उनसे मुलाकात की व उनका कुशल-क्षेम जाना और उनकी समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक से सुना। और जब पंडित दीनानाथ मिश्रा ने इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल की आवश्यकता बताई, तो जिलाध्यक्ष ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारी से फोन पर बात कर उन्हें यथाशीघ्र इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। संवेदनशीलता,सेवा भाव और जनहित के प्रति ऐसी तत्परता ही एक सच्चे जनसेवक की पहचान है।

## फॉर्च्यून ने पुरी में शानदार मल्टी सेंसरी अनुभव के साथ रथ यात्रा 2026 का जश्न मनाया

**वाराणसी।** भारत की सबसे बड़ी फूड और एफएमसीजीकंपनियों में से एकएडब्ल्यूएलएग्री बिजनेस लिमिटेडअपने फ़्लैगशिप ब्रांड 'फॉर्च्यून' के जरिए पुरी में सालाना रथ यात्रा समारोह में फिर से शामिल हुई। संस्कृति, खान-पान की परंपराओं, इनोवेशन और ग्राहकों के साथ सार्थक जुड़ाव को एक साथ लाते हुएब्रांड ने भारत के सबसे मशहूर त्योहारों में से एक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आने वाले लोगों के लिए एक यादगार अनुभव तैयार किया। इस पहल पर बात करते हुएएडब्ल्यूएलएग्री बिनेस लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के जॉइंट प्रेसिडेंटमुकेश मिश्रा ने कहाः "एडब्ल्यूएलएग्री बिजनेस में, हमारा मानना है कि ग्राहकों के साथ सबसे अच्छे संबंध उन परंपराओं, स्वादों और सांस्कृतिक पलों को सेलिब्रेट करके बनते हैं जो समुदायों को एक साथ लाते हैं। रथ यात्रा लाखों भक्तों के लिए बहुत खास हैऔर 'फॉर्च्यून' के जरिए हमें एक बार फिर इस भव्य उत्सव का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला। इस सालहमने एक ऐसा मिला-जुला अनुभव तैयार किया जिसमें भक्तों के लिए भोजन, टेक्नोलॉजी, संस्कृति और काम की सेवाओं को एक साथ लाया गया। संस्कृति से जुड़े इस अनुभव के जरिएहमने ऐसे यादगार पल बनाने की कोशिश की जो त्योहार की भावना को दर्शातें हों और साथ ही भारतीय घरों में 'फॉर्च्यून' की खास जगह को और मजबूत करते हों।"

## कार्यकर्ता संगठन का बुनियाद होता है : डॉ मानसिंह यादव



**कोरांव स्वतंत्र भारत।** कोरांव प्रयागराज समाजवादी पार्टी शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर विधानसभा कोरांव स्थित भागीरथी गेस्ट हाउस में विशाल कार्यकर्ता समीक्षा बैठक डाक्टर मानसिंह यादव एमएलसी और पप्पू लाल निषाद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुआ समीक्षा बैठक में उपस्थित सपा नेताओं ने कार्यकताओं को चुनाव जीतने की रणनीति बताया गया। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी संगठन का बुनियाद कार्यकर्ताओं पर ही निर्भर होता है और कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं मौजूदा सरकार छात्रों किसान नौजवान अल्पसंख्यक दलित मजदूर विरोधी है जिसके कारण देश और प्रदेश की जनता में भाजपा सरकार के खिलाफ व्यापक आक्रोश व्याप्त है और अब वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे जिस प्रकार से प्रदेश के विकास को गति देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चहुमुंखी विकास किया आज प्रदेश की जनता उनकी ओर आस भरी नजरों से देख रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार से प्रत्येक बूथ पर हमारे संघर्षशील कार्यकर्ता पहाड़ की भांति डटकर भाजपा जैसी निरंकुश सरकार के खिलाफ वोट डालने और डलवाने का काम करते हैं इसके लिए वह सब बधाई के पात्र हैं और कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए जब भी आवश्यकता पड़ेगी तो सड़क पर उतरकर संघर्ष का करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शहादत अली प्रदेश सचिव ने किया बैठक में मुख्य रूप से जय शंकर भारती, लल्लन पटेल राजेश पांडे, रामानुज यादव मेहताब खान, पवन सिंघाल सनाउल्लाह खान, राजकुमार कोल, अखिलेश यादव, प्रधान नौशाद अंसारी, अश्वनी पटेल अजीत पटेल, महेंद्र यादव प्रधान, पवन सोनकर, यादवेंद्र अहीर, सुमन कोल, अनीता कोल, रंजना जैसल , विनय सोनकर, हरि प्रसाद पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसपी ने उत्कृष्ट सेवा पर ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशांबी।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने जमीनी स्तर पर अहम भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रहरियों का उत्साहवर्धन किया। थाना कड़ा धाम क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों को उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।विश्वप्रसिद्ध मां शीतला धाम मन्दिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति व्यवस्था तथा गंगा तटवर्ती और अन्य संवेदनशील गांवों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम प्रहरियों ने लगातार सक्रिय भूमिका निभाई। धार्मिक पर्वों, मेलों और विभिन्न आयोजनों के दौरान भी उन्होंने स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने ग्राम प्रहरियों के कार्यों की सराहना की।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 24 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कौशाम्बी जिले के प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को मंझनपुर स्थित रत्नावली सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में आगामी शैक्षिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ सदस्यता अभियान और विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न बाहरी शक्तियाँ भारत के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप कर युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर तथ्यों को काट-छाँटकर प्रस्तुत की जा रही भ्रामक सूचनाओं से युवाओं एवं विद्यार्थियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा सत्य एवं सकारात्मक विचारों के प्रसार का आह्वान किया।



जिला संयोजक सुशील सोनकर ने बताया कि परिषद आगामी दिनों में जिलेव्यापी सदस्यता अभियान चलाएगी, जिसके अन्तर्गत 27,000 विद्यार्थियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान की सफलता के लिए जिला, तहसील एवं नगर स्तर पर टोलियों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज की बुराइयों के विरुद्ध सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर है।

प्रान्त सह मंत्री शिव बाबू चौधरी ने कहा कि परिषद के कार्यकताओं को अपने नियमित दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और आने वाले समय में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के शैक्षिक, सामाजिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए अनेक रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद सदैव संवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सकारात्मक परिवर्तन में विश्वास रखती है तथा तोड़फोड़, अराजकता एवं हिंसा जैसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती।

बैठक में विभाग संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, प्रांत सह मंत्री शिव बाबू चौधरी, जिला संयोजक सुशील सोनकर, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गौरव मिश्रा एवं अंतरा केसरवानी, मंझनपुर तहसील संयोजक वंश केसरवानी, सिराथू तहसील संयोजक आनंद सिंह पटेल, चायल तहसील संयोजक प्रशांत मणि पांडेय सहित जिले के सभी नगरों के नगर मंत्री, नगर सह मंत्री एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल वाटिका-आंगनबाड़ी के समृद्ध क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय सन्दर्भदाता प्रशिक्षण लखनऊ में सम्पन्न

### प्रशिक्षण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, प्रशिक्षण को ब्लॉक और जनपद स्तर पर बनायें प्रभावी : डॉ. मोनिका रानी



**कौशाम्बी।** बाल वाटिका एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के समृद्ध क्रियान्वयन को लेकर आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय सन्दर्भदाता प्रशिक्षण महानिदेशक बेसिक शिक्षा डॉ. मोनिका रानी एवं राज्य गुणवत्ता सेल के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और देश-प्रदेश से आए सन्दर्भदाताओं की सक्रिय सहभागिता रही। समापन अवसर पर महानिदेशक बेसिक शिक्षा डॉ. मोनिका रानी ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यावहारिक उपयोगिता और भविष्य में अपेक्षित सुधारात्मक सुझावों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान अर्ली बचपन देखभाल और शिक्षा ईसीसी एजूकेटरों का कोर प्रशिक्षण के दूरगामी लाभों पर गहन चिंतन-मनन किया गया। इस बात पर विशेष बल दिया गया कि यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ईसीसीई एजुकेटरों, प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा नोडल शिक्षकों के क्षमता संवर्धन में मील का पत्थर साबित होगा। महानिदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद और ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षणों को अत्यधिक गुणवत्तापरक और सक्रिय सहभागिता के साथ प्रभावी बनाया जाये। प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कौशाम्बी से इन सन्दर्भदाताओं ने की सहभागिता से इस पांच दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर में सम्पूर्ण प्रदेश से कुल 105 राज्य स्तरीय सन्दर्भदाताओं ने हिस्सा लिया। जनपद कौशाम्बी से जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) धर्मनाथ, डायट प्रवक्ता धीरज कुमार यादव, एआरपी नरेश कुमार तथा नोडल शिक्षक संकुल अनूप मोहन ने कौशाम्बी का प्रतिनिधित्व करते हुए सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण का औपचारिक समापन हुआ।

## रेलगाड़ी की टक्कर से पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की मौत



**फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के जगदीश पुर पेट्रोल पम्प सामने शुक्रवार की सुबह मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान कराया जिसमें मृतक की पहचान रामपाल पटेल उम्र करीब 55 साल निवासी बेरुई रामनगर के रूप में हुआ । पुलिस ने परिजन को सूचना दिया तो रोते बिलखते घर वाले घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के लड़के देशराज ने बताया कि मेरे पिता पीडब्ल्यूडी विभाग में कर्मचारी हैं इस समय थरवई क्षेत्र में ही ड्यूटी कर रहे है। रोज कि तरह डियूटी जाने के लिए सुबह घर से निकले थे। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आयकर कर्मचारी महासंघ, इलाहाबाद शाखा का चुनाव सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** आयकर कर्मचारी महासंघ, इलाहाबाद शाखा के वर्ष 2026-27 के चुनाव में चुनाव संयोजक प्रेम चन्द, आयकर निरीक्षक तथा ए0 पी0 वर्सने की देख-रेख में सम्पन्न चुनाव प्रक्रिया में अधोलिखित पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किये गये- शाखा अध्यक्ष कामरेड अजमत हुसैन, शाखा उपाध्यक्ष कामरेड पुष्पराज पटेल, शाखा सचिव कामरेड श्रीयांक आनन्द, शाखा संयुक्त सचिव कामरेड विपिन कुमार मिश्रा, शाखा कोषाध्यक्ष कामरेड शैलेन्द्र कुमार, डेलीगेट कामरेड नीरज कुमार यादव, डेलीगेट कामरेड पंकज पटेल डेलीगेट कामरेड विकास रावत।

चुनाव परिणाम के उपरान्त आयकर भवन के भूतल पर आयोजित सभा में निर्वतमान अध्यक्ष कामरेड भगवान प्रसाद पटेल द्वारा सभा का संचालन किया गया जिस कड़ी में जोनल सचिव कामरेड नागेन्द्र सिंह यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुये आयकर कर्मचारियों को संबोधित किया। साथ ही सदस्यों ने पदाधिकारियों को माला पहनाते हुये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। सभा को कामरेड नागेन्द्र सिंह यादव एवं चुने गये सभी पदाधिकारियों द्वारा भी संबोधित किया एवं मतदाताओं के प्रति अभार प्रकट किया गया। सभा में, ए0पी0 वर्षने, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव अरविन्द चौधरी, नवीन मौर्य, अंकित मिश्र, देवेन्द्र चौधरी, सुभाष सरोज, राहुल, वरुण, अभिषेक, नीलम मौर्या, ममता चौधरी,श्रीमती सोनम एवं श्रद्धा केशरवानी, विकास, आदिल, आदर्श, सूरज मिश्रा, बी0पी0 यादव,मलखान सिंह,अदनान, जावेद, सुरेश कुमार, विष्णु श्रीमाली, नीरज पटेल, संदीप चौहान, इन्दू आदि भी उपस्थित रहे।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## समाधान के लिए

नीट में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ियों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से चल रहा विरोध प्रदर्शन बीस तारीख के संसद मार्च के बाद अब पूरे उबाल पर आ चुका है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि गड़बड़ियों की जिम्मेदारी के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें और प्रवेश परीक्षा में सुधार के लिए व्यापक कदम उठाए जाएं। मामले को इसी बिंदु पर सुलझाने की जिम्मेदारी के साथ कोशिश की गई होती तो स्वाभाविक रूप से इसमें उग्रता न आती। लेकिन ऐसा न हुआ। बल्कि युवाओं की मांग के समर्थन में बीस दिनों से अनशन पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक को पिछली अठारह तारीख को पुलिस ने जबरन अस्पताल में भर्ती करवा दिया। आंदोलन को दबाने की कोशिश के रूप में इसे देखा गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के संसद मार्च के दौरान सुरक्षाबलों के बल प्रयोग ने भड़काने का काम किया व कई जगह दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। अगर समय रहते प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें भरोसे में लेने का रास्ता अपनाने की पहल होती तो संसद मार्च और उसके बाद की घटनाओं को टाला जा सकता था। दिल्ली में छात्रों का असंतोष भड़का तो उसकी गूंज अन्य राज्यों तक पहुंची क्योंकि वहां भी विगत में कई पाठ्यक्रमों और सेवाओं की प्रवेश एवं अन्य परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं की बात सामने आ चुकी है जिससे बड़ी संख्या में छात्रों का करियर प्रभावित हुआ। नतीजा यह है कि पटना, लखनऊ, बांसवाड़ा, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में भी युवा सड़क पर आ गए। उधर, प्रदर्शनकारी जंतर मंतर पर डटे हैं और अपनी मांगों को लेकर दृढ़ हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के जाने माने लोगों ने भी उनके साथ सहानुभूति और समर्थन व्यक्त किया है। राजनीतिक दलों ने भी उनका समर्थन किया है और संसद भी यह ऐसा मुद्दा बन गया है कि दोनों सदनों में कोई कामकाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सरकार और विपक्ष की प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि आंदोलनकारी युवाओं की मांगों पर गंभीरता के साथ विचार किया जाए और उनको विश्वास में लेकर समाधान निकाला जाए। पेपर लीक मामलों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया है कि इनके त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन होगा। आंदोलन की अगुवा काकरोच जनता पार्टी को भी सावधानी बरतनी चाहिए कि अब जब सरकार उनकी मांगों पर विचार के मूड में आ गई है तो आंदोलन में अनावश्यक उग्रता न आने पाए।

## अब डेंगू का खतरा

बरसात के दिनों में सड़कों, गली-मोहल्लों आदि जगहों पर जलभराव होना आम बात है। गड्ढों में जमा होने वाला पानी तो वहीं सड़ता रहता है। इसके अलावा घरों में तमाम सामानों में पानी इकट्ठा होकर जमा रहता है। पानी का यह जमाव मच्छर पैदार होने का सबसे बड़ा कारण है जो तरह-तरह की बीमारियां फैलाते हैं। खांसी-बुखार और वायरल इनमें सबसे आम है। लेकिन मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली सबसे खतरनाक बीमारी डेंगू है। आमतौर पर इसके बुखार को साधारण समझ कर उसके प्रति साधारण सतर्कता ही बरती जाती है जबकि वास्तव में यह होता कुछ और है। डेंगू का प्रकोप हर साल बरसात में फैलता है। इससे तमाम लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। ऐसे में जरूरी है कि बरसात के दौरान इसको लेकर खास सावधानियां बरती जाएं। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि घरों में कूलर, गमलों, पुराने टायरों, बाल्टियों तथा अन्य बर्तनों में पानी जमा न होने देने पर खासतौर से ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है और अपना प्रकोप फैलाता है। इसके मामले अच्छी-खासी बरसात के कारण पानी जमा हो जाने के बाद जुलाई के अंतिम सप्ताह से बढ़ते हैं और सितंबर-अक्टूबर में सबसे ज्यादा होते हैं। यीन यह समय सबसे ज्यादा सावधान और सतर्क रहने का है। इसमें सबसे जरूरी यह है कि चिकित्सक के निरंतर संपर्क में रहा जाए। बुखार आने पर खुद से उसकी दवा लेने के बजाय अस्पताल जाकर उसकी जांच कराई जाए कि क्या यह वास्तव में साधारण बुखार है या कुछ और। पानी का जमाव कहीं-कहीं बरसात के अलावा बाकी दिनों में भी हो जाता है जिससे डेंगू का बुखार आने की आशंका बनी रहती है। इसमें मच्छरजनित बीमारियों में डेंगू के अलावा मलेरिया और चिकनगुनिया का प्रकोप भी हो जाता है जिसे लेकर गंभीरता न बरती जाए तो जान पर बन आती है। इसलिए बीमारियों के लिहाज से बरसात के दिनों को सुरक्षित नहीं माना जा सकता। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को भी इसे लेकर विशेष कदम उठाते रहना होगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**फास्ट ट्रैक पर केंद्र, वांगचुक ने तोड़ा अनशन**
देर से हुआ फास्ट ट्रैक फैसला

**लड़कियों पर बल प्रयोग देखकर पीड़ा हुई: मुरली मनोहर जोशी**
लड़कों के पिटने पर भी दुख होना चाहिए है

**अब नौकरियों में बिना भेद भाव होता है युवाओं का चयन : योगी**
अतीत में भेदभाव का शिकार युवाओं के लिए विशेष वैकेंसी निकालिए

**छात्रों के देशव्यापी प्रदर्शन पर हाईअलर्ट**
छात्र घर में पिता से और स्कूल में टीचर से पिटते हैं,अब बाहर भी खतरा

**त्योहारों के पहले गेहूं और महंगा होने के आसार**
फ्री वालों को नो टैंशन

**चातुर्मास कल से,चार माह तक नहीं गूंजेगी शादी की शहनाई**
शादी के बाद के खतरों को परखने के लिए जब तक मॉकड्रिल कीजिए

♦♦♦

# देर से आए और दुरुस्त भी नहीं हैं!

**- अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस ने छात्रों के मुद्दे पर प्रदर्शन करने में बहुत देरी कर दी। अगर राहुल गांधी 17 जून की अपनी कोटा यात्रा के बाद इस अभियान को जारी रखते तो उनके सामने साख का सवाल नहीं खड़ा होता और न यह आरोप लगता कि वे कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को हाईजैक करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि जून में भी कांग्रेस ने प्रदर्शन शुरू करने में बहुत देर कर दी थी। तीन मई को नीट यूजी की परीक्षा हुई थी और सात मई को पेपर लीक की खबर आ गई थी। एक साल के अंतराल पर यह दूसरी बार हुआ था। इससे पहले 2024 की नीट यूजी परीक्षा में भी पेपर लीक से लेकर परीक्षा केंद्र मैनेज होने की खबरें आई थीं। उस समय पूरी परीक्षा तो रद्द नहीं हुई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा था और कई केंद्रों पर दोबारा परीक्षा हुई थी। 2024 की परीक्षा में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे।

तभी एक साल के अंतराल पर फिर नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद छात्रों और युवाओं का उद्वेलित होना स्वाभाविक था। ध्यान रहे पिछले 10 साल में डेढ़ सौ परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। इनमें अनेक परीक्षाएं ऐसी हैं, जिनमें एक लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। तभी मई के पहले हफ्ते में पेपर लीक की खबर आने और 12 मई को परीक्षा रद्द होने के बाद ही कांग्रेस को यह मुद्दा उठाना चाहिए था और सरकार को जवाबदेह ठहराना चाहिए था। लेकिन कांग्रेस ने इसकी लड़ाई भी सोशल मीडिया में लड़ी। जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी के आधार पर कॉकरोच जनता पार्टी बन गई और उसने छह जून के प्रदर्शन का ऐलान किया तब कांग्रेस ने उसके पीछे पीछे अपना कार्यक्रम घोषित किया।

कांग्रेस ने तय किया कि राहुल गांधी 17 जून को कोटा जाएंगे। उसके बाद एक लंबा गैप होगा, करीब 23 दिन का। फिर वे 10 जुलाई को प्रयागराज और 11 जुलाई को पटना में छात्रों से संवाद करेंगे और उसके बाद इन तीन कार्यक्रमों का समापन दिल्ली में होगा। यह 23 दिन का जो गैप था वह राहुल गांधी की अगंभीरता और उनकी राजनीति में निरंतरता की कमी को दिखाता है। बताया जा रहा है कि उनका 20 दिन से ज्यादा के लिए विदेश दौरे का निजी कार्यक्रम बना हुआ था।

गौरतलब है कि लगभग उसी समय नीट यूजी के 23 लाख छात्र और सीबीएसई के 10वीं की बोर्ड के 18 लाख के करीब छात्र अपनी समस्याओं से जूझ रहे थे। सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग व्यवस्था ने छात्रों को बहुत परेशान किया था। लेकिन राहुल गांधी ने देश में रहते हुए भी इसे बड़ा मुद्दा नहीं बनाया और फिर पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक विदेश चले गए। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी देश के छात्रों व युवाओं को यकीन दिला पाएंगे कि जरुरत होने पर वे उनके साथ खड़े होंगे और उनका मुद्दा उठाएंगे? इसमें संदेह है। राहुल गांधी ने मंगलवार, 21 जून को प्रधानमंत्री आवास के बाहर जो प्रदर्शन किया वह परफॉर्मेटिव पोलिटिक्स का बेहतरीन उदाहरण है। लेकिन उसके पीछे नैतिक बल और प्रतिबद्धता नदारद है। तभी उनके प्रदर्शन में कांग्रेस के लोग जुटे और कांग्रेस के नेताओं ने भीड़ जुटाई। वह भीड़ उस तरह से ऑर्गेनिक नहीं थी, जैसी जंतर मंतर पर जुटी थी या अब भी जंतर मंतर पर जमी है। छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज का मुद्दा उठा कर बुधवार, 22 जुलाई को राहुल गांधी और अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहन कर संसद में पहुंचे। लेकिन वास्तविकता यह है कि जब छात्र अपनी समस्याओं से जूझ रहे थे और जंतर मंतर पर लाठी खा रहे थे तब कांग्रेस वहां नहीं थी। इसलिए आगे भी यह यकीन करना मुश्किल होगा कि समय आने पर कांग्रेस वहां मौजूद रहेगी।

कांग्रेस के साथ दूसरी समस्या यह है कि उसके शासन में भी प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक होते थे। अकेले राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के पिछले शासन काल में यानी 2018 से 2023 के बीच 19 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। जैसे अभी केंद्र सरकार किसी की जिम्मेदारी तय नहीं कर रही है वैसे ही कांग्रेस ने भी राजस्थान में किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की थी। सो, कांग्रेस और राहुल गांधी के सामने कई स्तर पर विश्वसनीयता का संकट है। यह संकट सिर्फ निरंतरता और प्रतिबद्धता से दूर हो सकता है। राहुल गांधी की राजनीति में कुछ मामलों में प्रतिबद्धता तो दिखती है लेकिन निरंतरता का घनघोर अभाव है।


अब भी वे आंदोलन में हिस्सा लेने तभी उतरे हैं, जब उनका विदेश दौरा पूरा हो गया, संसद का सत्र चालू हो गया और 20 जुलाई को संसद मार्च में छात्रों व युवाओं की उग्र भावनाओं का ज्वार दिल्ली की सड़कों पर दिखा। इससे पहले ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने मान लिया था कि इस मामले में अब कोई दम नहीं है क्योंकि 21 जून को दोबारा परीक्षा हो गई और अब तो नतीजे भी आ गए। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लेने देहरादून गए थे। लेकिन उसमें राज्य में छह महीने बाद होने वाले चुनाव की तैयारियों की चिंता ज्यादा है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि जंतर मंतर पर आंदोलन का नेतृत्व कर रही कॉकरोच जनता पार्टी बहुत प्रतिबद्ध संगठन है। लेकिन उसके पास सोनम वांगचुक का चेहरा है। वांगचुक की भूख हड़ताल ने छात्रों व युवाओं को भरोसा दिलाया और आंदोलन के लिए प्रेरित किया। ऐसी प्रेरणा का भाव कांग्रेस नहीं जगा पा रही है। उसका प्रदर्शन विशुद्ध राजनीतिक गतिविधि है, जिस पर छात्र और उनके अभिभावक कभी भी पूरा यकीन नहीं करेंगे। ऐसा भी हो सकता है कि कांग्रेस की अति सक्रियता छात्रों के मुद्दे को राजनीतिक विमर्श में बदल दे। ऐसा होगा तो भाजपा को फायदा हो जाएगा।

तभी बेहतर होता अगर सोनम वांगचुक के आंदोलन से आशंकित होने और उसे हाईजैक करने की कोशिश करने की बजाय कांग्रेस उसे वैसे ही मजबूत करती, जैसे अन्ना हजारे के आंदोलन को भाजपा व आरएसएस ने मजबूत किया था। अगर एक बड़े मुद्दे पर छात्र व युवा आंदोलित होंगे तो चुनावों में अंततः उसका लाभ कांग्रेस को ही मिलेगा क्योंकि वह मुख्य विपक्षी पार्टी है और उसके पास अखिल भारतीय संगठन है। आखिर अन्ना हजारे के आंदोलन का लाभ भी अरविंद केजरीवाल और भाजपा दोनों को मिला था।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

जिस परमपद को प्राप्त कर मनुष्य पीछे संसार में नहीं आते हैं. वही मेरा परमधाम है अर्थात् उनका पुनर्जन्म नहीं होता। इस पद की प्राप्ति में सबका समान अधिकार है। इस पर कहते हैं-

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः। मनःषष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति ।।7।।

'जीवलोके' अर्थात् इस देह में (शरीर ही लोक है) यह जीवात्मा मेग ही सनातन अंश है और वही इस त्रिगुणमयी माया में स्थित मन और पाँचों इन्द्रियों को आकर्षित करता है। भला कैसे ?-

शरीरं यदवाप्नोति यच्चाप्युत्क्रामतीश्वरः । गृहीत्वैतानि संयाति वायुर्गन्धानिवाशयात् ।।8।।

जिस प्रकार वायु गन्ध के स्थान से गन्ध को ग्रहण करके ले जाता है, ठीक उसी प्रकार देह का स्वामी जीवात्मा जिस पहले शरीर को त्यागता है, उससे मन और पाँचों ज्ञानेन्द्रियों के कार्यकलापों को ग्रहण करके (आकर्षित करके, साथ लेकर) फिर जिस शरीर को प्राप्त होता है, उसमें जाता है। (जब अगला शरीर तत्काल निश्चित है तो आटे का पिण्ड बनाकर किसे पहुँचाते हैं? लेता कौन है? इसलिये श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि यह अज्ञान तुझे कहाँ से उत्पन्न हो गया कि पिण्डोदक क्रिया लुप्त हो जायेगी।) वहाँ जाकर करता क्या है? मनसहित छः इन्द्रियाँ कौन हैं?-

श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च। अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते ।।9।।

उस शरीर में स्थित होकर यह जीवात्मा कान, आँख, त्वचा, जिह्वा, नासिका और मन का आश्रय लेकर अर्थात् इन सबके सहारे ही विषयों का सेवन करता है। किन्तु ऐसा दिखायी नहीं पड़ता, सब उसे देख नहीं पाते। इस पर श्रीकृष्ण कहते हैं- उत्क्रामन्तं स्थितं वापि भुञ्जानं वा गुणान्वितम्। विमूढा नानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ।।10।। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते।**
**ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि।।**

जो मनुष्य निश्चित यानी सही को छोड़कर अनिश्चित यानी गलत का सहारा लेता है, उसका सही भी नष्ट हो जाता है। इसलिए जब भी कोई निर्णय लें तो सही और गलत की परख अवश्य करें।

♦♦♦

# वैश्विक दवा उद्योग और भारत के लिए नई चुनौतियां



**- अशोक भाटिया**

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है. डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ-टैरिफ खेलने में खूब मजा आता है. अब अमेरिका ऐसा फैसला लेने जा रहा है, जिसका सीधा असर भारत पर पड़ेगा. जी हां, डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले से भारत की मुश्किलें बढ़ जाएंगी. दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में 2028 से इम्पोर्ट की जाने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया. इस फैसले से भारत की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका भारतीय दवा कंपनियों का सबसे बड़ा बाजार है. ट्रंप के इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारत के दवा उद्योग पर पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा. यानी 2028 तक इन दवाओं पर आयात शुल्क शून्य रहेगा. लेकिन इसके बाद नियम पूरी तरह बदल जाएंगे. 2028 से एक साल के लिए इसे बढ़ाकर 100 परसेंट और फिर उसके बाद 200 परसेंट कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद ऐसी फार्मास्युटिकल दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग को अमेरिका में ही शुरू करना है. इस कदम से भारत पर असर पड़ सकता है. कारण कि अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है.

डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों का मूल मंत्र हमेशा से 'अमेरिका फर्स्ट' और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना रहा है। अपने पिछले कार्यकालों में उन्होंने ऑटोमोबाइल, स्टील और टेक सेक्टर पर ध्यान केंद्रित किया था, लेकिन इस बार उनका निशाना देश की जीवनदायिनी स्वास्थ्य प्रणाली और दवा उद्योग पर है।इस कड़े कदम के पीछे ट्रंप प्रशासन के मुख्य तर्क निम्नलिखित हैं जैसे सप्लाई चेन की आत्मनिर्भरता- कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिका ने महसूस किया था कि वह जीवन रक्षक दवाओं और उनके कच्चे माल के लिए चीन और भारत जैसे देशों पर अत्यधिक निर्भर है। ट्रंप इस रणनीतिक कमजोरी को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं। घरेलू रोजगार का सृजन- जब विदेशी कंपनियां अमेरिका में अपने प्लांट स्थापित करेंगी, तो वहां अरबों डॉलर का निवेश होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए उच्च कुशल विनिर्माण क्षेत्र में लाखों रोजगार पैदा होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा- अमेरिकी नीति निर्माताओं का मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता एक राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम है। किसी भी भू-राजनीतिक तनाव या युद्ध की स्थिति में देश में दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है।

गौरतलब है कि दुनिया भर में 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में मशहूर भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए यह फैसला एक बहुत बड़ा झटका है। भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा देश है। अमेरिकी बाजारों में बिकने वाली हर तीन में से एक जेनेरिक दवा किसी न किसी भारतीय कंपनी द्वारा बनाई जाती है।इस नई नीति के लागू होने से भारतीय और वैश्विक दवा बाजार पर निम्नलिखित गंभीर प्रभाव पड़ेंगे जैसे अमेरिका में प्लांट लगाने का भारी दबाव- दो साल की 'शून्य टैरिफ' अवधि वास्तव में कोई बड़ी राहत नहीं बल्कि एक अंतिम चेतावनी है। भारतीय कंपनियों के पास केवल 24 महीने का समय है कि वे अमेरिका की धरती पर जमीन खरीदें, प्लांट लगाएं, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मंजूरियां लें और व्यावसायिक उत्पादन शुरू करें। जो कंपनियां ऐसा नहीं कर पाएंगी, वे 100% और 200% टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार से पूरी तरह बाहर हो जाएंगी।लागत में भारी बढ़ोतरी- अमेरिका में जमीन, बुनियादी ढांचा, बिजली और सबसे महत्वपूर्ण 'लेबर' (श्रम) की लागत भारत की तुलना में कई गुना अधिक है। अमेरिका में दवा बनाने से कंपनियों की उत्पादन लागत आसमान छूने लगेगी, जिससे उनके मुनाफे के मार्जिन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।पूंजीगत व्यय का संकट- भारत की प्रमुख फार्मा कंपनियों (जैसे सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, ल्यूपिन और ऑरोबिंदो) को अमेरिकी धरती पर नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए अरबों डॉलर का भारी-भरकम निवेश करना होगा। इससे कंपनियों के कर्ज में बढ़ोतरी हो सकती है और घरेलू अनुसंधान एवं विकास के लिए उनके पास फंड की कमी हो सकती है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम जितना विदेशी कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण है, उतना ही यह खुद अमेरिकी नागरिकों और वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए भी आत्मघाती साबित हो सकता है। जेनेरिक दवाओं का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि वे ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 से 90 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। इससे अमेरिकी सरकार के 'मेडिकेयर' और 'मेडिकेड' जैसे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का खर्च नियंत्रित रहता है।

यदि विदेशी कंपनियां दो साल के भीतर अमेरिका में उत्पादन शुरू नहीं कर पाती हैं, तो आयातित दवाओं पर 100% से 200% टैरिफ लगने के कारण अमेरिका में दवाओं की कीमतें रातों-रात दोगुनी या तिगुनी हो जाएंगी। इसके विपरीत, यदि कंपनियां अमेरिका में उत्पादन शुरू भी कर देती हैं, तो वहां की उच्च विनिर्माण लागत के कारण दवाओं के दाम अंततः बढ़ेंगे ही। दोनों ही परिस्थितियों में नुकसान अमेरिकी मरीजों का होगा, जिन्हें अपनी जेब से अधिक पैसे खर्च करने होंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि इस संक्रमण काल के दौरान अमेरिका में कई आवश्यक दवाओं की भारी किल्लत भी पैदा हो सकती है। हालांकि यह नीति सभी आयातित जेनेरिक दवाओं पर समान रूप से लागू होती है, लेकिन चीन और भारत के संदर्भ में इसके मायने अलग हैं। अमेरिका काफी समय से चीन से आने वाले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स और दवाओं पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। चीन के साथ अमेरिका के भू-राजनीतिक संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं, इसलिए चीन के लिए अमेरिकी बाजार के दरवाजे लगभग बंद होने जा रहे हैं।दूसरी ओर, भारत के साथ अमेरिका के संबंध रणनीतिक और व्यापारिक रूप से काफी मजबूत हैं। ट्रंप प्रशासन भारत को एक मित्र देश मानता है, लेकिन व्यापार घाटे के मामले में ट्रंप किसी को रियायत नहीं देते। भारत के लिए चुनौती यह है कि भारतीय कंपनियां स्वयं अपने कच्चे माल के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि भारतीय कंपनियां अमेरिका में प्लांट लगाती भी हैं, तो उन्हें कच्चे माल की आपूर्ति के लिए एक नया और सुरक्षित नेटवर्क तैयार करना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### बौने अस्तित्व पर इतराना क्यों?

एक समृद्ध भूमिपति था। उसे स्वयं के संपन्न होने का बड़ा घमंड था। एक बार वह दार्शनिक सुकरात के पास पहुंचकर अपनी समृद्धि के बारे में बढ़-चढ़कर बताने लगा। सुकरात काफी देर तक उसकी बात सुनते रहे। जब वह काफी कुछ बता चुका तो सुकरात ने संसार का नक्शा मंगवाया और उसे फैला कर उस व्यक्ति से पूछा, इसमें बताना तो यूनान कहां है?

उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया।

अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा।

इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया।

जिस भूमि के तुम स्वमी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया।

इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?

इस पर सुकरात ने कहा, जब तुम एक छोटा-सा भूखंड इस नक्शे में नहीं बता सकते तब समूचे ब्रह्मांड में तुम्हारा अस्तित्व ही कितना है। जरा विचार करो, जब तुम्हारा अस्तित्व इतना बौना है, तब घमंड किस बात का कर रहे हो?

**उस भूमिपति ने एक स्थान पर उंगली रखकर बता दिया। अच्छा, एटिक प्रांत कहां है? सुकरात ने पुनः पूछा। इस बार थोड़ी कठिनाई से उसने वह भी बता दिया। जिस भूमि के तुम स्वमी हो, वह कहां है? सुकरात ने तीसरा प्रश्न किया। इस बार वह असमंजस में पड़ गया और बोला, भूमि का वह छोटा-सा हिस्सा नक्शे में कैसे बताया जा सकता है?**

## आपका पत्र मिला

### लंबित मुकदमों का संज्ञान लें न्यायालय व सरकार

एक खबर के अनुसार देश के विभिन्न न्यायालयों में करीब 5.64 करोड़ प्रकरण लंबित हैं. कुछ तो करीब 30 साल से और बहुत से एक दशक से भी अधिक समय से पेंडिंग हैं. सरकार ने लिखित में इसकी जानकारी दी है. मुकदमों के लंबित होने के प्रमुख कारण तथ्यों की जटिलता, साक्ष्यों की प्रकृति, हितधारकों का सहयोग एवं जजों के रिक्त पदों को समय पर भरने की प्रक्रिया आदि ऐसे कारण हैं जिससे पेंडिंग केसेस की संख्या बढ़ती जा रही है।

ऐसा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल द्वारा संसद के दोनों सदनों को बताया गया. खैर जो भी है ये सरकार और न्यायालय दोनों के बीच का मामला है. दोनों मिलकर कैसे हैंडल करते हैं ये उनपर निर्भर है. आम लोगों को तो शीघ्र न्याय पाने से मतलब होता है ताकि वे तारीख पर तारीख बढ़ने की लम्बी प्रक्रिया से निजात पा सकें। मुकदमों में कई तरह की जटिलताएं आती हैं. यह भी सच है साक्ष्यों की प्रकृति और हितधारकों के सहयोग की समस्याएं भी निर्णय में देरी के कारण हो सकते हैं. सरकार और न्यायालय दोनों मिलकर ही बेहतर व्यवस्थापकीय समाधान खोज सकते हैं जो कि पेंडिंग को कम कर सकें और शीघ्र न्याय की प्रक्रियाओं को गति दे सकें। जिससे आम मुवक्किल को बरसों तक कोर्ट आने-जाने व समय एवं धन से राहत मिल सके. फिर चाहे जजों के रिक्त पदों को भरने की समस्या हो या आधुनिक प्रणाली के उपयोग की प्रक्रिया। असम्भव को संभव सरकार व न्यायालय मिलकर ही बना सकते हैं और एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं शीघ्र मुवक्किलों को न्याय दिलाकर। अगर ऐसा कुछ हो जाए तो वह सोने पे सुहागा से कम नहीं होगा।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बारिश में बच्चों के स्कूल बैग में क्या-क्या रखें?

## हर अभिभावक को जाननी चाहिए ये बातें



मानसून का मौसम जहां ठंडक और हरियाली लेकर आता है, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके माता-पिता के लिए कुछ अतिरिक्त तैयारियों की भी जरूरत होती है। अचानक होने वाली बारिश, गीले कपड़े, कीचड़ और नमी के कारण बच्चों को असुविधा हो सकती है। ऐसे में यदि स्कूल बैग में कुछ जरूरी सामान पहले से रखा जाए, तो छोटी-छोटी समस्याओं से आसानी से निपटा जा सकता है।

बारिश के मौसम में बच्चों की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता और आराम का ध्यान रखना भी जरूरी है। गीले जूते या मोज़े, भीगे हुए नोटबुक या कॉपी-किताबें और हाथ साफ रखने की चुनौती जैसी स्थितियां अक्सर सामने आती हैं। सही तैयारी से इन परेशानियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अगर आपका बच्चा रोज़ स्कूल जाता है, तो मानसून शुरू होने से पहले उसके स्कूल बैग की एक बार अच्छी तरह जांच करें और उसमें मौसम के अनुसार जरूरी चीजें शामिल करें। यहां हम ऐसी उपयोगी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं, जो बारिश के दिनों में बच्चों के लिए बेहद काम आ सकती हैं और उनके स्कूल का दिन अधिक आरामदायक बना सकती हैं।

**छोटा फोल्डिंग छाता या हल्का रेनकोट रखें** -बारिश का मौसम कब करवट बदल ले, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होता है।

इसलिए बच्चों के बैग में हल्का फोल्डिंग छाता या कॉम्पैक्ट रेनकोट रखना उपयोगी रहता है।

इससे अचानक बारिश होने पर वे भीगने से काफी हद तक बच सकते हैं।

**अतिरिक्त मोजे और छोटा तौलिया रखें**- अगर रास्ते में मोज़े या जूते गीले हो जाएं, तो अतिरिक्त सूखे मोज़े बच्चे को अधिक आराम दे सकते हैं।

साथ ही एक छोटा तौलिया या साफ रूमाल हाथ, चेहरा या बाल पोंछने के काम आ सकता है।

**वाटरप्रूफ पाउच और किताबों की सुरक्षा का रखें ध्यान**- बारिश में बैग के अंदर नमी पहुंचने का खतरा रहता है।

कॉपियों, किताबों, आईडी कार्ड को वाटरप्रूफ पाउच या ज़िप-लॉक बैग में रखने से उन्हें भीगने से बचाया जा सकता है।

**हैंड सैनिटाइजर, टिश्यू और पानी की बोतल रखें**- मानसून में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है।

छोटे आकार का हैंड सैनिटाइज़र, ड्राई या वेट टिश्यू और साफ पानी की बोतल बैग में रखना अच्छी आदत हो सकती है।

इससे बच्चे खाने से पहले या जरूरत पड़ने पर हाथ साफ कर सकते हैं।



**हल्का हेल्दी स्नैक और पहचान संबंधी जानकारी**- यदि स्कूल अनुमति देता है, तो बच्चे के टिफिन के साथ कोई हल्का और पौष्टिक स्नैक रखा जा सकता है।

साथ ही बैग में बच्चे का नाम, कक्षा, अभिभावक का संपर्क नंबर और स्कूल की जानकारी वाला एक पहचान कार्ड भी होना उपयोगी रहता है, खासकर छोटे बच्चों के लिए।



# जलवायु परिवर्तन का नया खतरा, सभी माता-पिता को

जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जिस तरह से दुनियाभर में तापमान बढ़ रहा है, इसने कई तरह के जोखिम खड़े कर दिए हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि बढ़ती गर्मी इंसानों की सेहत बिगाड़ रही है। गर्भवती महिलाओं, नवजात और छोटे बच्चों में इसका सबसे ज्यादा संकट देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में दुनिया के कई हिस्सों में रिकॉर्ड तोड़ हीटवेव देखने को मिली हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। लंबे समय तक रहने वाली गर्मी, उमस भरा मौसम और बढ़ती हीट इंडेक्स जैसी परिस्थितियां गर्भावस्था के दौरान कई तरह की स्वास्थ्य चुनौतियां पैदा कर सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी शरीर के सामान्य कार्यों को प्रभावित कर सकती है, जिससे गर्भवती महिलाओं में थकान, डिहाइड्रेशन, ब्लड प्रेशर में बदलाव और हीट एक्सहॉशन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। कुछ शोधों में इसे समय से पहले प्रसव, जन्म के समय कम वजन और अन्य गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं को बढ़ाने वाला बताया गया है। इसी से संबंधित एक अन्य अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि भीषण गर्मी सहने वाले बच्चों का दिमागी विकास भी प्रभावित हो सकता है।

**छोटे बच्चों के लिए बढ़ती गर्मी खतरनाक**- अध्ययनकर्ताओं ने बताया, नवजात और छोटे बच्चों के लिए बढ़ती गर्मी बहुत खतरनाक हो सकती है। उनके शरीर में तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती, इसलिए तेज गर्मी उनके लिए अधिक जोखिम पैदा कर सकती है। जलवायु परिवर्तन का असर अब केवल मौसम, पर्यावरण और शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रह गया है। नए अध्ययन में संकेत मिले हैं कि गर्भावस्था और जन्म के बाद के शुरुआती महीनों में अत्यधिक गर्मी सहने वाले बच्चों के मस्तिष्क का विकास प्रभावित हो रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जीवन के इस बेहद संवेदनशील दौर में बढ़ता तापमान भविष्य में बच्चों के व्यवहार पर भी असर डालता है।

# आखिर बच्चों को कार्टून ही क्यों पसंद आते हैं, इसके पीछे का विज्ञान

कभी गौर किया है कि जैसे ही टीवी पर कार्टून शुरू होता है, बच्चे अचानक से पूरी दुनिया भूलकर उसी में खो जाते हैं? घंटों तक स्क्रीन से नजरें नहीं हटतीं, लेकिन वही बच्चा किसी फिल्म या स्पोर्ट्स में उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाता। यह बात बेहद आम है, लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि इसके पीछे की वजह क्या है।

यह सिर्फ आदत नहीं, बल्कि इसके पीछे बच्चों के दिमाग से जुड़ा एक खास विज्ञान काम करता है। एक स्टडी के मुताबिक, कार्टून इस तरह बनाए जाते हैं कि वे सीधे बच्चों के विकासशील मस्तिष्क को आकर्षित करें। यही वजह है कि बच्चे उनसे जल्दी जुड़ जाते हैं और लंबे समय तक उनमें खोए रहते हैं। मनोवैज्ञानिकों ने इसके पीछे कई दिलचस्प कारण बताए हैं, आइए इसे समझते हैं।



**चमकीले रंग और तेज रफ्तार का जादू**- बच्चों का दिमाग स्वाभाविक रूप से नई और ज्यादा उत्तेजित करने वाली चीजों की ओर खिंचता है। कार्टून में इस्तेमाल होने वाले चमकीले रंग, तेज गति से बदलते सीन और ऊंची आवाजें, असल जिंदगी की तुलना में ज्यादा आकर्षक लगती हैं। यही वजह है कि कार्टून उनका ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लेते हैं।

**भावनाओं को समझने का आसान तरीका**- कार्टून बच्चों के लिए भावनाओं को समझने का एक सुरक्षित माध्यम बनते हैं। जब स्क्रीन पर कोई किरदार हंसता, डरता या गुस्सा करता है, तो बच्चा भी उन भावनाओं को महसूस करता है और धीरे-धीरे उन्हें पहचानना सीखता है। इस तरह कार्टून उनके भावनात्मक विकास में भी मदद करते हैं।

**कल्पना और हकीकत की दुनिया का संगम**- छोटी उम्र के बच्चों के लिए कल्पना और वास्तविकता के बीच फर्क करना आसान नहीं होता। जादू, बोलने वाले जानवर या उड़ते हुए किरदार उन्हें सच जैसे लगते हैं। कार्टून उनकी इसी कल्पना को आकार देते हैं और उन्हें एक ऐसी दुनिया में ले जाते हैं, जहां सब कुछ संभव है।

**आजादी का एहसास भी करता है आकर्षित**-असल जिंदगी में बच्चों की दिनचर्या बड़े तय करते हैं, लेकिन कार्टून की दुनिया अलग होती है। यहां किरदार नियमों से परे जाकर अपनी मर्जी से सब कुछ करते हैं– चाहे वो उड़ना हो, गिरकर फिर से खड़ा होना हो या असंभव काम कर दिखाना। यही बेफिक्री और आजादी बच्चों को सबसे ज्यादा लुभाती है। यही कारण है कि कार्टून सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों के दिमाग और भावनाओं को प्रभावित करने वाला एक खास माध्यम बन जाते हैं।

# 18 साल का होने वाला है बेटा तो ये 5 बातें उसे जरूर बताएं

हर माता-पिता के लिए उनका बच्चा हमेशा छोटा ही रहता है, लेकिन जब बेटा 18 साल का होने वाला होता है, तो जिंदगी का एक बड़ा मोड़ सामने खड़ा होता है।

यह उम्र सिर्फ कानूनी तौर पर वयस्क बनने की नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों, फैसलों और आत्मनिर्भरता की शुरुआत भी होती है। इस दौर में सही मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि यही वो समय है जब बच्चे अपने जीवन के अहम फैसले लेने लगते हैं, चाहे वो करियर हो, रिश्ते हों या व्यक्तिगत आदतें।

अगर इस समय माता-पिता खुलकर और समझदारी से अपने बेटे से कुछ जरूरी बातें साझा करें, तो यह उसकी जिंदगी को सही दिशा दे सकता है। कई बार हम सोचते हैं कि बच्चे खुद ही सब समझ जाएंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें अनुभव और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। इस लेख में हम आपको बताएंगे 5 ऐसी अहम बातें, जो हर माता-पिता को अपने 18 साल के होने वाले बेटे से जरूर करनी चाहिए, ताकि वह एक जिम्मेदार और सफल इंसान बन सके।

**जिम्मेदारी लेना सीखें**- अब वह बच्चा नहीं रहा, उसे अपने फैसलों की जिम्मेदारी समझनी होगी। छोटे-छोटे काम जैसे अपने खर्च संभालना, समय का सही उपयोग करना और घर के कामों में योगदान देना उसे जिम्मेदार बनाते हैं।

**पैसों की वैल्यू समझाएं** -कमाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसे सही तरीके से खर्च और बचत करना। बजट बनाना, अनावश्यक खर्च से बचना और भविष्य के लिए सेविंग करना, ये आदतें उसे आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगी।

**सही दोस्त और रिश्ते चुनना**- इस उम्र में दोस्ती और रिश्ते बहुत प्रभाव डालते हैं। उसे सिखाएं कि किस तरह सकारात्मक और भरोसेमंद लोगों के साथ रहना चाहिए और गलत संगत से बचना चाहिए।

**डिजिटल लाइफ का सही इस्तेमाल**- सोशल मीडिया और इंटरनेट का सही उपयोग करना बेहद जरूरी है। उसे बताएं कि ऑनलाइन व्यवहार, प्राइवेसी और समय की बर्बादी से कैसे बचा जा सकता है।

**असफलता से डरे नही, सीख लें**- हर किसी को जीवन में असफलता का सामना करना पड़ता है। उसे समझाएं कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का मौका है। यही सोच उसे आगे बढ़ने की ताकत देगी।

# क्या आपका बच्चा सुबह उठकर बिस्तर ठीक करता है?

सुबह उठते ही बिखरा हुआ बिस्तर और पीछे-पीछे मम्मी-पापा की आवाज, ÷कम से कम बिस्तर तो ठीक कर दो! लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बिस्तर ठीक करना सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि एक लाइफ स्किल है? एक छोटी सी आदत, जो बच्चे के व्यक्तित्व, अनुशासन और आत्मसम्मान पर बड़ा असर डालती है। बच्चे हमारी बातों से कम, हमारे व्यवहार से ज्यादा सीखते हैं। अगर आप अपना बिस्तर खुद ठीक करेंगे, तो बच्चा भी यही सीखेगा। आपका व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी किताब है। बच्चों द्वारा खुद का बिस्तर ठीक करने की आदत के भी कई फायदे होते हैं। बिस्तर ठीक करना सिर्फ सफाई नहीं, यह अनुशासन, जिम्मेदारी और आत्मसम्मान की ट्रेनिंग है। आज से इसे डांट नहीं, एक मजेदार रूटीन बनाइए। क्योंकि बड़ी आदतें, छोटी शुरुआत से बनती हैं। आइए जानते हैं क्यों यह छोटी सी आदत इतनी जरूरी है और इसे मजेदार तरीके से बच्चे को कैसे सिखाएं।



### बच्चे के लिए बिस्तर ठीक करना क्यों जरूरी है?

**खुद के प्रति सम्मान**- जब बच्चा अपना बिस्तर खुद ठीक करता है, तो उसे एहसास होता है कि वह अपने काम खुद कर सकता है। यह आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की पहली सीढ़ी है। **व्यवस्थित रहना**- बिखरा कमरा अक्सर बिखरे मन को दर्शाता है। साफ और सजा हुआ बिस्तर बच्चे को सिखाता है कि व्यवस्था भी एक आदत है। **समय की कदर करना**- सिर्फ 2-3 मिनट लगते हैं बिस्तर ठीक करने में। लेकिन यह बच्चे को सिखाता है कि छोटे काम टालने से बड़े काम भी टलते जाते हैं। **काम पूरा करने की आदत** - सुबह का पहला काम पूरा करना बच्चे को टास्क कम्प्लीशन का अनुभव देता है। यह उसे पूरे दिन के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है। **सही शुरुआत, अच्छा दिन**- जब दिन की शुरुआत एक छोटे लेकिन पूरे किए गए काम से होती है, तो मन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। और सच में अच्छी शुरुआत अक्सर अच्छा दिन बनाती है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे को कैसे मोटिवेट करें?

आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ चुका है। चाहे बात हो UPSC की या JEE और NEET जैसी कठिन परीक्षाओं की, हर छात्र सफलता पाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। लेकिन इस सफर में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सही मोटिवेशन और मानसिक सपोर्ट भी उतना ही जरूरी होता है। कई बार बच्चे मेहनत तो बहुत करते हैं, लेकिन रिजल्ट या प्रेशर की वजह से उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। ऐसे में माता-पिता और परिवार की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। सही मार्गदर्शन, सकारात्मक माहौल और भावनात्मक सहयोग बच्चे को न सिर्फ मजबूत बनाता है, बल्कि उसे अपने लक्ष्य तक पहुंचने में भी मदद करता है। अगर आपका बच्चा भी किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है और आप चाहते हैं कि वह बिना तनाव के बेहतर प्रदर्शन करे, तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना होगा। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने बच्चे को मोटिवेट कर सकते हैं, ताकि वह पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को हासिल कर सके।




**सकारात्मक माहौल बनाएं**- बच्चे के आसपास का वातावरण उसकी सोच और प्रदर्शन पर गहरा असर डालता है। घर में शांत और पॉजिटिव माहौल बनाएं, जिससे वह बिना तनाव के पढ़ाई कर सके।

**छोटे लक्ष्य तय करने में मदद करें**- बड़े लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने से बच्चा आसानी से फोकस कर पाता है। इससे उसे हर दिन कुछ हासिल करने का एहसास होता है और मोटिवेशन बना रहता है।

**तुलना करने से बचें**- हर बच्चे की क्षमता अलग होती है। उसे दूसरों से तुलना करने के बजाय उसकी खुद की प्रोग्रेस पर ध्यान दें। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**ब्रेक और रिलैक्सेशन भी जरूरी**- लगातार पढ़ाई करने से दिमाग थक जाता है। बीच-बीच में छोटे ब्रेक, खेल या पसंदीदा एक्टिविटी बच्चे को रिफ्रेश करती है और उसकी उत्पादकता बढ़ाती है।

**भावनात्मक सपोर्ट दें**- बच्चे को यह महसूस कराएं कि आप हर परिस्थिति में उसके साथ हैं। उसकी बातों को सुनें, उसकी परेशानियों को समझें और उसे सही दिशा में गाइड करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 25 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, एकादशी तिथौ शनि वासरे 27/44/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 29/24/ ब्रह्म योग 21/09/ भद्रा करणे 11/35/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- भद्रा समाप्त घं.11 मि.35 पर। हरिशयनी एकादशी। चातुर्मास्य व्रतांरभ।

**मेष** : पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स सट्टा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** : वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** : प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने से हर्ष होगा।

**कर्क** : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**सिंह** : किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कन्या** : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला** : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु** : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए सट्टा लाटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर** : किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ** : आर्थिक लेन-देन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन** : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

# खाने में नखरे करता है बच्चा, तो ऐसे खिलाएं पौष्टिक खाना

सीमा छह साल की बेटी सौम्या से बहुत परेशान है। सौम्या खाने को देखकर नाक-मुंह सिकोड़ती है। असल में, वह पिकी ईटर है, यानी भोजन के मामले में बहुत चूजी। ऐसे बच्चे अक्सर नए खाद्य पदार्थ खाने से मना करते हैं और कुछ खास रंग, स्वाद या टेक्सचर वाले भोजन को नापसंद करते हैं। यह आदत आम तौर पर दो से छह साल की उम्र में देखी जाती है और कई बार इससे बड़ी उम्र के बच्चों में भी। ऐसे में माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता होती है कि बच्चे को सही पोषण कैसे मिलेगा? **पोषण की कमी**- 2020 की 'जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन' के एक अध्ययन के अनुसार, पिकी ईटर बच्चों में आवश्यक पोषक तत्व, जैसे-आयरन, जिंक, विटामिन ए और प्रोटीन की कमी पाई जाती है। इससे उनकी वृद्धि और मानसिक विकास प्रभावित होता है। साथ ही इस कारण ऐसे बच्चों में ऊर्जा की कमी भी सबसे ज्यादा देखी जाती है। अध्ययन में विशेषज्ञों ने सलाह दी कि माता-पिता को रचनात्मक तरीकों से बच्चों के आहार में सुधार करना जरूरी है, ताकि वे संतुलित आहार प्राप्त कर सकें।




**खिलाएं भी, सिखाएं भी** - टीना पांच साल की है और खाने में बेहद पिकी, बिल्कुल सौम्या की तरह। इसलिए एक दिन मां ने उसे ब्रोकली परोसते हुए उसे 'स्मॉल ट्री' कहा। टीना हैरान हुई, ÷ये ट्री है?÷ मां मुस्कुराई, हां, जंगल के नन्हे पेड़! टीना ने बिना मुंह बनाए उसे चखा और पूरा खत्म भी किया। अब मां हर सब्जी को एक कहानी के साथ टीना को खिलाती है, जिससे वह सही पोषण के साथ कुछ नया भी सीखती है।

**पारिवारिक शैली**- हर परंपरा में भोजन बनाने और खाने का अलग-अलग तरीका होता है। कहीं हाथ से खाया जाता है तो कहीं चम्मच से। कहीं खाने के साथ आचार परोसा जाता है तो कहीं पापड़, दही और चटनी। ऐसे में आप अपने पिकी ईटर बच्चे को सही पोषण देने के लिए डाइनिंग टाइम को मजेदार बनाएं। कभी अपनी पारिवारिक शैली को शामिल करें तो कभी कहीं और की। यह बच्चे को सिखाने और खिलाने का बेहतरीन तरीका हो सकता है। **उसे शामिल करें**- बच्चों को भोजन से जोड़ने का एक प्रभावी तरीका है, उन्हें खाना बनाने या सब्जी खरीदने की प्रक्रिया में शामिल करना। जब आप बाजार जाएं तो बच्चे को साथ ले जाएं और उसे पसंदीदा सब्जियां चुनने दें। घर पर छोटे-छोटे किचन टास्क दें, जैसे- सलाद धोना, प्लेट सजाना या रोटी बेलने में मदद करना। साथ ही आप बार-बार यह बात दोहराएं कि आज का खाना बच्चे ने बनाया है। इस तरह की भागीदारी से बच्चे में भोजन के प्रति रुचि बढ़ती है।

**लालच न दें**- बच्चों को खाना खिलाने के लिए उन्हें पसंदीदा चीज, जैसे चॉकलेट या मिठाई देने का लालच न दें। ऐसा करने से बच्चे के मन में उस विशेष चीज का महत्व बढ़ जाएगा, भोजना का नहीं और आपको कभी उसके पिकी ईटर होने से छुटकारा नहीं मिलेगा।

# आज़ादी के दशकों बाद भी उपेक्षित रहा मां मसानी मंदिर



**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र की ग्राम सभा मेहरावां में स्थित प्राचीन मां मसानी मंदिर वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि आज़ादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी मंदिर तक न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई थी और न ही दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था थी। ऐसे में अमरावती चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी रविंद्र कुमार सिंह ने बिना किसी सरकारी पद पर रहते हुए अपनी पहल से मंदिर और गांव की तस्वीर बदलने का कार्य किया। उनके प्रयासों से मंदिर परिसर एवं आसपास स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं, जिससे रात के समय पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगाने लगा है। साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था भी कराई गई, जिससे दूर-दराज़ से आने वाले भक्तों को काफी सुविधा मिलने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस कार्य की अपेक्षा वर्षों से जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत से की जा रही थी, उसे रविंद्र कुमार सिंह ने समाजसेवा की भावना और सकारात्मक सोच के साथ पूरा कर दिखाया। उनका मानना है कि यदि विकास के प्रति सच्ची नीयत हो, तो बिना किसी पद के भी समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। गांव की गलियों में लगी स्ट्रीट लाइटों से जहां आवागमन सुरक्षित हुआ है, वहीं मंदिर परिसर में रोशनी होने से श्रद्धालुओं में भी खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल बिजली की रोशनी नहीं, बल्कि गांव के विकास, विश्वास और नई उम्मीद का प्रतीक है। समाजसेवी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्राम सभा मेहरावां को सुविधाओं से संपन्न और आदर्श गांव के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और सकारात्मक सोच से हर गांव को विकास की नई दिशा दी जा सकती है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मां मसानी मंदिर में हुई यह व्यवस्था और गांव में विकास के कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे तथा मेहरावां की नई पहचान स्थापित करेंगे।

## सर्पदंश से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**स्वतंत्र भारत सुजानगंज जौनपुर।** थाना क्षेत्र के पोखरा गांव में सर्पदंश से तीन वर्षीय मासूम बालिका की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोखरा निवासी नितिन गौड़ की तीन वर्षीय पुत्री काव्या देर रात करीब 2ः30 बजे अपने घर में सो रही थी। बताया जाता है कि बिस्तर पर तकिए के नीचे छिपे एक सर्प ने उसे डस लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो वे तत्काल बालिका को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र पाल ने प्राथमिक उपचार के बाद बालिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। हालांकि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में काव्या ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# दो सगे भाई-बहन की गांगी नदी में डूबने से मौत, परिवार में मचा कोहराम



**स्वतंत्र भारत करण्डा।** करंडा थाना क्षेत्र के माहेपुर गांव में शुक्रवार की सुबह गांगी नदी में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। हादसे में कृष्णा बिंद (3) और प्रिया बिंद (5) की जान चली गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे दोनों बच्चे घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर स्थित गांगी नदी की ओर चले गए। नदी किनारे बच्चों को देखकर एक ग्रामीण ने उन्हें घर लौट जाने के लिए कहा। बच्चे कुछ दूर तक घर की ओर गए, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर नदी किनारे पहुंच गए। इसी दौरान दोनों स्नान करने के लिए छलांग लगा दिए। पानी गहरा होने की वजह से वह डूबने लगे। नदी के दूसरी ओर मौजूद निकुंज चौधरी ने बच्चों को नदी में कूदते और डूबते देखा तो शोर मचाते हुए नाव से इस पार पहुंचे। तब तक वर्षा के जल से उफनाई नदी में दोनों बच्चे डूब चुके थे। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की मौत से गांव में मातम छा गया। मृतकों के पिता संतोष बिंद राजस्थान में निजी कंपनी में कार्यरत हैं। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मां हेमवंती बिंद का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे अक्सर स्वजनों के साथ गांगी नदी किनारे जाते रहे थे, इसलिए उन्हें नदी तक पहुंचने का रास्ता मालूम था। शुक्रवार सुबह भी दोनों स्नान करने के उद्देश्य से नदी पर पहुंच गए। लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ था और पानी गहरा होने के कारण नदी में कूदते ही दोनों डूब गए।

## खबर एक नज़र

### पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत सुजानगंज जौनपुर।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत सुजानगंज पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग की आशंका के मद्देनज़र चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील चंद्र तिवारी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के साड़ीकला और बारा गांव में कार्रवाई की। इस दौरान बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अनुज कुमार गौतम (30) व रामआसरे गौतम (55) निवासी ग्राम साड़ीकला तथा शलीम (50) व कलीम (48) निवासी ग्राम बारा शामिल हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल रामकुमार यादव तथा कांस्टेबल बृजनन्दन अहिरवार की प्रमुख भूमिका रही।

### पोखरी से मछली मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के कसारा गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र रामबचन राम ने कोपागंज थाना में मुकदमा दर्ज करा कर बताया कि मेरी पोखरी है। जिसका गाटा सं0 746 यह है। इसमें हम पट्टा लिए है। 10 वर्ष के लिए जिसकी किमत तैतीस लाख रू0 है। कुछ दिनों से मेरे पोखरी में ग्राम मुहम्मदपुर बनस्पति के लोग जो अमरजीत पुत्र लालधारी, रोशन पुत्र कमलेश, विजय शंकर पुत्र चनरमन राजभर, प्रमोद राजभर पुत्र गोरख राजभर मेरी पोखरी जो मै पट्टा कराया हूँ। उपरोक्त लोग मछली मार रहे थे जब मैने मना किया तो उपरोक्त सभी लोग मिलकर मुझे गाली गलौज देने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग गये तथा जाति सुचक शब्द का प्रयोग किये तथा मेरे पोखरी से मछली मार कर नुक्सान कर दिये। उक्त मामले में कोपागंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी।

### पत्नी को मारने पीटने के खिलाफ पति ने दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के कसारा गांव निवासी रामबदन राजभर पुत्र स्व0 लग्गन ने कोपागंज थाना में मुकदमा दर्ज कर बताया कि 22.जूलाई को समय करीब 07 बजे शाम को ही गाँव के लाली पत्नी बेचई राजभर उर्मिला, रेनूका पुत्रीगण बेचई राजभर, बिन्दू पत्नी जितेन्द्र राजभर पता उपरोक्त ने हमारी पत्नी लालबची पुरानी रंजीश व रास्ते मे आने जाने को लेकर मां बहन की भद्दी भ?द्दी गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा से मारे पीटे जिससे हमारी पत्नी को काफी चोटे आयी है। प्रार्थी की पत्नी का शोर गुल सुनकर आस पास के लोग जब तक आते वहा से भाग निकले और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिये। उक्त मामले में कोपागंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी।

### नवागत अधिकारियों का बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन ने नवागत एसडीएम (प्रशासनिक) दीपक सिंह, एसडीएम (न्यायिक) अमित कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव व नायब तहसीलदार राजदीप यादव का स्वागत किया। बैठक में न्यायिक व राजस्व कार्यों को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने अधिवक्ताओं के सहयोग से आमजन को त्वरित न्याय व शिकायतों के प्रभावी निस्तारण का भरोसा दिलाया।

### डुमरांव मोड़ पर जलभराव से लोगों की परेशानी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने डुमरांव मोड़ पर जलभराव व जल निगम की पाइपलाइन रिसाव का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका व जल निगम से तत्काल समस्या के समाधान, पाइपलाइन मरम्मत और जल निकासी की मांग की। चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी जनता के साथ शांतिपूर्ण जनआंदोलन करेगी।

### महादेशीय वैश्य महासभा की नई कार्यकारिणी गठित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** महादेशीय वैश्य महासभा मधुबन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में राधेश्याम मद्धेशिया को नगर अध्यक्ष चुना गया, जबकि प्रदेश महामंत्री गिरीश चंद गुप्ता ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, बच्चों की शिक्षा-स्वास्थ्य पर कार्य करने तथा समाज सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से वंचित पात्र परिवार 30 जुलाई 2026 तक आवेदन करें

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** परियोजना निदेशक के के पाण्डेय के द्वारा जनपद के ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले समस्त निवासियों को अवगत कराया गया है कि जनपद स्तर से विशेष अभियान संचालित करने के पश्चात जनपद के सभी विकासखंड /ग्राम सभा में निवास करने वाले आवासविहीन दिव्यांगजन, निराश्रित महिला (ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो गई है और जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है, मुसहर वर्ग, एसिड अटैक से पीड़ित आवासहीन निवासी (जिन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है), दैवी आपदा अंतर्गत प्रभावित परिवार (जिन्हें संबंधित तहसील द्वारा वर्षा/आगजनी आदि में घर ध्वस्त हो जाने के कारण तहसील द्वारा विगत तीन वर्ष में रू 4000/- रूपये का गृह अनुदान उपलब्ध कराया गया है) परिवारों को आवास से मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अच्छादित किया जा चुका है। यदि अभी भी कोई उपर्युक्त संदर्भित पात्रता पूर्ण कर रहा (ग्रामीण अंचल में निवास करने वाला) परिवार शेष रह गया हो, तो संबंधित को अवगत कराया है कि अपने विकासखंड में खंड विकास अधिकारी को इस संबंध में 30 जुलाई 2026 तक प्रार्थना पत्र उपलब्ध करवाने का कष्ट करें। यदि विकासखंड द्वारा नियमानुसार समुचित कार्यवाही नहीं की जा रही है, तो इस संबंध में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर के मोबाइल नंबर 9454465260 पर संचालित व्हाट्सएप पर पूर्ण विवरण खंड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराया गया प्रार्थना पत्र, मोबाइल नंबर व आवास के फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

## वारंटी अभियुक्त को रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत रामपुर जौनपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामपुर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह जौनपुर के निर्देश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं विजय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रमेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम सिरोली निवासी इलियास पुत्र जुमा मुहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त न्यायालय से जारी वारंट में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए अभियुक्त को संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया।

# सुरक्षाकर्मी भर्ती शिविर में 130 युवाओं का चयन



**स्वतंत्र भारत जमानिया (गाजीपुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित दो दिवसीय सुरक्षाकर्मी भर्ती शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक (सिक्योरिटी गार्ड) और सुरक्षा सुपरवाइजर के कुल 130 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। बेरोजगारों को रोजगार देने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर की जानकारी मिलते ही स्थानीय ब्लॉक परिसर में बड़ी संख्या में युवा उमड़ पड़े। सहायक भर्ती अधिकारी बृजमोहन मौर्य ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में लगभग तीन सौ युवाओं ने आवेदन पत्र जमा किए। इनमें से 130 अभ्यर्थियों का चयन नियमानुसार किया गया। बताया कि चयनित उम्मीदवारों को 10 अगस्त से प्रशिक्षण के लिए कमांडेंट कार्यालय, ट्रेनिंग सेंटर, केरातकत, जौनपुर बुलाया गया है। यह प्रशिक्षण एक माह तक चलेगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, इन अभ्यर्थियों को देश के विभिन्न शहरों में आवश्यकतानुसार स्थायी नौकरी प्रदान की जाएगी।

## प्राचार्य ने शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर, गाजीपुर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत 31 अगस्त 2026 तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसके तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जुलूस निकालने, धरना-प्रदर्शन करने, उत्तेजक नारेबाजी करने तथा अन्य ऐसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में एक अपील जारी की है। अपील में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं प्राध्यापकों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, उत्तेजनात्मक नारेबाजी अथवा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में भाग न लें और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। प्राचार्य डॉ. पाण्डेय ने कहा कि यदि किसी की कोई मांग या समस्या है, तो उसका मांग-पत्र लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से जिला प्रशासन के संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# पेपर लीक पर सपा का हल्ला बोल



**स्वतंत्र भारत बरसठी जौनपुर।** पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और महिलाओं के साथ कथित बर्बरता के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बरसठी ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर, तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर ब्लॉक मुख्यालय के गेट से पैदल मार्च करते हुए बीडीओ कार्यालय पहुंचे, जहां धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद को सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की जांच, युवाओं के हितों की रक्षा तथा निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की गई। धरने को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सूर्यभान यादव ने कहा कि लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने में विफल रही है और रोजगार देने के बजाय युवाओं की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान गांधी लड़े गोरों से, हम समाजवादी लड़ेंगे चोरों से, पेपर लीक बंद करो, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो तथा जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है जैसे नारों से ब्लॉक मुख्यालय गूंजता रहा। कार्यकर्ताओं ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, युवाओं के हितों की रक्षा तथा सरकार की नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ब्लॉक परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष संदीप दुबे %रोहित%, भरत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक यादव, मछलीशहर ब्लॉक अध्यक्ष नन्हेलाल यादव, विधानसभा महासचिव गुलाब बिंद, रामआसरे पटेल, प्रधान राकेश यादव, रविंद्र यादव, रामकुमार दुबे, कनिष्क सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, चार के खिलाफ प्राथमिकी

**स्वतंत्र भारत बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के गनेशपुर (ओझापुर) गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, उक्त गांव निवासी विवेक गौतम पुत्र ओमप्रकाश गौतम ने आरोप लगाया है कि 22 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी लालू, सचिन, साहिल और आयुष उर्फ अमित उनके घर में घुस आए। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से उनकी व उनकी बहन अंकिता और दादी प्रभावती की पिटाई कर दी, जिससे तीनों घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इस संबंध में थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धाराओ में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जमानिया नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता। जमानिया (गाजीपुर)।** जमानिया नगर पालिका प्रशासन एवं नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यों से असंतुष्ट सभासदों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) जमानिया को पत्रक सौंपकर विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की। सभासदों का आरोप है कि नगर की समस्याओं को लेकर कई बार नगर पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में जमानिया रेलवे स्टेशन क्षेत्र के सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष की सद्बुद्धि के लिए बरुइन मोड़ से नगर पालिका उप कार्यालय तक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालने की अनुमति मांगी। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर प्रशासन से अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया। पत्रक में नगर की प्रमुख समस्याओं जैसे सफाई व्यवस्था, जर्जर सड़कें, जलभराव, बंदरों का आतंक, सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर की व्यवस्था, खराब स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जनसुविधाओं का उल्लेख किया गया है।

## 25 जुलाई को जूनियर फुटबॉल टीम का चयन ट्रायल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** राज्य स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जनपद मऊ की टीम का चयन ट्रायल 25 जुलाई को सुबह 10 बजे वीर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। जिला खेल अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 28 जुलाई को आजमगढ़ में मंडलीय ट्रायल में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 8 अगस्त तक मऊ में आयोजित होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T08 दि. 22.07.2026
खुली निविदा
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्र. सं. 1:- कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत मऊ यार्ड में तीन स्टेबलिंग लाइन बनाने के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं. SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T08, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में ₹ 21847093.25, धरोहर राशि रुपया में ₹ 433000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 13.08.2026 up to 14:45 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि 9 माह.
खुली ई-निविदा दिनांक 13.08.2026 को 14.45 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजसंवि/विद्युत-104 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
सूचना संख्या 123/2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी संख्या 15312/15311 कासगंज-ऐशबाग- कासगंज प्रतिदिन एक्सप्रेस गाड़ी के संचलन का उद्घाटन उझानी से दिनांक 26.07.2026 को विशेष गाड़ी संख्या 05018 चलाकर किया जाएगा।
05018 उझानी-ऐशबाग उद्घाटन विशेष
उद्घाटन यात्रा की तिथि गाड़ी सं. 05018 उझानी से दिनांक 26.07.2026 को

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन |
|---|---|---|
| प्रयोगात्मक समय व ठहराव | | |
| — | 12:00 | उझानी |
| 12:15 | 12:17 | बदायूं |
| 13:05 | 13:10 | बरेली |
| 13:40 | 13:45 | इज्जतनगर |
| 14:40 | 14:45 | पीलीभीत |
| 15:50 | 15:52 | पूरनपुर |
| 16:50 | 16:55 | मैलानी |
| 17:28 | 17:30 | गोला गोकरननाथ |
| 18:00 | 18:05 | लखीमपुर |
| 19:10 | 19:15 | सीतापुर |
| 19:45 | 19:47 | सिधौली |
| 20:20 | 20:22 | महिबुल्लापुर |
| 21:10 | — | ऐशबाग |

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कुर्सीयान-01, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान-09, सामान्य-सह-लगेज वैन-01, एलएसएलआरडी-01= (कुल 16 कोच)
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक,
मुजसंपि/टी-35 गोरखपुर
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है-
• निविदा सूचना संख्या: 57 वर्ष 2026, कार्य का विवरण: ... स्टेशन पर एक पूरी लंबाई ... स्टेबलिंग लाइन और ... स्टेशन पर ... सिगनलिंग की व्यवस्था। अनुमानित लागत: ₹ 1,09,21,943.54, बयाना राशि ₹ 2,18,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 0.00, कार्य समापन अवधि: 09 माह।
(1) निविदाओं के बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 18-08-2026 को 15:00 बजे।
नोट- इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर की उपेक्षा कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर
मुजसंपि/सिगनल-75 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक, (इंजीनियरिंग) उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 18.08.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उस पर विचार इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो अस्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सूचना संख्या | 00742026 दिनांक 24.07.2026 | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 1. 10-Sr.DEN-V-LKO-2026-27 | 2. 11-Sr.DEN-V-LKO-2026-27 | 3. 12-Sr.DEN-V-LKO-2026-27 |
| कार्य का नाम | | | |
| 1. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-AYC के तहत अयोध्या धाम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 3 के बाकी हिस्से में COP का संभावना विस्तार और यात्रियों के लिए संबंधित सुविधाओं का विकास का कार्य। (प्र. सं. 156-2026) | | | |
| 2. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में लखनऊ डिविज़न के CNB-LKO-BBK सेक्शन में प्रतिधारण दिवार का निर्माण कार्य। | | | |
| 3. Sr.DEN-V/LKO सेक्शन के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में सड़कों का सुधार निर्माण और उनसे जुड़े अन्य कार्य। (प्र. सं. 186-2026)। | | | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹3,58,04,203.80 | 2. ₹1,96,12,067.80 | 3. ₹4,22,71,238.84 |
| धरोहर राशि | 1. ₹7,18,100.00 | 2. ₹3,92,300.00 | 3. ₹5,45,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1 से 3 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारम्भ | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | वेबसाईट | |
| 04.08.2026 | 18.08.2026 को 15:00 बजे | www.ireps.gov.in | |

नोट: 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2553/2026

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय: "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010. फोन: 0522-2721512
अधिग्रहण सूचना
यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इण्डिया गोमती नगर, लखनऊ शाखा द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक 11.12.2025 को जारी की गई थी और ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणगृहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उप नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और निम्नलिखित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, गोमती नगर, लखनऊ शाखा के पक्ष में देय बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहे हैं:

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण/ सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखा : गोमती नगर, लखनऊ | | | |
| 1. | श्री विनय शंकर चतुर्वेदी (ऋणी/बंधककर्ता) एवं श्रीमती मनोरमा चतुर्वेदी (सह ऋणी) पता: प्लॉट नंबर- 5बी/बी-11, सेक्टर- 5बी/बी, वृंदावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ- 226025 | संपत्ति का विवरण : संपत्ति का समस्त भू-भाग जिसकी प्लॉट नंबर- 5बी/बी-11, सेक्टर- 5बी/बी, वृंदावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ- 226025 जो कि श्री विनय शंकर चतुर्वेदी के नाम पर है। क्षेत्रफल :- 62.72 वर्ग मीटर चौहद्दी :- उत्तर - मकान नंबर- 5बी/बी-12, दक्षिण - मकान नंबर- 5बी/बी-10, पूर्व- मकान नंबर- 5बी/बी-16, पश्चिम - 9.0 मीटर चौड़ी सड़क। | ₹ 10,99,536.95 + ब्याज व अन्य खर्च; मांग सूचना दिनांक : 11.12.2025; कब्जा नोटिस दिनांक : 22.07.2026 |

दिनांक : 22.07.2026 स्थान : गोमती नगर, लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

# नई एस.आई.टी. की दोबारा जांच से मंदिर परिसर में हलचल हुई तेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दुबारा एस.आई.टी. की जांच इस महीने के बाद शुरू हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच के निर्देश की जानकारी मिलते ही रामजन्मभूमि परिसर में हलचल और तेज हो गयी है। अब उन लोगों को चिन्ता ज्यादा सताने लगी है जिनसे अभी तक पूछताछ नहीं हुई, जबकि उनका नाम चर्चा में था। जानकार बताते हैं कि अब दूसरी जांच में कई और नाम सामने आ सकते हैं। विगत जून का महीना कितनी परेशानियों से गुजरा है, यह सभी लोग जानते हैं। लोगों में चर्चा है कि अभी इन लोगों से पूछताछ नहीं की गयी है, हालांकि कुछ का अनुमान है कि शायद अधिकारियों ने उनका बयान लिया हो, इसका खुलासा अब सुप्रीम कोर्ट ही करेगा। सूत्र बताते हैं कि श्रीरामजन्मभूमि



तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की व्यवस्थाओं से जुड़े ज्यादातर कर्मचाारी सशंकित हैं। कई कर्मचारी काम छोड़ने की फिराक में हैं, लेकिन निर्णय इसलिये नहीं ले पा रहे हैं कि उन्हें डर है कि जांच अधिकारी उन पर शक न कर लें। इसलिए वो रुके हुए हैं। चढ़ावा चोरी में गिरफ्तार आठ आरोपियों को तो पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद जेल में बंद कर दिया, लेकिन उन आरोपियों से कई सुराग भी सामने आये हैं। कुछ सुराग तो सूत्रों के हवाले से उजागिर हुए हैं, लेकिन कुछ ऐसे रहस्य हैं जो किसी को नहीं पता है, जब एसआईटी की रिपोर्ट उजागिर की जायेगी तभी सभी को मालूम होगा। अयोध्या में चढ़ावा चोरी में दर्ज मुकदमे की जांच के लिये तीन आईपीएस अधिकारियों की अलग एसआईटी भी जल्द गठित होगी। नई एसआईटी के गठन से विवेचना की रफ्तार बढ़ने के साथ साक्ष्यों के संकलन की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। रामजन्मभूमि मंदिर बनने के पहले जमीन खरीद फरोख्त में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह एवं धर्मसेना के संतोष दूबे ने जमीन खरीद से जुड़े कुछ कागजात अधिकारियों को सीधे दिये हैं। जांच में कुछ कमी पायी गयी तो कई नाम उजागिर हो जायेंगे।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपद प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, मा0 विधायक रूदौरी रामचन्द्र यादव, विधायक बीकापुर डॉ अमित सिंह चौहान, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, विधायक मिल्कीपुर चन्द्रभानू पासवान, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकारण अनुराज जैन सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के विभिन्न सूचकांकों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित



किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में निरंतर सुधार लाने के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें तथा प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग से संबंधित लक्ष्य एवं मानकों को समय से पूर्ण करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, ग्रामीण एवं शहरी विकास, कृषि, समाज कल्याण तथा अन्य प्रमुख विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पुस्तकालय शैक्षणिक संस्थान का हृदय और ज्ञान की चेतना का केंद्र : कुलपति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों व शोधार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से कंप्यूटर लैब, आईसीटी रिसोर्स सेंटर, कंपटीशन सेल, भारतीय ज्ञान परंपरा दीर्घा, संदर्भ दीर्घा तथा शोध छात्रों के लिए 'कीबो' सॉफ्टवेयर का भव्य उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने में अभूतपूर्व सहायता मिलेगी। उद्घाटन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में छात्रों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह ने पुस्तकालय के महत्व पर एक प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि 'पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय और ज्ञान की चेतना का केंद्र होता है। आधुनिक युग में



डिजिटल संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान का समन्वय ही शिक्षा को पूर्णता प्रदान करता है। आज का युग तकनीक का युग है, और आईसीटी रिसोर्स सेंटर व कीबो सॉफ्टवेयर जैसी सुविधाएं हमारे समावेशी शिक्षा के संकल्प को और मजबूत करेंगी। 'कीबो' सॉफ्टवेयर की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से हर शोधार्थी, विद्यार्थी को मुख्यधारा में लाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिशा में कंपटीशन सेल और संदर्भ दीर्घा के माध्यम से छात्रों को एक ही छत के नीचे उत्कृष्ट अध्ययन सामग्री और शांत वातावरण मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ाव के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा दीर्घा के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक जड़ों से जुड़ सकेगी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है। इस अवसर पर प्रभारी पुस्तकालयध्यक्ष, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. गंगाराम मिश्र, डॉ दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. अवध नारायण, के के मिश्र, रामनिवास गौड़, हिमांशु मिश्र पूजा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्रों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हो रहे अत्याचार, नीट पेपर लीक मामले तथा भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्तागण शामिल रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में आज इन अधिवक्ताओं ने भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि दिल्ली के छात्रों पर हुए बर्बर लाठी चार्ज की कड़ी निंदा की गयी है। इस अवसर पर अधिवक्तागण अरविन्द सिंह, सुशील चौबे, रमाशंकर यादव, के.के. पटेल, आलोक खरे, गिरीश तिवारी, शावेज जाफरी, रामकरन यादव, राजन राम राजेश, दिनेश कुमार, अर्जुन यादव, जय सिंह, सतीश वर्मा, शिवपाल आदि लोग उपस्थित थे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पर्यावरण संरक्षण एवं नदियों के पुनरुद्धार हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति, अयोध्या के तत्वावधान में ब्लॉक सोहावल के ग्राम पंचायत रौनाही में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे श्वेता साहू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं उपस्थित जनों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करते हुए जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू ने कहा, 'जिस प्रकार हम अपनी माँ की सेवा और देखभाल करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें इन लगाए गए पौधों की भी देख-रेख और सुरक्षा करनी चाहिए। पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाकर ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को



स्वच्छ वातावरण दे सकते हैं। 'वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों से कम से कम एक पौधा अपनी माँ के नाम पर लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के बीडीसी रमेश कुमार, दाना पानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष कुलभूषण साहू, भारतीय वन्य जीव संस्थान के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार, स्वयंसेवक अमन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# श्रावण मास के पर्वों को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** श्रावण मास के दौरान पड़ने वाले प्रमुख पर्वों एवं धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज सदरपुर के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह व अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कानून-व्यवस्था एवं तैयारियों की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान शिवालयों, मंदिरों एवं कांवड़ मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था,



स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन, पशु चिकित्सा, सड़क मरम्मत तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग पूर्ण सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर किया जाए तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, अधिशासी अधिकारी, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक व डीजे संचालक आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विवि में धान के पत्ती लपेटक कीट नियंत्रण पर शोध शुरू

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन तथा निदेशक शोध के प्रयास में धान की फसल में पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट के नियंत्रण के लिए फील्ड ट्रायल शुरू किया गया है। मुख्य प्रायोगिक केंद्र पर धान की प्रजाति एन.डी.आर-2065 की नर्सरी की रोपाई कर परीक्षण की शुरुआत की गई। कीट विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य धान के पत्ती लपेटक के विरुद्ध कीटनाशी जैव दक्षता का मूल्यांकन करने के साथ-साथ प्राकृतिक शत्रु जीवों पर उसके प्रभाव तथा फसल पर संभावित फाइटोटॉक्सिसिटी (हानिकारक प्रभाव) का वैज्ञानिक आकलन करना है। इसके माध्यम से धान में विभिन्न कीट प्रबंधन तकनीकों का अध्ययन कर किसानों के लिए उपयोगी सिफारिशें तैयार की जाएंगी। इसकी रोपाई पंक्ति से



पंक्ति 20 सेंटीमीटर तथा पौध से पौध 10 सेंटीमीटर की दूरी पर की गई है। खेत की कतारों की दिशा पूर्व से पश्चिम रखी गई है, ताकि पौधों को पर्याप्त प्रकाश एवं समान वृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिल सकें। परीक्षण रैंडमाइज्ड ब्लॉक डिज़ाइन (आरबीडी) के तहत तीन पुनरावृत्तियों और सात उपचारों के साथ किया जा रहा है। प्रत्येक प्लॉट का आकार 25 वर्गमीटर रखा गया है। कीटनाशी का पहला छिड़काव आर्थिक क्षति स्तर (ईटीएल) प्राप्त होने पर तथा दूसरा 15 दिन बाद किया जाएगा। इस परीक्षण में संकाय सदस्य डॉ. रामवीर के साथ परास्नातक एवं शोध छात्र भी शामिल हैं।

# देवशयनी एकादशी से नही होंगे मांगलिक कार्यः अशोक वैदिक

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सुप्रसिद्ध कर्मकांड वेदाचार्य अशोक वैदिक ने बताया कि हरिशयनी यानी देवशयनी एकादशी शनिवार 25 जुलाई को है। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाता है। श्रावण, भाद्र



पद, अश्विन, कार्तिक इन चार महीनों तक चातुर्मास रहता है, जिसमें मांगलिक, विवाह कार्य इत्यादि नही होते हैं। तुलसी विवाह के दिन कार्तिक शुक्ल एकादशी से विवाह, मांगलिक कार्य इत्यादि पुनः प्रारंभ हो जाते हैं। इसे सौभाग्य की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पद्म पुराण का दावा है कि इस दिन उपवास करने से जानबूझकर या अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन पूरे मन, नियम से पूजा करने से महिलाओं को मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा करना शुभ माना गया है। इस दिन पूजा के समय भगवान विष्णु को मिठाई, फल, फूल व तुलसी दल अर्पित करने से मां लक्ष्मी के प्रसन्न होने की मान्यता है। हिंदू धर्म में तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। देवशयनी एकादशी पर देवता सो जाते हैं और चार महीने बाद देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार यहां देवों के सोने का अर्थ शाब्दिक रूप से योगनिद्रा से है। देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु चार माह तक विश्राम करते हैं। इस दौरान हिंदू धर्म में कोई भी शुभ कार्य विवाह, जन्म, जनेऊ संस्कार, गृहप्रवेश और मुंडन आदि नही किया जाता है। जिस माह में भगवान विष्णु गहरी नींद में होते हैं, उसे चतुर्मास कहते हैं। जीवन उसी प्रकार पुनर्चक्रित होता है, जैसे विष्णु ने किया था। एकादशी के बाद विवाह क्यों नहीं किए जाते, क्योंकि तुलसी के विवाह की प्रतीक्षा करते समय और विष्णु के सोए रहने के दौरान विवाह करना अशुभ माना जाता है। देवशयनी एकादशी के ये विवाह नियम ठहराव और पवित्रता की दिव्य लय को दर्शाते हैं।

# रघुनाथ सत्संग भवन के पूर्वाचार्य को दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** प्रतिष्ठित पीठ श्रीरघुनाथ सत्संग भवन रायगंज, अयोध्या धाम के पूर्वाचार्य श्रीमहंत रामप्रिय दास महाराज को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौका उनकी 46वीं पुण्यतिथि महोत्सव रहा। जो आश्रम में परंपरागत तरीके से श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पुण्यतिथि पर संतों ने साकेतवासी महंत की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। संतों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। इस अवसर पर जयपुर राजस्थान के श्रीमहंत महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज एवं श्रीरघुनाथ सत्संग भवन के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत मनमोहन दास महाराज ने पधारे हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दिया। पुण्यतिथि पर वृहद भंडारा आयोजित रहा, जिसमें संत-महंत व भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रीरघुनाथ सत्संग भवन के पीठाधिपति महंत मनमोहन दास महाराज ने कहा कि पूर्वाचार्य महंत भजनानंदी संत होने के साथ-साथ गौ और संत सेवी रहे।



जिनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार था। सरलता तो उनमें देखते ही झलकती थी। उन्होंने मंदिर का सर्वांगीण विकास किया। मठ में आए व्यक्ति को कभी वह भूखा नही जाने देते थे। उन्होंने सेवा को ही अपना धर्म माना। आजीवन सेवा ही परमोधर्मा के मार्ग पर चलते रहे। उनका मानना था कि सेवा ही परम धर्म है। इससे बढ़कर और कोई दूसरा धर्म नही है। अपने शिष्य-अनुयायियों को भी सेवा का पाठ पढ़ाया। साथ ही साथ सेवा धर्म के लिए प्रेरित भी किया। महाराज श्री के मार्गदर्शन में कई सेवा प्रकल्प के कार्य संचालित हुए, जिसमें बहुत से कार्य आज भी चल रहे। उनके बारे में जितना कहा जाए वह कम ही होगा। वह हमारे बीच में नही हैं, लेकिन उनकी यश-कीर्ति सदैव हम सबके साथ रहेगी। आश्रम में गौ, संत, विद्यार्थी, आगंतुक सेवा सुचार रूप से चल रही है। सभी उत्सव, समैया, त्योहार आदि परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। पुण्यतिथि पर महंत कमलनयन दास, महंत अयोध्या दास, महंत पवनकुमार दास, महंत रामदास यज्ञाचार्य आदि संत-महंत, भक्तजन उपस्थित रहे।

# मुस्लिम लीग की राष्ट्रीय बैठक 27 जुलाई को दिल्ली में आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक 27 जुलाई को राष्ट्रीय कार्यालय क्यू.एम.एस. कायदे मिल्लत सेन्टर परियोजना नई दिल्ली में आयोजित की गयी है। इस बैठक में पार्टी के सरवराह चीफ सैय्यद सादिक अली शिद्दत बन्गल साहब इमामुल हिन्द मौजूद रहेंगे। इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कादिर मुहीउद्दीन साहब पूर्व लोकसभा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। निजामत संचालन पूर्व लोक सभा मौजूदा समय में केराला सरकार के मंत्री पी.के. कुन्हाली कुट्टी साहब निजामत संचालन करेंगे। बैठक में तीनों लोक सभा सदस्य व दोनों राज्य सभा सदस्य मौजूद रहेंगे। केराला विधानसभा के पांच मंत्री व तमिलनाडु के दो मंत्रों व 24 विधायक भी मौजूद रहेंगे। पूर्व लोकसभा सदस्य व फ्रन्टल संगठन के सभी अध्यक्ष व महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष फातिमा मुज्फर भी मौजूद रहेंगी। इस बैठक में मौजूदा देश के हालात पर विचार-विमर्श किया जायेगा। तथा लोकतंत्र को बचाने के लिये विचार-विमर्श किया जायेगा। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सह राष्ट्रीय सचिव डा. नजमुल हसन ने आज यहां यह जानकारी दी।

# विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र हैं, राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों का नहीं है मंच : कांग्रेस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज परिसर में लगातार सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने आज विश्वविद्यालय पहुंचकर राज्यपाल एवं कुलाधिपति के नाम संबोधित ज्ञापन कुलपति को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अयोध्या कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय ने किया ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय ज्ञान, शोध और नवाचार के केंद्र होते हैं। इन परिसरों में किसी भी राजनीतिक दल के संगठनात्मक अथवा प्रचारात्मक कार्यक्रम आयोजित होने से शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है, विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं शोध कार्य बाधित होते हैं तथा विश्वविद्यालयों की निष्पक्षता और गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। कांग्रेस ने मांग की कि विश्वविद्यालय परिसरों में राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, जिससे शिक्षा का स्वस्थ एवं निष्पक्ष वातावरण बना रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय ने कहा, 'विश्वविद्यालय किसी भी राजनीतिक दल की गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि देश के भविष्य का निर्माण करने वाले शिक्षा के मंदिर हैं।

# खुराफात की आदत इबादत व नेकियों को कर देती है बर्बाद : मोहम्मद हुज्जत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कुरान मजीद की हर एक आयत की बेपनाह फजीलत और उसका असर है कुरान पढ़ना इस्लाम धर्म के हर एक अनुयाई पर अनिवार्य है। कुरान



सिर्फ घरों की शोभा बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि इस कलामे इलाही को समझ कर पढ़ने और उससे लाभान्वित होने की जरूरत है। उक्त विचार वसीका अरबी कालेज ख्वासपुरा के उस्ताद मौलाना मोहम्मद हुज्जत ने व्यक्त किया। वह धारा रोड स्थित खुर्दमहल के हौजए सकीना में सैयद असद अब्बास रुमी और मोमिनीन की तरफ आयोजित 10 दिवसीय मजालिस कार्यक्रम के आठवें दिन बयान फर्मा रहे थे। उन्होंने आगे कहा जैसे कोई मरीज दवा भी ले और परहेज भी न करे तो दवा का फायदा नहीं पहुंच सकता। ठीक उसी तरह नमाज पढ़ने व कुरान की तिलावत करने के साथ अगर गीबत, चुगलखोरी, लोगों में तफरका डालने जैसी दीगर खुराफातों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है तो ऐसी इबादत का कोई मतलब नहीं है। इस बात पर विशेष रूप से बल दिया कि मां-बाप औलादों को सही ढंग से कुरान की तालीम जरूर दिलाएं, अन्यथा की स्थिति में जवाबदेह होना पड़ेगा। मौलाना हुज्जत ने यह भी कहा कि बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम के बगैर शुरू किया गया कार्य कभी पूरा नहीं होगा। हम सब के लिए छोटा से छोटा अमल भी मानवीयत रखता है, मगर हम पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा वाल्दैन को हमेशा अपने बच्चों का नाम अच्छा रखना चाहिए। क्योंकि अल्लाह व मासूमीन इससे खुश होते हैं और रोजे महशर इसी नाम से पुकारा जाएगा।



# डीएम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** 'विकसित उत्तर प्रदेश की धुरी: नारी शक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान करने वाली जनपद की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि 'विकसित उत्तर प्रदेश की धुरी: नारी शक्ति' कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गर्भावस्था से लेकर जन्म, शिक्षा, रोजगार एवं जीवन के विभिन्न चरणों में महिलाओं एवं बालिकाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने बताया कि जहाँ मिशन वात्सल्य के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं गर्भस्थ शिशुओं के कल्याण से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं तो वहीं, जननी सुरक्षा योजना के माध्यम से संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के साथ ही आर्थिक सहायता एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण पर विशेष बल दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल सम्मान कोष सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जनपद की सभी 1810 ग्राम पंचायतों में कम से कम 02 स्वयं सहायता समूह, अर्थात कुल 3620 समूहों को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जनपद स्तर पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत महिलाओं के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र



महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का गारंटी फ्री एवं ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प डेस्क पर महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे पीड़ित महिलाएं एवं बालिकाएं बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकें और उनका प्रभावी ढंग से समाधान कराया जा सके। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जनपद में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया है। इसके साथ ही यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डिस्ट्रिय, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन डॉयल एवं ऑपरेशन रक्षा जैसे विभिन्न विशिष्ट अभियानों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न महिला एवं बाल सुरक्षा योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं महिला बीटों के आवंटन सहित महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 वूमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित विभिन्न टोल फ्री नंबरों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने का आह्वान किया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान करने वाली जनपद की महिलाओं को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने सम्मानित महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर एक नजर

### मूक-बधिर बच्चों के लिए निशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी

**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि जनपद के मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सरकार द्वारा निशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी योजना संचालित की जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी पारस नाथ यादव ने बताया कि इस योजना के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चे, जो सुन और बोल नहीं पाते हैं, उनका निशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक लाभार्थी की सर्जरी के लिए संबंधित चिकित्सालय को 6 लाख रुपये तक की धनराशि सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना का उद्देश्य बच्चों की सुनने और बोलने की क्षमता विकसित कर उन्हें सामान्य जीवन और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जनपद के पात्र अभिभावकों से अपील की है कि वे योजना का लाभ उठाने के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, बलिया, कक्ष संख्या-07 में किसी भी कार्यदिवस पर उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त करें तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें।

### कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन स्टैंड एवं ठेला-खोमचा की नीलामी 28 जुलाई को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** कलेक्ट्रेट परिसर में वित्तीय वर्ष 2026-27 (1 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए वाहन स्टैंड तथा परिसर में संचालित ठेला, खोमचा एवं अन्य दुकानों की नीलामी 28 जुलाई 2026 को अपराह्न 3 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय कक्ष में गठित नीलामी समिति द्वारा की जाएगी।यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने देते हुए बताया है कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी की शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यावधि के दौरान नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट से प्राप्त की जा सकती है।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 जुलाई को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में अप्रैल एवं मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार 27 जुलाई 2026 को प्रातः 10:30 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया में आयोजित किया जाएगा।

### शत-प्रतिशत नामांकन एवं आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिएग्राम प्रशासकों से अपील

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के सभी ग्राम प्रशासकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सबसे पहली आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर 1 अप्रैल 2026 से 'स्कूल चलो अभियान' संचालित किया जा रहा है तथा जनपद में इसका द्वितीय चरण 2 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 8 तक के प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते-मोजे, स्वेटर, स्टेशनरी, पौष्टिक मध्यान्ह भोजन तथा स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ तभी संभव है, जब प्रत्येक पात्र बच्चा विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुपोषण समाप्त करने और बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जानी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रशासकों से आह्वान किया कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में घर-घर संपर्क कर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का निकटतम परिषदीय विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराएं। साथ ही 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित उपस्थिति बढ़ाने में सक्रिय सहयोग दें, ताकि उन्हें पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा का पूरा लाभ मिल सके।

### फरीहा का पुरवा, कीचड़ और बजबजाहट भरे पानी के दुर्गंध के बीच लोगों का आना-जाना

**स्वतंत्र भारत(फरिहा) आजमगढ़ ।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र का फरिहा गांव आबादी और क्षेत्रफल के मायने में सबसे बड़ा है, इस गांव का एक हिस्सा है, पुरवा जहां का रास्ता आज से लगभग 30 वर्ष पहले निजामाबाद के विधायक स्व. आलमबदी साहब ने बनवाया था और उसी समय ग्राम प्रधान स्व.फारुख शेख जी ने मिट्टी और नाली बनवाये थे, तब से स्व. अज़ीज़ जफ़र, चंद्रभान, जावेद और वर्तमान अबू बकर का कार्यकाल पूर्ण हो गया । अगर इस रास्ते को वर्तमान समय में देखा जाए तो कीचड़ और बज बजाहट भरे पानी के दुर्गंध के बीच लोगों का आना-जाना है 20000 आबादी के गांव का क्या छोटा सा पूर्व आज उपेक्षा का शिकार हुआ है लोग अपनी शिकायत बार-बार ऑपरेशन प्रतिनिधियों से कर कर थक गए हैं लेकिन आज तक किसी के कान पर जन तक नहीं रेंगा है गांव के प्रकाश यादव राजबली अरविंद प्रजापति,बलिराम यादव, रमेश प्रजापति, अरविन्द यादव, मु.हामिद, अजय यादव इत्यादि ने बताया कि जन प्रीनिधियों के उपेक्षा का शिकार हमारा पुरवा पड़ा हुआ है ।

## बलिया में जूनियर बालक फुटबॉल टीम चयन ट्रायल 26 जुलाई को

**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि जिला क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 8 अगस्त 2026 तक जिला खेल कार्यालय, मऊ में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आजमगढ़ मंडल की टीम के चयन के लिए बलिया जनपद का चयन ट्रायल 26 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में आयोजित होगा।जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 के बीच हो। खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाईस्कूल प्रमाणपत्र अथवा नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र) की सत्यापित छायाप्रति संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से प्रमाणित कराकर लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि जनपदीय ट्रायल में केवल बलिया जनपद के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। जनपद स्तर पर चयनित खिलाड़ी 28 जुलाई 2026 को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में आयोजित मंडलीय चयन ट्रायल में हिस्सा लेंगे। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 1 से 8 अगस्त 2026 तक मऊ में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में आजमगढ़ मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी ने इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ट्रायल में उपस्थित होने की अपील की है।

## कृषि विभाग ने सघन छापेमारी अभियान उर्वरक वितरण में अनियमितता पर सख्ती

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** तरकुलवा विकास खंड में उर्वरकों के वितरण में अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कृषि विभाग ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान गंभीर खामियां मिलने पर तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर उनके उर्वरक व्यवसाय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई, जबकि एक विक्रेता के दुकान बंद कर फरार होने पर उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि महुआपाटन बाजार स्थित नंदनी खाद भंडार के निरीक्षण में अभिलेख अधूरे मिले और कैश मेमो उपलब्ध नहीं था। संदेह के आधार पर उर्वरक का नमूना लेकर लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसी प्रकार सुरेंद्र जायसवाल की फर्म पर रेट बोर्ड और स्टॉक बोर्ड नहीं मिला। यहां



से भी उर्वरक का नमूना लिया गया और अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। महुआपाटन बाजार स्थित यादव सीड्स एंड बीज के संचालक निरीक्षण के दौरान दुकान बंद कर फरार हो गए। विभाग ने संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं कृष्णा खाद भंडार, गोरया घाट पर स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर, कैश मेमो और रेट बोर्ड नहीं मिलने पर उर्वरक का नमूना लिया गया तथा लाइसेंस निलंबित कर व्यवसाय पर रोक लगा दी गई। निरीक्षण के दौरान सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग न करें। किसानों को आधार कार्ड के सत्यापन के बाद पीओएस मशीन से उर्वरक बिक्री कर रसीद देना अनिवार्य होगा। सभी प्रतिष्ठानों पर स्टॉक और रेट बोर्ड प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने चेतावनी दी कि अधिक कीमत वसूलने, जबरन टैगिंग करने या उर्वरकों की कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम डैशबोर्ड की डीएम ने की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गूगल मीट के माध्यम से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जुड़े राजस्व, विकास एवं अन्य विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। वर्चुअल बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी जुड़े रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागीय रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, संबंधित अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से सी एवं डी श्रेणी में शामिल विभागों को कार्ययोजना बनाकर शीघ्र ए एवं बी श्रेणी में आने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई), विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा विभागवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों, सेतु परियोजनाओं एवं राइट ऑफ वे (ऋद्दद्धह्ल श्द्ध ड्ढड्ड4) से संबंधित कार्यों की प्रगति का भी मूल्यांकन करते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी परियोजनाएं पूर्ण जिलाधिकारी ने लाभार्थीपरक योजनाओं, लंबित आवेदनों तथा मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए धनराशि वितरण में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) प्रकरणों तथा न्यायालयों में लंबित मामलों की भी समीक्षा की। खनन विभाग द्वारा चेकगेटों से जुर्माने की वसूली की प्रगति पर चर्चा करते हुए शेष वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वामित्व योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामपरक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को मॉनिटरिंग से संबंधित आंकड़ों एवं प्रदर्शन संकेतकों का शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

## नशा मुक्ति अभियान के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय समिति का गठन

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** राजभवन एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार जी ने प्रोफेसर अजीत कुमार राय के संयोजकत्व में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरूकता और विभिन्न गतिविधियों के समन्वित संचालन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर समिति का गठन किया है। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों एवं कुलपति प्रो. संजीव कुमार के आदेशानुसार गठित इस समिति की पहली बैठक गुरुवार को कुलपति सभागार में आयोजित हुई, जिसमें अभियान की विस्तृत कार्ययोजना और वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि आज प्रशासनिक भवन में स्थित कुलपति सभागार में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत कुलपति जी द्वारा शपथ दिलाकर की गई। कुलपति महोदय के निर्देश के क्रम में कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के क्रम में समिति के अध्यक्ष प्रो.अजीत प्रसाद राय होगे। समिति में डॉ .शशि प्रकाश शुक्ल ,डॉ. देवेंद्र पाण्डेय, डॉ.परमानन्द पाण्डेय, डॉ.हरेंद्र सिंह प्रजापति, डॉ.सचिन राय ,डॉ. मनीषा सिंह, आदर्श मिश्रा, शांभवी तिवारी एवं सूर्य प्रकाश अग्रहरी को सदस्य नामित किया गया है, जबकि सहायक कुलसचिव चन्दन कुमार को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की योजना, संचालन, जन-जागरूकता, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी निभाएगी।आज हुई बैठक में जुलाई 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए अभियान का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत 28 जुलाई को पैदल मार्च से होगी। इसके बाद 4 अगस्त को पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जन-जागरूकता रैली, 6 अप्रैल को लघु फिल्म प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने सदस्यों को शपथ दिलाते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों, युवाओं और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।

## बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को संभावित बाढ़ और कटान से निपटने के लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के बेल्थरारोड, सिकंदरपुर, बांसडीह, बलिया सदर और बैरिया तहसीलों के कुल 106 गांव बाढ़ प्रभावित रेड जोन में हैं। उन्होंने संबंधित बीडीओ को इन गांवों की सूची उपलब्ध कराने तथा सभी गांवों का पूर्व भ्रमण कर बाढ़ राहत केंद्रों के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही घाघरा एवं गंगा नदी से हो रहे कटान की भी समीक्षा की गई। बैरिया तहसील के ग्राम वशिष्ठ नगर, गोपालनगर टाड़ी और सिवान मठिया, तहसील बांसडीह के ग्राम भोजपुरवा, महाराजपुर और चांदपुर तथा तहसील सिकंदरपुर के ग्राम दियरा बंसीदास, बिजलीपुर दियारा महाराजपुरा, निपनिया एवं डूहा बिहरा सहित कुल आठ गांवों में कटान की स्थिति गंभीर बताई गई।डीएम ने संबंधित एसडीएम और लेखपालों को निर्देश दिया कि जिन किसानों की भूमि कटान में चली गई है, उन्हें तत्काल मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लेखपाल प्रतिदिन कटान की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं तथा मुआवजा भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिंचाई विभाग को तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी, नालों एवं चैनलों की सफाई तथा सिल्ट हटाने के कार्यों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। वहीं बैरिया के गोपालनगर टाड़ी में घाघरा नदी में गिरे तीन मकानों के प्रभावित परिवारों को तत्काल जमीन का पट्टा, आवास और मुआवजा उपलब्ध कराने को कहा।जिलाधिकारी ने जल निगम को बांसडीह के भोजपुरवा गांव में घाघरा नदी में बह चुकी 25 वर्ष पुरानी पानी की टंकी के स्थान पर शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को भोजपुरवा में नदी में समाए विद्यालय के नौ शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने तथा पंचायत भवन में संचालित कक्षाओं में मिड-डे मील की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। बाढ़ राहत तैयारियों के तहत सभी प्रभावित गांवों में राहत केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक राहत केंद्र पर जनरेटर, भोजन बनाने के लिए हलवाई, हैंडपंप, नाव, लाइफ जैकेट तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक नाव पर दो लाइफ जैकेट और 'जिला प्रशासन बलिया' अंकित झंडा लगाने के भी निर्देश दिए गए। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को खाद्यान्न की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने, मुख्य चिकित्साधिकारी को मेडिकल टीम, मोबाइल मेडिकल यूनिट, एंबुलेंस एवं प्राथमिक उपचार किट तैयार रखने तथा पशु चिकित्सा विभाग को पशुओं के सुरक्षित ठहराव और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सलेमपुर में 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' कल्याणकारी शिविर आयोजित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, प्रोबेशन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की सभी तहसीलों में 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में तहसील सभागार, सलेमपुर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी श्याम बहादुर सिंह एवं शिवाकांत तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (ग्रामीण अभियंत्रण), सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) तथा समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### घर में चोरी करते पकड़ा गया शातिर चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिले की फूलपुर पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे, अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी घर में चोरी करते समय पकड़ा गया था। उसके पास से चोरी की दो मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है, बता दें कि दिनांक 24.07.2026 को वादी मुकदमा दिनेश पाण्डेय पुत्र स्व. हीरालाल पाण्डेय निवासी थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना फूलपुर पर लिखित तहरीर दी गई, कि रवि यादव पुत्र शिवमूरत यादव निवासी ग्राम फूलपुर देहात ऊदपुर, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ चोरी की नियत से उनके घर के पिछले दरवाजे से अंदर घुस गया।


**भारत सरकार: रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन**
**मानक नगर, लखनऊ-226011**

संख्या : PGL/Advt/2026 दिनांक : 23.07.2026

**'ई-टेन्डर' निविदा सूचना संख्या टी एल/01A ऑफ 2026**

निदेशक / दूरसंचार-।।, अ.अ.मा.सं., लखनऊ कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के ओपेन टेंडर मोड के माध्यम से विभिन्न टेंडरों को [illegible]

| निविदा सूचना सं0 एवं कार्य का विवरण | बयाना राशि (रू0) | अनुमानित लागत (रू0) |
|---|---|---|
| टी एल / 01A ऑफ 2026 कार्य का नाम – [illegible] G/5G [illegible] | 4,88,600.00 | 2,44,30,806.88 |
| | स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 6 माह निविदा बन्द होने की तिथि : दिनांक 24.08.2026 को 15 : 00 बजे। | |

नोट:-
- इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।
- पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है।
- निविदा दाता के पास क्लास-।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और [illegible] पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये।
- सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

निदेशक/दूरसंचार-।।,अ.अ.मा.सं. लखनऊ
कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से

# खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक हलिया की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख विकास संकेतकों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग को प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण तथा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं आईसीडीएस विभाग को कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, नियमित मॉनिटरिंग एवं पोषण संबंधी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए कहा गया।खंड विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों में सुधार हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लक्षित लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने संकेतकों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराए, जिससे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।बैठक में सीएम फेलो द्वारा आकांक्षी ब्लॉक डैशबोर्ड की वर्तमान प्रगति प्रस्तुत करते हुए कम प्रदर्शन वाले संकेतकों पर विशेष कार्ययोजना एवं सुधारात्मक सुझाव साझा किए गए। सभी विभागों से आगामी समीक्षा बैठक तक निर्धारित लक्ष्यों की संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।बैठक में चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, एनआरएलएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में खंड विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए आकांक्षी ब्लॉक हलिया को विकास के निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।इस दौरान एबीएसए प्रकाश चंद यादव, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया,पशु चिकित्सक कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# असाढ़ महीने में जेठ जैसी तपिश, उमस से लोग बेहाल

## दो दिन की हल्की बारिश के बाद निकली तेज धूप, धान की रोपाई पर गहराया संकट

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों तक झींसा-झांसी के बाद शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले लिया। सुबह सूर्योदय के साथ ही तेज धूप निकलने और बादल छंट जाने से उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। दिनभर चली चिलचिलाती धूप और बढ़ी उमस के कारण लोग बेहाल नजर आए। दोपहर के समय तापमान जेठ की तपती दोपहरी जैसा महसूस हुआ।असाढ़ माह को वर्षा का प्रमुख समय माना जाता है, लेकिन इस बार माह का अधिकांश समय बिना बारिश के ही गुजर रहा है। कहीं-कहीं हुई हल्की फुहारों से लोगों को राहत की उम्मीद जगी थी, लेकिन शुक्रवार को तेज धूप निकलने से वह उम्मीद भी टूटती नजर आई। इधर, खेतों में धान की रोपाई का कार्य पूरे जोर पर होना चाहिए, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने और खेतों में पानी की कमी के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। कई स्थानों पर रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है, जबकि जिन किसानों ने नर्सरी तैयार कर ली है।

उन्हें भी पानी के अभाव में परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह तक अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई गंभीर रूप से प्रभावित होगी और क्षेत्र में सूखे जैसे हालात बनने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बारिश के इंतजार में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर बढ़नी में परिवार नियोजन शिविर, छोटे परिवार के लाभ बताए



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** विश्व जनसंख्या दिवस 2026 के अवसर पर शुक्रवार को मोबियस फाउंडेशन की आकार परियोजना के अंतर्गत जननी संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी परिसर में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के अधीक्षक डॉ. अविनाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अविनाश चौधरी ने कहा कि जननी संस्था पिछले तीन वर्षों से बढ़नी ब्लॉक सहित पूरे जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। संस्था की टीम योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन की स्थायी एवं अस्थायी सेवाओं के प्रति जागरूक करने के साथ ही आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल परिवार के लिए परिवार नियोजन को अपनाना समय की आवश्यकता है।

इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर में लोगों को दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने तथा परिवार पूर्ण होने के बाद स्थायी परिवार नियोजन विधि अपनाने के लाभ बताए गए। जनपद प्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बताया कि जननी संस्था की मोबाइल टीम नियमित रूप से गांवों में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा छोटे परिवार के लाभों के प्रति जागरूक करती है। जरूरतमंद दंपतियों को मौके पर ही परिवार नियोजन की अस्थायी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

शिविर में सर्जन डॉ. पी. कनौजिया, बीसीपीएम राजेश, बीपीएम अरविंद, स्टाफ नर्स अमृता, नंदिता व महिमा, ओटी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन सचिन तथा परिवार नियोजन सलाहकार प्रियंका चतुर्वेदी सहित जननी संस्था की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं योग्य दंपतियों ने भाग लेकर परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।


## कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

### अति-अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना

नगर निगम गोरखपुर द्वारा ग्राम सुथनी सहजनवॉं गोरखपुर स्थापित वेस्ट टू चारकोल प्लान्ट के ट्रान्सफार्मर से प्लान्ट के अन्दर कलेक्शन सेन्टर प्लान्ट तक 150mm x 3.5core केबल लगाये जाने के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपर नगर आयुक्त-II/ वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी, पथ प्रकाश कार्यालय कक्ष मे खोला जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय गोरखपुर को होगा।

निविदा डालने तिथि व समय

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म की बिक्री तिथि व समय | 27.07.2026 से 02.08.2026 तक |
| 2 | निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 03.08.2026, 3:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 03.08.2026, 4:00PM |

कार्यो का विवरण

| क्र.सं. | विवरण | जमानत की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply & Fixing work of 150mm x 3.5mm core cable | 50000.00 | 590.00 |
| 2 | Supply & Fixing work of 400 Amp tpn main switch | | |
| 3 | Supply & Fixing work of 400 Amp Busbar | | |
| 4 | Supply & Fixing work of 150 mm Lag | | |

नोटः इच्छुक ठेकेदारो से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से नगर निगम गोरखपुर की वेबसाइट www.gorakhpurnagarnigam.up.gov.in/नोटिस बोर्ड पर देखते रहें क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाइट व नोटिस बोर्ड पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रभारी अधिकारी
(पथ प्रकाश)
नगर निगम गोरखपुर

## पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्यो के लिये ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0 1:- ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण टेण्डर नं- "15-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-27" [illegible] ₹ 2960866.00, धरोहर राशि(रु0में) ₹ 59200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य-रु शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11.00 बजे, 14.08.2026, संविदा की अवधि: 36 महीना उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें। उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


(बदस्त अवाम फरोख्त के लिए)
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर समाअत अपील की जाय
**बअदालत श्रीमान अपर आयुक्त महोदय देवी पाटन मण्डल गोण्डा**
**अपील बनारजी वाद संख्या- सी202608000000301**
**फखरूद्दीन बनाम अब्दुल कय्यूब**
**ता. पेशी- 13-08-2026**

**बनाम-** 1. अब्दुल कय्यूब उर्फ बर्खुदार अन्सारी पुत्र मोहम्मद मुस्ताक निवासी ग्राम शेखरपुर परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
मुत्तिला हो कि अपील वनाराजी डिगरी इस मुकदमे में मुसम्मी ने पेश किया और वह अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत ने तारीख 13-08-2026 वास्ते समाअत इस अपील को मुकर्रर की है। अगर खुद या आपके कोई वकील या कोई शख्स भी कानून आपकी तरफ से अपील हाजा जवाब सवालात का मजाज न हाजिरी होएगा तो उसका समाअत और तसदीक आपके गैरहाजिर में एकतरफा की जाएगी। आज बतारीख 24 महीना 07 सन 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मेरे अदालत से जारी किया गया।

दस्तखत हाकिम
न्यायालय अपर आयुक्त
देवी पाटन मण्डल, गोण्डा

सी.आर.- 831/L-CN

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अमूल्या जायसवाल (AMULYA JAISWAL) पुत्री संदीप कुमार जायसवाल (SANDEEP KUMAR JAISWAL) हैं. जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख मे अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या. ××××××××0122 मे उसका नाम डिम्पल जायसवाल अंकित हो गया है. जो कि गलत है. भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम अमूल्या जायसवाल पुत्री संदीप कुमार जायसवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मे द्वारा पूर्ण की गयी है.**
**संदीप कुमार जायसवाल**
**पता - वार्ड नं. 23 रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उत्तर प्रदेश**

सी.आर.- 837/D

अदालती सूचना ता.पेशी 10-08-2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 599 वर्ष 2026 श्रीमती संतोष यादव पत्नी स्व.सुरेश कुमार यादव निवासी 11ए रेलवे कालोनी रौजा तह.सदर जिला शाहजहांपुर मो. 9336185124 प्रार्थिनी/वादिनी बनामः-जनसाधारण.. प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती संतोष यादव वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. सुरेश कुमार यादव पुत्र स्व.मिश्रीलाल निवासी 11ए रेलवे कालोनी रोजा तह.सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी श्रीमती संतोष यादव वादिनी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 10-08-2026 वास्ते समा अत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 10-08.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरतं इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 24-07-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.- 838/D-CN


## U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.

(ISO 9001: 2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

### E-Tender Notice

| Sl No. | CODE No. | NAME OF ZONE | NAME OF WORK | TENDER COST (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GKP-40/26 | Gorakhpur Zone | Construction of Clinical ward Block in Kali Hospital at Basti U.P. | [illegible] | 25.07.2026 | 03.08.2026 |
| 2 | DDN-18/26 | North Zone | Extention of Urdu Department Work at C.C.S University, Meerut | 1,36,29,272 | 04.08.2026 | 17.08.2026 |
| 3 | Del-17/26 | Delhi Zone | Special Repair/Maintenance work of Column Plinth & Pathway at Rashtriya Dalit Prerna Sthal and Green Garden, Sector-95, Noida | [illegible] | 31.07.2026 | 03.08.2026 |
| 4 | Del-18/26 | -do- | Special Repair Maintenance work of Ambedkar Statue,Central Park Plaza Area and Toilet work Located on Site No-01802 at Rashtriya Dalit Prerna Sthal and Green Garden, Sector-95, Noida | [illegible] | 31.07.2026 | 03.08.2026 |
| 5 | Ayo-10/26 | Ayodhya Zone | Construction of Multipurpose Hall in Police Line at District Ayodhya | [illegible] | 04.08.2026 | 10.08.2026 |
| 6 | E-II-11/26 | Electrical Zone-2 | SITC of External Electrification work in Residential Building at 44th Battalion PAC Meerut | [illegible] | 30.07.2026 | 10.08.2026 |
| 7 | Pra-30/26 | Prayagraj Zone | Construction of Boundary wall & Main Gate for PAC Company of 12th Battalion PAC Fatehpur District Fatehpur | [illegible] | 27.07.2026 | 31.07.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal http://etender.up.nic.in and UPRNNL website http://www.uprnn.upsdc.gov.in

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-12-सीनि डीईई-लखनऊ-26-02 |
| 2 | कार्य का नाम | [illegible] |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 1,82,41,680.20 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 2,64,800/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | [illegible] |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| 9 | पात्रता मापदंड | [illegible] |

गाड़ियों की छतों पर यात्रा न करें

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या 155-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर [illegible]

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 155-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 23.07.2026 |
| निविदा संख्या | 155-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 |
| कार्य का नाम | [illegible] |
| निविदा प्रपत्र लागत | [illegible] |
| लक्षण निविदा मूल्य | ₹ 23,13,26,063.37/- |
| बोली सुरक्षा | ₹ 46,26,500/- |
| समापन की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 23.07.2026 |
| जिस तिथि तक टेंडरर आवेदन/परिशिष्ट/संशोधन जमा कर सकता है | 03.08.2026 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 17.08.2026 (15.00 Hrs) |
| पात्रता मापदंड | [illegible] |

No. 155-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 Dt. 23.07.2026

गाड़ियों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बैंक ऑफ इंडिया BOI Bank of India

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोनः 0522-2721512

अधिग्रहण सूचना

[illegible]

| क्र. सं. | उधारकर्ता / जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण / सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना / अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| | शाखा : चिनहट, लखनऊ | | |
| 1. | [illegible] | [illegible] | ₹ 1,63,26,164.91 + ब्याज व अन्य खर्च; मांग सूचना दिनांक : 07.05.2026; कब्जा नोटिस दिनांक : 22.07.2026 |

दिनांक : 22.07.2026 स्थान : चिनहट, लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०) टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यावसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवंटियों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तान्तरण / नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / दुकान संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | [illegible] | [illegible] | विशेष खण्ड गोमती नगर | 17.08.2019 | [illegible] | | पुत्रगण |
| 2. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 20.06.2008 24.04.2012 | [illegible] | | पुत्रगण एवं पुत्रियॉ |
| 3. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 06.06.2005 10.02.2024 | [illegible] | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पुत्र |
| 4. | [illegible] | [illegible] | गोमती नगर योजना | 12.10.2017 | [illegible] | [illegible] | पत्नी पुत्री पुत्र |
| 5. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 16.12.2015 | [illegible] | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पौत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर दिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव


इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर समाअत अपील व निगरानी
**न्यायालय अपर आयुक्त न्यायिक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज**
**अपील/ निगरानी C.202.00200001026 सन् 2020**
**जिला कौशाम्बी**
**त्रिभुवन नाथ.........अपीलकर्ता**
**बनाम**
**भान सिंह आदि.........प्रतिवादी**
1.भान सिंह पुत्र दुबरी
निवासी- ग्राम चन्दूपुर अमरायान
परगना-चायल, तहसील-चायल
जिला- कौशाम्बी
2.सोहन पुत्र दुबरी
3.शिव लाल
4.कमलेश पुत्रगण जगदेव
निवासीगण-ग्राम - चन्द्रपुर, अमरायन परगना व तहसील चायल जनपद- कौशाम्बी
5.उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर कौशाम्बी
6.ग्राम सभा / भूमि प्रबन्धक समिति चन्दूपुर अमरायन परगना व तहसील - चायल जनपद- कौशाम्बी
आपको यह सूचना दी जाती है कि तारीख.....दिन.29... वर्ष 2026 माह. 07. समय दस बजे अपील/निगरानी की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अपील/निगरानी की सुनवाई करके आपकी अनुपस्थित में निर्णय कर दिया जायेगा।
**नियत तिथि -29/07/2026**
**अधीक्षक आयुक्त मण्डल इलाहाबाद**

सी.आर.- 837/D-CN

अदालती सूचना तारीख पेशी 30.07.2026 इत्तिलानामा/सम्मन बनाम रेस्पोन्डेन्ट ,न्यायालय उप संचालक चकबंदी, शाहजहांपुर अपील संख्या- 20265412610000123 धारा 48 (1) सी.एच. एक्ट ग्राम कुतुआपुर इ0 बरेंग परगना जमौर तहसील सदर,शाहजहांपुर श्रीमती रामवती बनाम खुशीराम आदि सम्मन बनाम उत्तरदाता गण 1. खुशीराम पुत्र मेवाराम नि0ग्राम गुलड़ा उर्फ नौगवां परगना जमौर तहसील सदर जिला शाहजहांपुर।2. नरपति 3. राम आसरे 8पुत्रगण गेंदन लाल नि0ग्राम कुतुआपुर इ0 बरेंग परगना जमौर तहसील सदर शाहजहांपुर।उपरोक्त निगरानी में निगरानीकर्तागण ने चकबन्दी अधिकारी सदर के वाद संख्या 202254126127011716 धारा 9 (क) 2 सी.एच. एक्ट, रामआसरे बनाम नरपति, ग्राम कुतुआपुर इ0 बरेंग परगना जमौर तारीख फैसला 12.08.2025 व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के अपील संख्या 20255412610000211 धारा 11 (1) सी0एच0 एक्ट श्रीमती रामवती बनाम खुशीराम आदि तारीख फैसला 21.05.2026 के विरूद्ध निगरानी योजित की है जिसमें दिनांक 30.07.2026 की नियत है। अतः उत्तरदातागण को सूचित किया जाता है कि वह नियत दिनांक 30.07.2026 को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या मार्फत वकील के हाजिर हों और निगरानी उपरोक्त में अपनी पैरवी करें।नियत तिथि पर उत्तरदातागण के उपस्थित न होने पर उनकी गैर हाजरी में निगरानी की एक पक्षीय अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।यह सम्मन आज दिनांक23.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। आज्ञा से उप संचालक चकबंदी, शाहजहांपुर।

सी.आर.- 838/D-CN


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

## सूचना

मैंने अपने पुत्र का नाम ऋषभ से बदलकर ऋषभ सिंह सक्सेना रख लिया है। भविष्य में उसे ऋषभ सिंह सक्सेना के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। नमन कुमार सक्सेना पुत्र- स्व. त्रिभुवन कुमार सक्सेना, निवासी-258, तेज़ाब मिल कैंपस, 84/63, अनवरगंज, कानपुर नगर, रायपुरवा, पिन-208003.
**सी.आर.- 836/L-38**

## सूचना

मैने छोटे पुत्र शाहनूर को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। साबिरअली नि.मो.ककराकलां तह .सदर, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 838/D-25**

## सूचना

मेरा बैनामा स्थित गाटा संख्या -103 रकवा -1.1820 हे0 114 यानि 0.295 घासो पाली जिला हरदोई वास्तव में खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।गुड़ियावाजपेई पत्नी सुशील वाजपेई नि.मो. नवादाइंदेपुर सदर शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 838/D-27**

## सूचना

अपने पुत्र मयंकगोयल पुत्रवधू पूजा को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिये। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। कंचनगोयल पत्नी हरप्रकाशगोयल नि.मो. दलेलगंज,थाना आरसीमिशन, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 838/D-25**

## सम्बंध विच्छेद

मैने पुत्र विशाल को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजेशकुमार पुत्र बाबूराम नि.मो., चौक थाना कोतवाली, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 838/D-25**

## सूचना

मैंने अपना नाम कु0 प्रिया अमृता इसाक से बदलकर नया नाम विवाह के बाद प्रिया डेनियल रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रिया डेनियल W/o अनिल डेनियल, नि.- 2/784, कम्यूनिटी सेंटर के पास से.-एच, जानकीपुरम, लखनऊ।
**सी.आर.- 830/L-35**

## सूचना

मेरे पति राजेश कुमार त्रिपाठी Hav.(A/No.15676876W) के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गल्ती से कुसुम त्रिपाठी दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम श्रीमती कुसुम लता है, जो आधार कार्ड में एवं 10th के अंकपत्र में भी दर्ज है। कृपया इसे सुधार कर अंकित किया जाये।
**सी.आर.- 835/L-35**

## सूचना

मेरा नाम इंडियन बैंक के खाते मे शैलेश कुमार उर्फ अंगद अंकित है, जो कि अशुद्ध है, मेरे आधार मे विशू यादव अंकित है,जो कि शुद्ध है, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। विशू यादव पुत्र सुरेश यादव नि.-पाण्डेय का पुरवा हाता, बेंती, कुंडा प्रतापगढ़।
**सी.आर.- 834/D-35**

## बेदखली सूचना

मैं, विपिन बिहारी शुक्ला पुत्र गिरिजा दयाल शुक्ला निवासी ग्राम-पसगवां, थाना-पसगवां, तहसील-मोहम्मदी, जिला-खीरी ने अपने दोनों पुत्रों धर्मेन्द्र प्रकाश शुक्ला उर्फ गुड्डू व सन्तोष प्रकाश को उनके कुकृत्यों के चलते दिनांक 24-07-2026 से अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उनके किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।
**सी.आर.- 833/D-50**

## सूचना

मैंने अपने पुत्र शुभम को गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। सुधीर कुमार पुत्र स्व0 दीन दयाल निवासी खुटार रोड, मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना, थाना-कोतवाली व नगर गोला गोकर्णनाथ, जिला-खीरी।
**सी.आर.- 832/D-48**


स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, शनिवार, 25 जुलाई 2026

# राष्ट्रपति रहते डोनाल्ड ट्रंप हुए ज्यादा अमीर

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वित्तीय लेनदेन और लगातार बढ़ती निजी संपत्ति एक बार फिर वैश्विक बहस का विषय बन गई है। सामने आई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति

- छह वर्षों में हुई तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी
- इस समय छह अरब डॉलर पहुंची संपत्ति

पद संभालने के बाद ट्रंप की कुल संपत्ति में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। इस तेज उछाल के पीछे क्रिप्टोकरेंसी (डिजिटल मुद्रा) में निवेश और विदेशी बाजारों से हुई कमाई को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

फोर्ब्स की अरबपतियों की आधिकारिक सूची के अनुसार, वर्ष 2017 में डोनाल्ड ट्रंप की कुल संपत्ति 3.5 अरब डॉलर (करीब 29,225 करोड़ रुपये) थी। वहीं, मार्च 2026 में जारी फोर्ब्स के ताजा मूल्यांकन के मुताबिक उनकी संपत्ति बढ़कर 6.5 अरब डॉलर (करीब 62,917.5 करोड़ रुपये) पहुंच गई। यानी छह वर्षों में उनकी संपत्ति में लगभग तीन अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। जून 2026 में जारी ट्रंप की 927 पन्नों की अनिवार्य सरकारी वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पिछले एक वर्ष में केवल क्रिप्टो से जुड़े कारोबार और निवेश के जरिए ही 1.4 अरब डॉलर से अधिक की आय अर्जित की। रिपोर्ट से यह संकेत मिलता है कि डिजिटल परिसंपत्तियों




में उनके निवेश ने उनकी कुल संपत्ति बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में विस्तार से यह विश्लेषण किया गया है कि ट्रंप की संपत्ति में आई यह अप्रत्याशित बढ़ोतरी केवल बाजार की सामान्य तेजी और उनकी कारोबारी समझ का परिणाम है या फिर राष्ट्रपति के रूप में लिए गए फैसलों और सरकारी नीतियों का भी इसमें कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव रहा है। इसी वजह से उनके वित्तीय हितों और संवैधानिक जिम्मेदारियों के बीच संभावित टकराव को लेकर बहस तेज हो गई है। रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद अमेरिका के साउथ जर्सी, कंबरलैंड और केप मे काउंटी समेत कई इलाकों के मतदाताओं ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है। आलोचकों का कहना है कि सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के निजी वित्तीय हितों और सरकारी निर्णयों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# होर्मुज पर जंग तेज : ईरान पर लगातार 13वीं रात हमला

**तेहरान/वॉशिंगटन।** होर्मुज को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव लगातार गहराता जा रहा है।

- हूतियों ने सऊदी के दो टैंकरों को बनाया निशाना

अमेरिकी सेना ने गुरुवार को ईरान पर लगातार 13वीं रात हमले किए। वहीं, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने लाल सागर में सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इन घटनाओं ने पूरे पश्चिम एशिया में संघर्ष के और फैलने की आशंका बढ़ा दी है।

इसका असर वैश्विक बाजार पर भी दिखा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि ताजा हमलों का उद्देश्य ईरान की उस क्षमता को कमजोर करना है, जिसके जरिए वह क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। अमेरिका का कहना है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में अंतरराष्ट्रीय नौवहन को सुरक्षित और सामान्य बनाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी हमलों के कुछ ही समय बाद ईरान के सरकारी मीडिया ने बंदर अब्बास और केशम द्वीप के पास, जो होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित हैं, धमाकों की जानकारी दी। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों एंडिमेश्क और ओमिदियेह के आसपास भी विस्फोटों की खबर सामने आई।

हालांकि, इन धमाकों से हुए नुकसान की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस बीच हूती विद्रोहियों ने एक और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्ग को बाधित करने की धमकी दी है। पहले ही ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो चुकी है।

सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। ऐसे में कई देश अब वैकल्पिक शिपिंग रूट तलाशने में जुट गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा कि यदि जहाजों पर हमले जारी रहे तो हूती विद्रोहियों को 'कड़ी सैन्य सजा' दी जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि भविष्य में ऐसे हमले दोबारा हुए तो अमेरिका इसके लिए सीधे ईरान को जिम्मेदार मानेगा, क्योंकि हूती संगठन ईरान के समर्थन से काम करता है। ट्रंप ने कहा कि ईरान और हूतियों–दोनों को इसका गंभीर सैन्य परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### तेल सौ डालर प्रति बैरल पर पहुंचा

लगातार बढ़ते तनाव का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत गुरुवार को छह प्रतिशत से अधिक उछलकर लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। यह मई में हुए अस्थायी शांति समझौते के बाद का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहा तो वैश्विक महंगाई और ऊर्जा संकट और गहरा सकता है।

## एक नज़र

### सऊदी अरब के परमाणु समझौते में इस्राइल की एंट्री

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब के बीच हुए परमाणु समझौते को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता केवल ऊर्जा और अन्य असैन्य जरूरतों के लिए है, लेकिन इसकी एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि सऊदी अरब को अब्राहम समझौते के तहत इस्राइल के साथ अपने संबंध सामान्य करने होंगे। ट्रंप ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दी। यह शर्त उस समय सार्वजनिक नहीं की गई थी, जब अमेरिका के ऊर्जा विभाग ने समझौते की घोषणा की थी। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि इस समझौते के तहत किसी भी प्रकार का यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौता केवल गैर-सैन्य उपयोग से जुड़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पूरा समझौता इस बात पर निर्भर करेगा कि सऊदी अरब अब्राहम समझौते में शामिल होकर इस्राइल के साथ अपने संबंध सामान्य करे। अब्राहम समझौता ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका की मध्यस्थता में हुआ था। इसके तहत संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को जैसे मुस्लिम बहुल देशों ने इस्राइल के साथ संबंध सामान्य किए थे।

### यॉर्क में दो लोगों पर चाकू से हमला

पुलिस और ममदानी ने जताई हेट क्राइम की आशंका

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मैनहैटन के अपर वेस्ट साइड इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने राउल मोरालेस को दोनों मामलों में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि जांच अधिकारी हमलों के पीछे की वजह की जांच कर रहे हैं। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह नफरत फैलाने वाले अपराध का मामला है। न्यूयॉर्क शहर की पुलिस आयुक्त जेसिका एस टिश ने गुरुवार (स्थानीय समय) को जारी बयान में कहा कि दोनों पीड़ितों (एक एशियाई और एक यहूदी व्यक्ति) को माउंट सीनाई सेंट ल्यूक्स अस्पताल ले जाया गया है। दोनों के ठीक होने की उम्मीद है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, आज दोपहर अपर वेस्ट साइड में दो अलग-अलग हमलों में दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। दोनों पीड़ित को माउंट सीनाई सेंट ल्यूक्स अस्पताल ले जाया गया है और दोनों के बचने की उम्मीद है।

### हिटलर के जन्मस्थान में अब पुलिस स्टेशन


नाजी समर्थकों की 'तीर्थयात्रा' रोकने के लिए ऑस्ट्रिया ने इमारत बदली

**वियना।** जर्मनी की सीमा के पास ऑस्ट्रिया के ब्राउनाउ एम इन शहर में एडॉल्फ हिटलर के जन्मस्थान की इमारत ने बुधवार से नई भूमिका शुरू कर दी। अब यहां पुलिस स्टेशन बनाया गया है। ऑस्ट्रिया सरकार को उम्मीद है कि इससे यह जगह नव-नाजियों के लिए 'तीर्थस्थल' नहीं बनेगी। यह इमारत कई सालों तक निजी स्वामित्व में रही थी और यहां दिव्यांग लोगों के लिए काम करने वाली एक चैरिटी संस्था भी थी। लंबे विवाद के बाद ऑस्ट्रिया सरकार ने 2017 में इसे अनिवार्य रूप से अपने कब्जे में लिया और 2019 में इसे पुलिस स्टेशन में बदलने की घोषणा की थी। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय के इतिहास विभाग के प्रमुख स्टीफन म्लचोज ने इमारत के दौरे के दौरान पत्रकारों से कहा कि इसका उद्देश्य एडॉल्फ हिटलर से जुड़ी किसी भी पहचान को रोकना और इस जगह से जुड़ी रहस्यमयी छवि को खत्म करना है। इमारत के सफेद बाहरी हिस्से पर अब सिर्फ 'क्ष्श्द्यद्बष्द्ग' लिखा है। इसके अलावा फुटपाथ पर माउथहाउसन कॉन्सन्ट्रेशन कैंप से लाया गया एक पत्थर पहले की तरह मौजूद है। उस पर 'फासीवाद फिर कभी नहीं' लिखा है, लेकिन इसमें हिटलर का नाम नहीं है। हिटलर का जन्म 1889 में इसी इमारत में हुआ था। हालांकि, म्लचोज के मुताबिक वह यहां सिर्फ कुछ हफ्ते रहा था। इसके बाद उसका परिवार यहां से दूसरी जगह चला गया।

# 'ईरान पर होगा सबसे बड़ा हमला'

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के बादल एक बार फिर काले और गहरे हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर एक और बेहद बड़ा सैन्य हमला करने का मन बना रहे हैं।

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की खुली चेतावनी
- क्या फिर शुरु होगा विनाशकारी युद्ध?



ट्रंप ने खुद इसका खुलासा एक हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने साफ कहा कि यह हमला इस साल की शुरुआत में चलाए गए 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' से भी कहीं ज्यादा भयानक और बड़ा हो सकता है। 'एक्सियोस' को दिए इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े हमले के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि आखिरी और आधिकारिक फैसला लेना अभी बाकी है। दूसरी तरफ, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सेना को अभी तक कोई नई आधिकारिक गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। ट्रंप ने यह भी कहा कि मैं एक बहुत बड़े हमले पर विचार कर रहा हूं। यह पहले के किसी भी हमले से बहुत बड़ा होगा। मैं फैसला लेने के बहुत करीब हूं। हमारी तैयारियां पूरी तरह से पुख्ता हैं। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राइली सेना तुरंत इस मिशन में शामिल हो सकती है। लेकिन अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए किसी दूसरे देश की मदद की जरूरत नहीं है। राजनीतिक जानकारों और मध्यस्थों के अनुसार, ट्रंप का मानना है कि ईरानी अधिकारियों को जब तक पूरी तरह से दर्द महसूस नहीं होगा, तब तक वे झुकेंगे नहीं। ईरान ने बातचीत की मेज पर दिए गए ताजा समझौते के प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। मध्यस्थता में जुटे सूत्रों का कहना है कि वे लगातार कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ईरान की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।

# लंदन के लग्जरी होटल में सऊदी राजकुमार की मौत

## शराब, जांच में मिसएडवेंचर का निष्कर्ष

**लंदन।** सऊदी अरब के 29 वर्षीय राजकुमार अब्दुल्ला बिन फहद बिन अब्दुल्ला बिन अब्दुलअजीज बिन जलावी अल सऊद की लंदन के एक लग्जरी होटल में मौत हो गई। ब्रिटेन की कोरोनर कोर्ट में हुई जांच में सामने आया कि उनकी मौत शराब, पार्टी ड्रग और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के घातक मिश्रण के सेवन से कार्डियक अरेस्ट के कारण हुई। राजकुमार पिछले 19 नवंबर को लंदन के मैरियट होटल, केंसिंग्टन में ठहरे थे। 25 नवंबर को होटल के पांचवीं मंजिल के कमरे के बाथरूम में वे मृत मिले। असिस्टेंट कोरोनर जीन हार्किन ने मौत को 'मिसएडवेंचर' यानी अनजाने में हुई घातक घटना माना। कोर्ट में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला कि राजकुमार ने आत्महत्या करने की योजना बनाई थी। इनर वेस्ट लंदन कोरोनर कोर्ट में पेश टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट के मुताबिक, राजकुमार के खून में अल्कोहल का स्तर 222एमजी प्रति 100ण्मण्ल था। यह इंग्लैंड में ड्रिंक-ड्राइविंग की कानूनी सीमा से करीब तीन गुना ज्यादा है। विशेषज्ञों ने कोर्ट को बताया कि सिर्फ इतना अल्कोहल भी कोमा की स्थिति पैदा करने के लिए पर्याप्त हो सकता था। राजकुमार ने करीब 600 यूरो प्रति रात के किराए वाले होटल में एक सप्ताह ठहरने के लिए चेक-इन किया था। मौत से एक शाम पहले उन्हें होटल के सीसीटीवी में आखिरी बार जिंदा देखा गया। कोर्ट को बताया गया कि राजकुमार को शराब के दुरुपयोग और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं पर निर्भरता की समस्या थी।

# अमेरिकी टैरिफ का देंगे जवाब : कनाडा

**वैंकूवर।** कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा, अमेरिका के साथ एक व्यापक व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत तेज

- कार्नी बोले हमारे पास विकल्प मौजूद

कर रहा है। लेकिन अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के सामान पर 50 फीसदी नये टैरिफ लगाने की धमकी लागू होती है, तो कनाडा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ट्रंप ने सोमवार को नए टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होने वाले हैं।



पीएम कार्नी ने प्रिंस एडवर्ड आइलैंड के चार्लेटटाउन में कनाडा के प्रांतों और क्षेत्रों के नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद कार्नी ने कहा, अगर ये टैरिफ या कोई और कदम लागू होते हैं, तो हमारे पास जवाब देने के कई विकल्प मौजूद हैं। कार्नी ने कहा कि अगर टैरिफ लागू होने से पहले कोई समझौता नहीं हो पाता, तो 'हर विकल्प खुला है।' उन्होंने कहा, हमें पहले से जवाब देने की जरूरत नहीं है। इस समय पहले से जवाब देना उल्टा नुकसान पहुंचा सकता है। कार्नी ने कहा कि हो सकता है अमेरिका टैरिफ लगाने की धमकी का इस्तेमाल बातचीत में दबाव बनाने के लिए कर रहा हो।

उन्होंने कहा, हमने देखा है कि अमेरिका की कई व्यापार वार्ताओं में एक तय समय सीमा होती है। आमतौर पर उस समय सीमा के साथ बहुत बड़ा टैरिफ लगाने की चेतावनी भी जुड़ी होती है। कार्नी का मानना है कि अमेरिका के अधिकारी व्यापार समझौता करने के इच्छुक हैं। प्रिंस एडवर्ड आइलैंड के प्रधानमंत्री रॉब लैंट्ज ने कहा कि सभी प्रांत और केंद्र सरकार एकजुट हैं। उन्होंने कहा, हमें पूरे कनाडा की एकजुट रणनीति अपनानी होगी। जब प्रांत, क्षेत्र और केंद्र सरकार मिलकर काम करते हैं, तब कनाडा सबसे मजबूत होता है।

# राष्ट्रपति मुर्मु की रोमानिया यात्रा से बदले समीकरण

**नई दिल्ली।** भारत और रोमानिया ने गुरुवार को आर्थिक सहयोग को अपनी द्विपक्षीय साझेदारी का अहम स्तंभ बताते हुए अगले तीन वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया। साथ ही दोनों देशों ने फार्मास्यूटिकल्स, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। यह घोषणा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की रोमानिया यात्रा के दौरान हुई, जो पिछले तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली आधिकारिक यात्रा है।

- एआई से ग्रीन एनर्जी तक साथ चलेंगे दोनों देश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल और संस्कृति से जुड़े तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और रोमानिया के बीच सात दशकों से अधिक पुरानी मित्रता आपसी विश्वास, सम्मान और मजबूत जन-से-जन संबंधों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि समय के साथ यह साझेदारी लगातार मजबूत हुई है और अब यह अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों, गहरे सहयोग और साझा भविष्य की नई दिशा में आगे बढ़ रही है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आर्थिक सहयोग दोनों देशों की साझेदारी का महत्वपूर्ण आधार है। दोनों देश व्यापार और निवेश को बढ़ावा देंगे, आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को मजबूत करेंगे और दोनों देशों के उद्योगों के बीच घनिष्ठ सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है।

# यरुशलम में भारतीय व्यक्ति की हत्या

**यरूशलम।** यरुशलम के कटामोन इलाके में गुरुवार को 40 साल के भारतीय व्यक्ति का शव एक घर में मिला। पुलिस के मुताबिक, शव फर्श पर पड़ा था और उसके आसपास काफी खून था। इजराइल पुलिस ने हत्या के शक में 31 साल के एक इजराइली नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में मामला आपराधिक प्रकृति का लग रहा है। मृतक और संदिग्ध की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। यरुशलम जिला कमांडर अवशालोम पेलेड भी मौके पर पहुंचे और जिला अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन किया। पेलेड ने शुरुआती आकलन के बाद जांच जारी रखने के निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक, मृतक 40 साल का भारतीय प्रवासी कामगार था।


**आश्चर्यजनक** | चूहों पर किए अध्ययन में आया चकित कर देने वाल तथ्य

# दिल का भी होता है 'छोटा दिमाग'

**न्यूयॉर्क।** हृदय केवल मस्तिष्क के आदेश पर ही काम नहीं करता, बल्कि उसके भीतर मौजूद अपना एक सूक्ष्म तंत्रिका तंत्र भी उसकी

- तनाव में भी धड़कन को रखता है सामान्य


धड़कनों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चूहों पर किए गए एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि हृदय के भीतर मौजूद कुछ विशेष तंत्रिका कोशिकाएं तनाव की स्थिति में भी दिल की सामान्य कार्यप्रणाली बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। यह खोज भविष्य में हृदय रोगों के अधिक सटीक और प्रभावी उपचार विकसित करने का रास्ता खोल सकती है। जर्नल सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में येल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने हृदय के भीतर मौजूद आंतरिक तंत्रिका तंत्र (इंट्रिंसिक कार्डियक नर्वस सिस्टम) का विस्तृत अध्ययन किया। शोधकर्ताओं का कहना है कि अब तक यह माना जाता था कि हृदय की अधिकांश तंत्रिका कोशिकाएं लगभग एक जैसी होती हैं, लेकिन नए अध्ययन से पता चला है कि अलग-अलग प्रकार की ये कोशिकाएं अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, जिस तरह पाचन तंत्र में मौजूद जटिल तंत्रिका नेटवर्क को अक्सर शरीर का 'दूसरा मस्तिष्क' कहा जाता है, उसी तरह हृदय के भीतर भी एक स्वतंत्र तंत्रिका तंत्र मौजूद होता है। यह नेटवर्क हृदय के चारों ओर स्थित वसा ऊतक में फैला रहता है। इसकी तंत्रिका कोशिकाएं मस्तिष्क से आने वाले संकेतों को ग्रहण करने के साथ-साथ आपस में भी संदेशों का आदान-प्रदान करती हैं और अंततः हृदय की धड़कनों तथा उसकी कार्यप्रणाली को नियंत्रित करती हैं। हृदय के ऊतक में मौजूद कुल कोशिकाओं का केवल लगभग 0.01 प्रतिशत हिस्सा ही इन तंत्रिका कोशिकाओं का होता है। यही वजह है कि अब तक इनके वास्तविक कार्यों को समझना वैज्ञानिकों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। इस समस्या को दूर करने के लिए शोधकर्ताओं ने आनुवंशिक रूप से संशोधित चूहों का उपयोग किया, जिससे हृदय की सभी तंत्रिका कोशिकाओं की स्पष्ट पहचान संभव हो सकी। इसके बाद वैज्ञानिक उनके व्यवहार और अलग-अलग भूमिकाओं का विस्तार से अध्ययन कर सके।




# चार माह 22 दिन बाद 34 मासूमों का अंतिम संस्कार

**तेहरान।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष के पहले दिन, 28 फरवरी को ईरान के मिनाब शहर स्थित शजरे तैय्यबा प्राथमिक विद्यालय पर बमबारी की गई थी। इस हमले में 68 स्कूली बच्चियों के शरीर क्षत-विक्षत अवस्था में मिले थे। इनमें से केवल 34 बच्चों की ही पहचान हो सकी। 22 जुलाई को जब इन मासूमों के ताबूत अंतिम संस्कार के लिए निकाले गए तो पूरा मिनाब शहर गम में डूब गया। हर ओर मातम, आंसू और सन्नाटा पसरा था। हमले के बाद बचाव दलों को मलबे से बच्चों के शरीरों के केवल टुकड़े ही मिले थे। इनकी पहचान करना बेहद मुश्किल था। महीनों तक चले जटिल डीएनए परीक्षण के बाद करीब चार माह 22 दिन में 34 बच्चों की पहचान संभव हो सकी।

## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089